राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 35, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली मंगलवार 22 अगस्त 2023, मूल्य : 1.50/-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334

**मुख्य अपडेट**

तेरह साल बाद निगम कर्मचारियों को मिलने लगी पहली तारीख को तनख्वाह : केजरीवाल .... पेज 03

निठारी कांड के आरोपियों की सजा के खिलाफ सुनवाई 12 सितंबर को .... पेज 05

10 खिलाड़ियों से खेल रही वेस्ट हैम ने चेल्सी को 3-1 से दी शिकस्त .... पेज 07

## पत्नी - बेटी की हत्या कर, खुद की आत्महत्या

एजेंसी

**मुंबई** ।महाराष्ट्र के पुणे जिले में सोमवार को 37 वर्षीय एक महिला पुलिस अधिकारी और उसकी दो वर्षीय बेटी की हत्या कर दी गई।उसने कथित तौर पर चाकू मारकर दोनों को मौत के घाट उतरा दिया।बाद में उसने खुद भी एक कुएं में फांसी लगा ली। एक अधिकारी ने बताया कि यह दोहरी हत्या पिंपरी-चिंचवड़ तालुका के चिखली गांव में किशोर कुटे और उनकी पत्नी वर्षा दंडाडे कुटे के घर पर हुई।मृतक वर्षा चिखली थाने में पदस्थ थी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि जब वर्षा रात की ड्यूटी के बाद सोमवार सुबह घर लौटी तो उसका और पति किशोर का झगड़ा हो गया। गुस्से में किशोर ने एक धारदार हथियार उठाया और वर्षा पर हमला कर दिया। उसने अपनी दो साल की बेटी पर भी चाकू से हमला कर दिया। दोनों की हत्या करने के बाद किशोर अपनी मोटरसाइकिल पर गंगलगांव गांव गया, जहां उसने एक कुएं में रस्सी का इस्तेमाल कर फांसी लगा ली।

## मणिपुर में कुकी गुट ने हाईवे पर फिर की नाकेबंदी

कांगपोकपी। मणिपुर के कांगपोकपी जिले में नेशनल हाईवे पर अनिश्चितकाल नाकेबंदी दोबारा शुरू हुई है। राज्य का एक आदिवासी संगठन पहाड़ी इलाकों में रहने वाले कुकी-जो समुदायों के लिए जरूरी चीजों की पर्याप्त सप्लाई की मांग कर रहा है। इसे लेकर सोमवार को कांगपोकपी में 2 राजमार्गों पर अनिश्चितकाल के लिए नाकेबंदी शुरू की गई।नगालैंड के दीमापुर से इंफाल को जोड़ने वाले नेशनल हाईवे संख्या-2 (एनएच-2) और असम के सिलचर को इंफाल से जोड़ने वाले नेशनल हाईवे 37 (एनएच-37) को



बाधित किया गया। कमिटी ऑफ ट्राइबल यूनिटी सदर हिल्स कांगपोकपी की ओर से नेशनल हाईवे को ब्लॉक किया गया है। एक अधिकारी ने बताया, आदिवासी संगठन के स्वयंसेवकों की ओर से सड़क बाधित करने की अपील की जा रही है।इन लोगों को गाड़ियों को रोकने की मांग करते कांगपोकपी की कुछ जगहों पर सड़कों पर आते देखा गया। सीओटीयू सचिव लाम्मिनलुन सिंगसित ने इसे लेकर 17 अगस्त को चेतावनी थी।

उन्होंने कहा था, अगर राज्य के पहाड़ी

### मेइती पर सप्लाई रोकने का लगाया आरोप

इलाकों में रहने वाले कुकी-जो समुदायों के लिए आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति सुनिश्चित नहीं की जाएगी तो एनएच-2 और एनएच-37 पर दोबारा नाकेबंदी कर दी जाएगी।

**मेइती गुट पर सप्लाई रोकने का लगाया आरोप**

सीओटीयू के मीडिया सेल कोऑर्डिनेटर लून किपगेन ने कहा, 2 नेशनल हाईवे की आर्थिक नाकेबंदी इसलिए लगाई गई क्योंकि मेइती गुट दवाओं सहित आवश्यक वस्तुओं को हमारे क्षेत्रों तक पहुंचने से रोक रहे हैं। केवल दवाओं की सप्लाई को नाकाबंदी से छूट दी जाएगी, जो कुकी क्षेत्रों में सामानों की सुचारू आवाजाही होने तक जारी रहेगी। किपगेन ने कहा कि नाकेबंदी के दौरान जरूरी वस्तुओं को बिना सुरक्षा कवर के ले जाने की इजाजत होगी। हम चाहते हैं कि केंद्र मणिपुर सरकार को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दे। हम ऐसा करने के लिए मजबूर हैं।

# उत्तराखंड के टिहरी में भूस्खलन; चार की मौत

### हिमाचल-उत्तराखंड समेत 7 राज्यों में दो दिन भारी बारिश का अलर्ट

टिहरी ।उत्तराखंड में बारिश आफत बनती जा रही है। भारी बारिश के बाद भूस्खलन से लोगों की जान पर बन आई है।उत्तराखंड के टिहरी जिले के चंबा पुलिस स्टेशन के पास पार्किंग स्थल पर सोमवार को भारी भूस्खलन हुआ।भूस्खलन की वजह कई गाड़ियां दब गई हैं।अधिकारियों ने बताया कि मलबे में चार लोगों के शव निकाले गए हैं।जिला प्रशासन के अधिकारियों, स्थानीय पुलिस और एसडीआरएफ की टीमों ने मलबे में दबे लोगों के लिए खोज और बचाव अभियान शुरू किया है। हादसे की चपेट में आए लोग



भूस्खलन के समय पार्किंग स्थल में खड़े अपने वाहन में मौजूद थे। भूस्खलन से ऋषिकेश-टिहरी-उत्तरकाशी हाईवे भी अवरुद्ध हो गया है। टिहरी जिलाधिकारी टिहरी मयूर दीक्षित और मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार मौके पर पहुंचे और अधिकारियों को आसपास के घरों के निवासियों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित करने और मलबे को शीघ्र हटाने के लिए अधिक जेसीबी मशीनें भेजने का निर्देश दिया।टिहरी के जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी ब्रिजेश भट्ट ने बताया कि गाड़ियों के अंदर तीन लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका है, जिनमें से एक के दो बच्चों वाली महिला होने की बात कही जा रही है, लेकिन दबे हुए लोगों की वास्तविक संख्या क्या होगी? वाहन का मलबा बाहर निकालने के बाद ही इसकी पुष्टि की जाएगी। एसडीआरएफ, पीडब्ल्यूडी, पुलिस, राजस्व और अग्निशमन विभाग की टीमें इलाके में पहुंच गई हैं और अतिरिक्त छह जेसीबी मशीनें तैनात करके मलबा हटाने का काम शुरू कर दिया है।

## एलओसी पर घुसपैठ की कोशिश नाकाम : दो आतंकी ढेर

### सेना को खुफिया जानकारी मिली थी

श्रीनगरञ जम्मू-कश्मीर के पुंछ में बालाकोटे गांव के पास सोमवार को एलओसी के पार कर रहे दो पाकिस्तानी आतंकवादी मारे गए।रक्षा विभाग के पीओके ने एक बयान में कहा कि खुफिया एजेंसियों और पुलिस से प्राप्त सूचनाओं से एलओसी पर आतंकवादियों की मौजूदगी की खबर मिली है। इन सूचनाओं के आधार पर निगरानी ग्रिड को सतर्क कर दिया गया था।

कश्मीर पुलिस और इंडियन आर्मी ने जॉइंट ऑपरेशन के दौरान 15 अगस्त से पहले 6 आतंकियों को गिरफ्तार किया था।इनके पास से गोला-बारूद और हथियार बरामद किए गए।पहला मामला 9 अगस्त की रात का है, जहां कोकेरनाग के एथलान गडोले में तीन आतंकी पकड़े गए। मुठभेड़ के दौरान सेना के जवान समेत 3 लोग घायल हुए।

दूसरा मामला बारामूला के उरी का है, जहां सुरक्षाकर्मियों ने लश्कर के 3 आतंकी पकड़े।इनके खिलाफ यूएपीए और आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। बारामूला पुलिस और



सेना की 16 सिख लाइट इन्फैंट्री के सुरक्षा बलों ने पेट्रोलिंग के दौरान चुरुंडा उरी में एक संदिग्ध को देखा। सुरक्षाबलों को देखकर वह भागने लगा, लेकिन सुरक्षाबलों ने उसे दबोच लिया।उसकी पहचान उरी के निवासी शौकत अली अवान के रूप में हुई। उसके पास से दो ग्रेनेड बरामद हुए।

## 'इंडिया' गठबंधन की बैठक में शरीक होगी आप : केजरीवाल

नयी दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने 'इंडिया' गठबंधन में आम आदमी पार्टी (आप) के शामिल होने की आज पुष्टि की। केजरीवाल ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि आप इस महीने के अंत में होने वाली इंडिया गठबंधन की बैठक में हिस्सा लेगी।उन्होंने कहा हम मुंबई जाएंगे और जो भी रणनीति होगी, उस बारे में आपको बताएंगे। ग़ौरतलब है कि कांग्रेस के साथ कई मामलों में असहमति दिखने के बाद संशय बना हुआ था कि आप बैठक में शामिल होंगे या नहीं।

## मानहानि मामले में उद्धव, राउत को जमानत

महाराष्ट्र में मुंबई की एक अदालत ने शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे और पार्टी प्रवक्ता संजय राउत को उनके खिलाफ कथित रूप से अपमानजनक सामग्री प्रकाशित करने का लेकर दायर मानहानि मामले में उनकी जमानत याचिका को मंजूरी दे दी।अदालत ने दोनों नेताओं को 15-15 हजार रुपये की जमानत राशि भरने के आदेश दिये। ठाकरे और राउत के पूर्व सहयोगी राहुल शेवाले ने अपनी याचिका में कहा था कि शिवसेना के मुखपत्र सामना में प्रकाशित एक लेख में उनके बारे में अपमानजनक बातें प्रकाशित की गईं। पिछले वर्ष दिसम्बर में हिंदी और मराठी में प्रकाशित लेख में आरोप लगाया गया कि शेवाले की दुबई और कराची में रियल एस्टेट में रुचि है।शेवाले की वकील चित्रा सालुंखे ने गत तीन को एक नोटिस भेजकर दावों के स्रोत के बारे में पूछा।

## नेशनल मेडिकल कमीशन की गाइडलाइन का विरोध

### प्रदर्शन में देशभर से जुटे गैर-चिकित्सक शिक्षक

नई दिल्ली।नेशनल मेडिकल कमीशन के खिलाफ देशभर से आए गैर-चिकित्सक शिक्षकों ने नई दिल्ली में सोमवार (21 अगस्त) को विरोध प्रदर्शन किया। नेशनल एमएससी मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन के इस प्रदर्शन में मेडिकल M.Sc/Ph.D. डिग्रियों वाले शामिल रहे। इनका कहना था कि एनएमसी की गाइडलाइन से हमारी नौकरियां खत्म हो जाएंगी।

ये एनॉटोमी, बायोकेमिस्ट्री, फिजियोलॉजी, फार्माकोलॉजी और माइक्रोबायोलॉजी जैसी गैर-क्लिनिकल विशेषज्ञताओं में योग्यता रखते हैं।

ये शिक्षक विभिन्न मेडिकल कॉलेजों में ट्यूटर, सहायक प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर, प्रोफेसर और विभागों के हेड के रूप में सेवा देते हैं। NMMTA



मेडिकल M.Sc योग्यता रखने वाले व्यक्तियों के लिए रजिस्टर्ड राष्ट्रीय संघ है।इसे विभिन्न संबंधित संघों और उनके सदस्यों का समर्थन प्राप्त है। लगभग 300 शिक्षक प्रदर्शन में जुटे। यह प्रदर्शन एमसीआई की जगह बनाए गए एनएमसी के उठाए कदमों के खिलाफ है। एनएमसी ने गैर-चिकित्सक शिक्षकों के नियुक्ति का कोटा घटाकर 15 प्रतिशत कर दिया है। पहले यह बायोकेमिस्ट्री में 50 प्रतिशत, एनेटोमी, बायोकेमिस्ट्री, फिजियोलॉजी, फार्माकोलॉजी और माइक्रोबायोलॉजी में 30 प्रतिशत था।

## इंडिगो फ्लाइट की जयपुर में इमरजेंसी लैंडिंग

जयपुर। लखनऊ से शारजाह जा रही इंडिगो की फ्लाइट ई6-1423 की जयपुर एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग करवाई गई।दरअसल, विमान में 23 साल के युवक को हार्ट अटैक आ गया था। उसे जयपुर एयरपोर्ट के नजदीक एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। मामला रविवार रात 11: 10 बजे का है। मीडिया में यह खबर सोमवार को आई। हॉस्पिटल के इमरजेंसी से जुड़े मेडिकल स्टाफ ने बताया कि पेशेंट का नाम नंथा गोपाल है। प्रारंभिक इलाज लेने के बाद उसने आगे का इलाज लेने से मना कर दिया और वापस चला गया। एयरपोर्ट अथॉरिटी के सीनियर ऑफिसर्स के अनुसार विमान ने लखनऊ एयरपोर्ट से रात करीब 9: 45 बजे शारजाह के लिए उड़ान भरी थी।यह जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट की टेरिटरी में आया तो एयर ट्रैफिक कंट्रोलर को सूचना मिली कि विमान को मेडिकल इमरजेंसी के लिए उतारना है।

## सीवीसी की रिपोर्ट : सीबीआई के 6841 केस कोर्ट में पेंडिंग

### 313 की सुनवाई 20 साल से जारी, 2 हजार केस को अदालत में 10 साल गुजरे




नई दिल्ली।केंद्रीय सतर्कता आयोग की नवीनतम वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, सीबीआई द्वारा जांच किए गए भ्रष्टाचार के कम से कम 6,841 मामले विभिन्न अदालतों में लंबित थे, जिनमें से 313 मामले 20 साल से अधिक समय से लंबित थे।कुल मामलों में से 2039 मामले 10 साल से अधिक, 2324 पांच साल से अधिक, 842 तीन साल से अधिक,1323 तीन साल से कम समय से लंबित थे।

**313 मामले 20 वर्षों से अधिक समय से लंबित**

केंद्रीय सतर्कता आयोग ने विभिन्न अदालतों में बड़ी संख्या में लंबित मामलों पर ध्यान दिया।यह देखा गया कि 31 दिसंबर, 2022 तक, 6,841 मामलों की सुनवाई लंबित थी, जिनमें से 313 मामले अधिक समय से लंबित थे।

इनके अलावा, भ्रष्टाचार के मामलों में कुल 12,408 अपीलें और संशोधन उच्च न्यायालयों और सर्वोच्च न्यायालय में लंबित थे।रिपोर्ट में कहा गया है कि 31 दिसंबर, 2022 तक 692 मामले केंद्रीय जांच ब्यूरो द्वारा जांच के लिए लंबित थे, जिनमें से 42 की जांच पांच साल से अधिक समय से चल रही थी। आमतौर पर, सीबीआई को मामला दर्ज होने के एक साल के भीतर जांच पूरी करनी होती है।

कुल 60 मामले तीन साल से अधिक लेकिन पांच साल से कम, 79 मामले दो साल से अधिक लेकिन तीन साल से कम, 138 मामले एक साल से अधिक लेकिन दो साल से कम और 373 मामले जांच के लिए लंबित थे।

### विभागीय कार्रवाई के 52 मामले लंबित

केंद्रीय सतर्कता आयोग ने पाया है कि कुछ मामलों में जांच पूरी करने में कुछ देरी हुई है। देरी के कुछ कारणों में अत्यधिक काम के कारण जांच में देरी, जनशक्ति की अपर्याप्तता, लेटर्स रोगेटरी (एलआर) के जवाब प्राप्त करने में देरी और दूर के स्थानों में रहने वाले गवाहों का पता लगाने और उनकी जांच करने में लगने वाला समय शामिल हैं। इसमें कहा गया है कि खुद सीबीआई के ग्रुप ए अधिकारियों के खिलाफ भी विभागीय कार्रवाई के 52 मामले लंबित थे।रिपोर्ट के मुताबिक, इनमें से 23 मामले चार साल से अधिक समय से, पांच मामले तीन से चार साल के बीच, सात मामले दो से तीन साल के बीच, नौ मामले एक साल से दो साल के बीच और आठ मामले एक साल से कम समय से लंबित थे।संघीय एजेंसी के समूह बी और सी कर्मियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के 19 मामले लंबित थे।वहीं सीबीआई ने 2022 में 946 मामले दर्ज किए थे जिसमें 829 नियमित मामले (आरसी) और 117 प्रारंभिक जांच (पीई)।रिपोर्ट में कहा गया है कि इनमें से 2022 के दौरान रिश्वतखोरी के मामलों का पता लगाने के लिए 163 जाल बिछाए गए, जबकि एक साल के दौरान आय से अधिक संपत्ति रखने के 46 मामले दर्ज किए गए। बता दें केंद्रीय सतर्कता आयोग भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत की गई जांच के संबंध में सीबीआई के काम पर निगरानी रखता है।रिपोर्ट में कहा गया है कि 946 मामलों में से 107 संवैधानिक अदालतों के आदेश पर उठाए गए और 30 मामले राज्य सरकारों/केंद्र शासित प्रदेशों से प्राप्त संदर्भों पर शुरू किए गए।

**हादसा**

**मुरादाबाद की रामगंगा, फर्रुखाबाद की गंगा और जौनपुर के तालाब में हुए**

## यूपी : तीन जिलों में दस लोग डूबे, छह के शव मिले

लखनऊ ।यूपी में नागपंचमी पर तीन जिलों में चार कांवड़ियों समेत दस लोग डूब गए।इन छह लोगों के शव बरामद हो गए हैं।तीन बच्चों की भी मौत हुई है। हादसे मुरादाबाद की रामगंगा, फर्रुखाबाद की गंगा और जौनपुर के तालाब में हुए हैं।हादसे के बाद परिवारों में कोहराम मचा है।

मुरादाबाद में रामगंगा नदी में दो सगे भाइयों समेत तीन बच्चे डूब गए। इनमें से दो के शव बरामद हो गए हैं। भूडे का चौराहा निवासी गंगाराम पाल के दो बेटे दुर्गेश (12) तथा मनोज (14) रविवार को रामगंगा नदी में डूब गए थे।पड़ोसी चंद्रपाल का बड़ा बेटा रितिक (14)भंडारे में प्रसाद लेने के बाद अन्य बच्चों के साथ गहरे पानी में जाने से डूब गया था। डूबे तीनों बच्चों की तलाश में रविवार देर शाम तक रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया, लेकिन बच्चों का कहीं पता नहीं चल सका था।

सोमवार को दिन निकलते ही फिर से स्थानीय गोताखोरों की मदद से सर्च अभियान चलाया गया जिसके चलते घटनास्थल से लगभग दो किलोमीटर की दूरी पर देवपुर घाट के समीप मनोज और रितिक के शव मिलने पर नदी से बाहर निकाला गया। अभी लापता दुर्गेश की तलाश जारी है।

फर्रुखाबाद के कादरी गेट क्षेत्र में पांचाल घाट पर गंगा स्नान करते समय



सोमवार को चार कावड़िए डूब गए। इनमें एक का शव बरामद हो गया है जबकि अन्य की तलाश की जा रही है। पुलिस ने बताया कि कन्नौज जिले की तहसील छिबरामऊ के थाना अचानकपुर के ग्राम दिवरामपुर निवासी अमर मश्रिा उर्फ अंटू मिश्रा (18) अपने कांवड़िए साथी नवनीत,अमन व सूरज के साथ गोला गोकरण नाथ में कांवड चढ़ाने के लिए गंगा जल लेने फर्रुखाबाद जिले में कादरी गेट थाना क्षेत्र के पांचाल घाट आया था।इस दौरान स्नान करते समय गहरे जल में पैर फिसलने से चारों कावड़िए डूब गए।

सूचना मिलने पर पांचाल घाट पुलिस चौकी इंचार्ज अमित कुमार शर्मा ,अपने दल बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से गंगा के गहरे जल में डूबे कावडिये अमर मश्रिा उर्फ अंन्टू मश्रिा का शव बरामद कर लिया तथा उनके साथी कांवडियों के शवों की खोजबीन में गोताखोर लगे हुए हैं।

जौनपुर के पंवारा थाना क्षेत्र में सोमवार को तालाब में डूबने से तीन बच्चों की मौत हो गई। सरायबीका गांव निवासी रंजीत सरोज का आठ वर्षीय पुत्र आयुष तालाब में नागपंचमी पर गुड़िया डूबोने गया था, तालाब में पैर फिसलने से वह गहरे पानी में डूबने लगा, उसके साथ गये 10 वर्षीय सत्यम् उर्फ सोनू और अभिषेक (15) उसको बचाने के लिये शोर मचाते हुये तालाब में कूद पड़े, तीनों डूबने लगे।

शोर सुनकर आस पास खेल रहे बच्चे व ग्रामीण भी आ गये।इस बीच तीनों तालाब में डूब चुके थे। काफी प्रयास के बाद ग्रामीणों ने तीनों को बेहोशी अवस्था में तालाब से बाहर निकाला।

## प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव ने कोविड-19 की स्थिति और तैयारियों की समीक्षा की

नयी दिल्ली ।विश्व स्तर पर कोरोना के कुछ नए वेरिएंट का पता लगने की रिपोर्टों के मद्देनजर प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. पी.के. मिश्रा ने वैश्विक और राष्ट्रीय कोविड स्थिति की समीक्षा के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक की। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने सोमवार को यहां बताया कि श्री मिश्रा की अध्यक्षता में देर शाम आयोजित की गई इस बैठक में कोविड स्थिति, वेरिएंट और उनके जन स्वास्थ्य प्रभाव पर विचार विमर्श किया गया।बैठक में नीति आयोग के स्वास्थ्य सदस्य डॉ. विनोद पॉल, प्रधानमंत्री कार्यालय में सलाहकार अमित खरे,तथा प्रधानमंत्री कार्यालय में अवर सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव उपस्थित रहीं।

## पंजाब में पुलिस-किसानों के बीच झड़प, किसान की मौत

चंडीगढ़।किसानों के खराब फसलों के मुआवजे को लेकर मंगलवार को चंडीगढ़ धरने से पहले सोमवार को पंजाब में किसान नेताओं की धरपकड़ होती रही। पुलिस ने सुबह से ही घरों में पहुंचकर किसान नेताओं को हिरासत में ले लिया।

इसी दौरान संगरूर के लौंगोंवाल में पुलिस और बीकेयू (आजाद) के नेताओं के बीच झड़प हो गई।इससे वहां इस कदर अफरातफरी फैली कि प्रदर्शन में शामिल एक किसान चलते ट्रैक्टर के नीचे आ गया। ट्रैक्टर भी प्रदर्शनकारी किसान चला रहे थे।

इससे पटियाला के रहने वाले किसान प्रीतम सिंह टायर के नीचे कुचलकर बुरी तरह से जख्मी हो गए। जिनकी बाद में अस्पताल में मौत हो गई।इस झड़प में पुलिस इंस्पेक्टर समेत 2 लोग और घायल हुए।इस घटना के बाद पुलिस ने भाकियू आजाद के नेता जसविंदर सिंह लौंगोवाल को हिरासत में लिया। इससे भड़के किसानों ने थाने के बाहर पक्का धरना लगा दिया है।

### तरनतारन में टोल प्लाजा पर बैठे किसान

पुलिस कार्रवाई से भड़के किसान तरनतारन में सड़कों पर उतर आए। किसान टोल प्लाजा के पास धरने पर बैठ गए। फिलहाल टोल प्लाजा से वाहनों को निकलने दिया जा रहा है। पुलिस-प्रशासन से सभी जत्थेबंदियों के किसान नेताओं को छोड़ने की मांग की जा रही है।

## उच्चतम न्यायालय अनुच्छेद 370 के निस्तारीकरण की अंतिम उम्मीद

डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी (डीपीएपी) के अध्यक्ष एवं जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद ने सोमवार को कहा कि अनुच्छेद 370 के निस्तारीकरण की आखिरी उम्मीद उच्चतम न्यायालय है। आज़ाद ने सोमवार को यहां संवाददाताओं से कहा कि अनुच्छेद 370 को केवल दो ही हटा सकते हैं या तो मौजूदा सरकार या फिर उच्चतम न्यायालय। उन्होंने कहा, हम मौजूदा सरकार से उम्मीद नहीं कर सकते क्योंकि उन्होंने इसे हटाया है।



## शार्ट न्यूज़

### अशोक गहलोत के खिलाफ मानहानि मामले की सुनवाई 28 अगस्त तक स्थगित

नयी दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के खिलाफ दायर मानहानि मामले में सुनवाई 28 अगस्त तक के लिए स्थगित कर दी। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट हरजीत सिंह जसपाल ने कहा, अनुरोध पर मामले की सुनवाई 28 अगस्त तक के लिए स्थगित कर दी गयी है तथा सुनवाई की दिया गया है। सुनवाई की तिथि दोनों पक्षों की सुविधा के अनुसार दी गई है। गहलोत के वकील ने कहा कि सत्र न्यायालय ने अंतरिम आदेश 16 सितंबर तक बढ़ा दिया है। वहीं केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के वकील ने उनकी इस दलील का विरोध करते हुए कहा कि इस मामले में सत्र न्यायालय द्वारा कोई रोक नहीं है। शेखावत ने नयी दिल्ली में राउज एवेन्यू की जिला अदालत में श्री गहलोत के खिलाफ मानहानि याचिका दायर की है। याचिका में कहा गया है कि गहलोत ने उन्हें बदनाम किया है और उन पर 900 करोड़ रुपये के संजीवनी क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी घोटाले में शामिल होने का झूठा आरोप लगाया है।

### एसटीएफ ने 1100 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त की

भुवनेश्वर। ओडिशा पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने चार मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 1100 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त की है। एसटीएफ सूत्रों ने सोमवार को बताया कि खुफिया सूचना के आधार पर रविवार शाम बालासोर रेलवे स्टेशन रोड के पास बालासोर जिला पुलिस की मदद से भुवनेश्वर एसटीएफ की टीम ने छापेमारी की और चार मादक पदार्थ के तस्करों एसके फैयाज, एसके शमशेद, एसके मुराद और संदीप नायक को पकड़ा। एसटीएफ ने तलाशी के दौरान उनके कब्जे से 1100 ग्राम वजन की प्रतिबंधित ब्राउन शुगर (हेरोइन), एक बॉक्सर एम/सी और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की। सूत्रों ने कहा कि आरोपी व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया गया और उन्हें जिला एवं सत्र विशेष न्यायाधीश बालासोर, अदालत में भेज दिया जाएगा। राज्य में मादक पदार्थों के विरूद्ध विशेष अभियान जारी है।

### पंजाब पुलिस और बीएसएफ ने 29 किलोग्राम हेरोइन बरामद की, दो गिरफ्तार

फिरोजपुर। पंजाब पुलिस ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के साथ सांझे आपरेशन के दौरान अंतर्राष्ट्रीय नशा तस्करी के नेटवर्क को बड़ा झटका देते दो पाकिस्तानी नागरिकों को गिरफ़्तार करके उनके कब्जे से 29. 2 किलोग्राम हेरोइन के 26 पैकेट बरामद किए हैं। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने सोमवार को बताया कि गिरफ़्तार किये गए व्यक्तियों की पहचान मुहम्मद अजमल रियान निवासी गाँव कंगणपुर ज़िला कसूर, पाकिस्तान और सिवना निवासी गाँव अलीपुर, ज़िला कसूर, पाकिस्तान के तौर पर हुई है। उल्लेखनीय है कि इस महीने दौरान पंजाब पुलिस की तरफ से बरामद की गई हेरोइन की यह आठवीं बड़ी खेप है, जिसके साथ सिर्फ़ 20 दिनों में ही हेरोइन की कुल बरामदगी 142 किलो हो गई है। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि खुफ़िया जानकारी के आधार पर कार्रवाई करते काउन्टर इंटेलिजेंस (सीआई) लुधियाना और सीआई फ़िरोज़पुर ने बीएसएफ के साथ मिल कर फ़िरोज़पुर के गाँव गजनी वाला के क्षेत्र में एक सांझा ऑपरेशन चला कर दो पाकिस्तानी नागरिकों को गिरफ़्तार किया।

### गहलोत ने 780 चिकित्सा संस्थानों के भवनों के निर्माण सहित विभिन्न प्रस्तावों को दी मंजूरी

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश में 780 चिकित्सा संस्थानों के भवन निर्माण के लिए 1246.44 करोड़ रुपए के कार्यों की निविदा आमंत्रित करने के प्रस्ताव सहित विभिन्न प्रस्तावों को स्वीकृति दी है। मुख्यमंत्री की इन चिकित्सा संस्थानों के भवन निर्माण के लिए इस स्वीकृति के अनुसार 12 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के लिए 64.33 करोड़, 127 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के लिए 181.61 करोड़, 608 उप स्वास्थ्य केन्द्रों के लिए 231.04 करोड़, 2 जिला चिकित्सालयों के लिए 101.76 करोड़, 2 ट्रोमा सेंटर के लिए 4 करोड़, 2 सैटेलाइट चिकित्सालयों के लिए 43.26 करोड़, 2 मातृ एवं शिशु चिकित्सालयों के लिए 35.32 करोड़, 14 उप जिला चिकित्सालयों के लिए 573.02 करोड़ एवं 11 मुख्य ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी कार्यालयों के लिए 12.10 करोड़ रुपए के कार्यों के लिए निविदा आमंत्रित की जाएगी। यह स्वीकृति उन चिकित्सा संस्थानों के लिए प्रदान की गई है, जिनके भवन निर्माण के लिए भूमि उपलब्ध है।

### झारखंड में बैंक अधिकारी ने की आत्महत्या

रांची। झारखंड की राजधानी रांची स्थित बैंक ऑफ इंडिया के हरमू सहजानंद चौक शाखा के पीओ सुप्रियो मजूमदार ने आत्महत्या कर ली। पुलिस सूत्रों ने आज यहां बताया कि कल देर रात उनका शव रांची के अनंतपुरी स्थित घर से बरामद किया गया है। मौके पर से पांच पन्नों का एक सुसाइड नोट बरामद किया गया है। सुसाइड नोट में यह आरोप लगाया गया है कि रामगढ़ थाना के आईओ ए समद और डीएसपी के रीडर ने उन्हें एक मामले में जेल भेजने की धमकी थी, जबकि सीबीआई ने एक केस में दो साल पहले ही सुप्रियो को क्लीन चिट दे दी थी। सुप्रियो अपने पिता आलोक मजूमदार और पत्नी के साथ चुटिया के अनंतपुरी में ही रहते थे। परिजनों के अनुसार दिन के दो बजे सुप्रियो से उनके एक दोस्त बातचीत हुई थी। शाम साढ़े चार बजे पूजा कमेटी की एक बैठक थी, उस बैठक में शामिल होने के लिए सुप्रियो ने अपने पिता को कमेटी के कार्यालय तक स्कूटी से पहुंचा दिया। इसके बाद वह घर लौट आया।रात में जब उनके पिता घर पहुंचे तो देखा कि भीतर से दरवाजा बंद है। काफी आवाज देने के बाद भी भीतर से कोई जवाब नहीं आया, शोर मचाने के बाद आसपास के लोग दरवाजा तोड़कर घुसे तो देखा कि सुप्रियो मजूमदार का शव वहां पड़ा है।

### हरि सहनी बने बिहार विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष

**पटना।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने श्री सम्राट चौधरी के स्थान पर विधान पार्षद हरि सहनी को बिहार विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष बनाया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने रविवार को केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, विधान सभा में नेता प्रतिपक्ष विजय सिन्हा समेत अन्य वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में पार्टी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में इसकी घोषणा करते हुए कहा कि पार्टी ने विधान पार्षद हरि सहनी को विधान परिषद में भाजपा का नेता बनाया है। विधान परिषद में भाजपा मुख्य विरोधी दल है और इस नाते श्री सहनी अब नेता प्रतिपक्ष होंगे। इससे पहले कि श्री सम्राट चौधरी विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष थे । श्री हरि सहनी दरभंगा के रहने वाले हैं । वे दरभंगा के भाजपा जिलाध्यक्ष और जिला प्रभारी भी रह चुके हैं। वर्ष 2015 के विधानसभा चुनाव में वे दरभंगा की बहादुरपुर सीट से राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के भोला यादव से हार गए थे । पार्टी ने उन्हें 2020 के चुनाव में उम्मीदवार नहीं बनाया लेकिन उन्हें संगठन में जिम्मेदारी दी । इसके बाद वह भाजपा की तरफ से विधान पार्षद बने।

### आम आदमी को राहत देने बनी हैं प्रदेश की जनकल्याणकारी योजनाएं: शिवराज

भोपाल। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश में संचालित जनकल्याणकारी योजनाएं दफ्तरों के कमरों में बैठकर नहीं बनाई गई हैं, यह प्रदेशवासियों की पीड़ा, उनके कष्ट को महसूस कर आम आदमी को राहत देने के मकसद से बनी है। चौहान एक चैनल के शुभारंभ अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बहन-बेटियों के प्रति हो रहे भेदभाव से उन्हें मुक्त कराने के लिए लाड़ली लक्ष्मी और मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना सहित महिला सशक्तिकरण की अनेक योजनाएं प्रदेश में क्रियान्वित की गईं। किसान कल्याण और कृषि को प्रोत्साहित करने के लिए सिंचाई पर विशेष ध्यान केन्द्रित किया गया। वित्तीय क्षेत्र में भी प्रदेश में कई नवाचार हुए, परिणाम-स्वरूप निवेश बढ़ा तथा रोजगार के नए अवसर सृजित हुए। मुख्यमंत्री ने सीखो-कमाओ योजना की जानकारी भी दी।

## अभिषेक बनर्जी को झटका

# सीबीआई जांच के आदेश के खिलाफ प. बंगाल सरकार की याचिका खारिज

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को पश्चिम बंगाल नगर पालिका भर्ती घोटाले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपने के खिलाफ दायर याचिका खारिज कर दी।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने सीबीआई जांच का आदेश देने वाले कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ पश्चिम बंगाल सरकार की याचिका पर विचार करने से इनकार करते हुए कहा कि अदालत इस बात से संतुष्ट है कि शिक्षक भर्ती घोटाले और नगर पालिका भर्ती घोटाले के बीच एक संबंध प्रतीत होता है।

मामले की जांच सीबीआई और ईडी कर रही है। जांच की जद में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के



भतीजे एवं तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सांसद अभिषेक बनर्जी भी आ गये हैं।

शीर्ष अदालत की पीठ ने संबंधित पक्षों की दलील विस्तार पूर्वक सुनने के बाद याचिका खारिज करने का आदेश पारित किया। पश्चिम बंगाल सरकार ने कलकत्ता उच्च न्यायालय की खंडपीठ के 15 जून 2023 के आदेश की वैधता को चुनौती दी, जिसमें एकल पीठ द्वारा कथित नगर पालिका भर्ती घोटाले की सीबीआई जांच के आदेश को बरकरार रखा गया था।

केंद्रीय जांच एजेंसियों का आरोप है यह घोटाला 200-250 करोड़ रुपये का था, क्योंकि नगर पालिकाओं में भर्ती के लिए प्रत्येक पद के लिए रिश्वत के रूप में भुगतान की जाने वाली रकम तय की गई थी। भर्तियों में अनियमितता का यह मामला पश्चिम बंगाल में विभिन्न नगर पालिकाओं में क्लर्क, सफाई कर्मचारी, चपरासी, ड्राइवर आदि से संबंधित था।

शीर्ष अदालत ने 19 जुलाई को टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी को झटका देते हुए कलकत्ता उच्च न्यायालय के उस आदेश को रद्द करने से इनकार कर दिया था, जिसमें सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय को पश्चिम बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाले की जांच के संबंध में उनसे पूछताछ करने की अनुमति दी गई थी।

## कश्मीर मुठभेड़ में आतंकवादी भागे

श्रीनगर। दक्षिण कश्मीर के पुलवामा के परिगाम इलाके में सुरक्षा बलों के बीच हुई मुठभेड़ के बाद आतंकवादी भाग खड़े हुए। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। सुरक्षाबलों को परिगाम इलाके में रविवार शाम को आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी। जिसके बाद, उनके उस स्थान पर पहुंचते ही आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। जिसके जवाब में सुरक्षा बलों ने गोलीबारी की। सुरक्षा बलों ने अंधेरा अधिक होने जाने की वजह से ऑपरेशन रोक दिया था। अगले दिन तड़के ही सुरक्षा बलों ने इलाके में तलाशी अभियान फिर से शुरू कर दिया और घेराबंदी बढ़ा दी। आतंकवादियों पर निगरानी रखने के लिए ड्रोन लगाए गए। सोमवार को इलाके में बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया गया। अधिकारियों ने कहा कि आतंकवादियों ने संभवत: अंधेरे का फायदा उठाकर, धान के विशाल खेत के रास्ते भागने में सफल रहे।

## महबूबा मुफ्ती ने भाजपा को दी पाकिस्तान से सीख लेने की नसीहत

श्रीनगर। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने सोमवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार को पाकिस्तान की अंतरिम सरकार में मिसाल मलिक के नामांकन से सबक लेना चाहिए।

पूर्व मुख्यमंत्री मुफ्ती ने कहा कि पाकिस्तान उन लोगों को पुरस्कृत कर रहा है जो सोचते हैं कि वे जम्मू-कश्मीर पर उनके विचारों को आगे बढ़ा रहे हैं, लेकिन दुर्भाग्य से भाजपा सरकार उन लोगों को दंडित कर रही है जो जम्मू-कश्मीर में भारत के विचार का समर्थन करते हैं और उसका प्रचार करते हैं।

उन्होंने कहा, मैं मिसाल मलिक की वकील नहीं हूं, लेकिन वह अपने पति के विपरीत कोई आतंकवादी या आतंक का आरोपी भी नहीं है जबकि भाजपा में हमारे पास साध्वी प्रज्ञा ठाकुर जैसे आतंक के आरोपी लोग हैं जो खुलेआम मुसलमानों के नरसंहार का



आह्वान करते हैं और भाजपा ऐसे लोगों को पुरस्कृत कर रही है।

उन्होंने एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा,भाजपा व आरएसएस को मिसाल के मामले से यह सीख लेनी चाहिए।

जो सोचते हैं कि वे जम्मू-कश्मीर पर अपने विचारों को आगे बढ़ा रहे हैं, लेकिन दुर्भाग्य से हमारी सरकार जो करती है वह उन लोगों को दंडित करना है जो भारत के साथ खड़े हैं। शेख मुहम्मद अब्दुल्ला साहब एक उदाहरण हैं जिन्हें भाजपा इतिहास से मिटाना चाहती है।

## कर्नाटक कांग्रेस मंत्री के खिलाफ फर्जी पत्र मामले में दो हिरासत में

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत को कृषि मंत्री एन चालुवरायस्वामी के खिलाफ भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए लिखे गए कथित फर्जी पत्र को लेकर अपराध जांच विभाग (सीआईडी) ने मैसूरु जिले से कृषि विभाग के दो अधिकारियों को हिरासत में लिया है। हिरासत में लिये गये सहायक कृषि निदेशक गुरुदत्त और कृषि अधिकारी शिवप्रसाद से पुलिस पूछताछ कर रही है। हिरासत में लिए गए लोग कथित तौर पर मांड्या के सात कृषि अधिकारियों के नाम पर एक पत्र लिखने में शामिल थे, जिसमें आरोप लगाया गया था कि चालुवरायस्वामी ने संयुक्त निदेशक के माध्यम से पोस्टिंग के लिए रिश्वत की मांग की थी।

विपक्ष द्वारा राज्य सरकार पर सवाल उठाए जाने के बाद, मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने अगली कार्रवाई में फर्जीवाड़े की सीआईडी जांच के आदेश दिए।

## दुष्कर्म पीड़िता के 28 सप्ताह के भ्रुण के गर्भपात की अनुमति

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने एक दुष्कर्म पीड़िता को करीब 28 सप्ताह के अपने भ्रूण का गर्भपात कराने की सोमवार को अनुमति दे दी।

न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने आदेश पारित करते कहा कि विवाह के बाद गर्भधारण खुशी का अवसर होता है, लेकिन यौन उत्पीड़न के बाद यह महिला के मानसिक स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। पीठ ने 25 साल की एक महिला की याचिका से संबंधित मेडिकल रिपोर्ट को रिकॉर्ड पर लेने के बाद याचिकाकर्ता से गर्भावस्था समाप्त



करने की प्रक्रिया से गुजरने के लिए उसे मंगलवार को अस्पताल आने को कहा। शीर्ष अदालत ने यह भी निर्देश दिया कि यदि भ्रूण जीवित पाया जाता है तो अस्पताल को उसके जीवित रहने को सुनिश्चित करने के लिए सभी सुविधाएं देनी होंगी। इसके बाद सरकार कानून के अनुसार बच्चे को गोद लेना सुनिश्चित कर सकता है।

शीर्ष न्यायाल ने शनिवार को इस मामले में (दुषकर्म पीड़िता की) गर्भपात कराने की याचिका को 12 दिनों तक टालने पर गुजरात उच्च न्यायालय की कड़ी आलोचना करते हुए कहा था कि ऐसे मामले में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं, बल्कि की तत्परतापूर्वक निपटा जाना चाहिए।

न्यायमूर्ति नागरत्ना और न्यायमूर्ति भुइयां की पीठ ने गुजरात के एक मामले का स्वत संज्ञान लेकर विशेष सुनवाई करते हुए भ्रूण को हटाने की संभावना का पता लगाने के लिए भरूच के एक अस्पताल के मेडिकल बोर्ड से एक नई रिपोर्ट पेश करने का निर्देश देते हुए कहा था कि वह इस मामले में सोमवार को अगली सुनवाई कर इस मसले पर विचार करेगी। पीड़िता के अधिवक्ता ने पीठ के समक्ष कहा था कि उच्च न्यायालय ने मामले की तारीख 23 अगस्त तय की है, जिससे उसकी गर्भावस्था 28 सप्ताह की हो जाएगी। वकील ने कहा था कि हालांकि, मामला सात अगस्त को दायर किया गया था और 11 अगस्त को सुनवाई हुई थी।

## कार्बेट पार्क में अवैध निर्माण की सीबीआई जांच पर सरकार से जवाब तलब

नैनीताल। उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने देश के प्रसिद्ध कार्बेट टाइगर रिजर्व (सीटीआर) में टाइगर सफारी के नाम पर 6000 पेड़ों के अवैध पातन और अवैध निर्माण के मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रदेश सरकार से पूछा है कि क्यों नहीं इस प्रकरण की जांच केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंप दी जाये?

प्रदेश सरकार को इस मामले में आगामी एक सितम्बर तक अदालत को जवाब देना है। मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी और न्यायमूर्ति आलोक कुमार वर्मा की युगलपीठ ये निर्देश देहरादून निवासी अनु पंत की ओर से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई



करते हुए ये निर्देश दिये। मुख्य सचिव एसएस संधु की ओर से आज अदालत में अनुपालन रिपोर्ट सौंपी गयी। अदालत ने इसी साल छह जनवरी को एक आदेश जारी कर मुख्य सचिव को निर्देश दिये थे कि बतायें कि कौन कौन दोषी है और दोषियों के खिलाफ क्या कार्यवाही की गयी है?

याचिकाकर्ता के अधिवक्ता अभिजय नेगी और स्निग्धा तिवारी की ओर से रिपोर्ट पर सवाल उठाते हुए शपथ पत्र को पूरी तरह से गुमराह करने वाला बताया गया। उन्होंने कहा कि सरकार इस प्रकरण में तत्कालीन वन मंत्री हरक सिंह रावत और गढ़वाल के तत्कालीन मुख्य वन संरक्षक सुशांत पटनायक के साथ कई लोगों को बचाने में लगी है। उन्होंने आगे कहा कि सीटीआर में टाइगर सफारी के नाम पर बड़ी संख्या में अवैध निर्माण हुआ है। इसके लिये 6000 पेड़ों की बलि दे दी गयी। प्रदेश शासन और वन महकमे की शह पर अवैध निर्माण हुआ है। टाइगर सफारी के लिये नियमों को ताक पर रखा गया है और केन्द्र सरकार की अनुमति नहीं ली गयी है। पटनायक पर आरो है कि उन्होंने सीटीआर के सनेह में अवैध ढंग से रेस्ट हाउस का निर्माण किया है। याचिकाकर्ता की ओर से अदालत को बताया गया कि केन्द्रीय अधिकार प्राप्त कमेटी (सेंट्रल एमपावर्ड कमेटी), राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (एनजीटी) और राज्य के आडिटर जनरल की जांच रिपोर्ट में तत्कालीन वन मंत्री हरक सिंह रावत को साफ साफ दोषी माना गया है। याचिकाकर्ता की ओर से आगे कहा गया कि रिपोर्ट में कहा गया है कि वन मंत्री की ओर से ही नियमों को ताक पर रख कर कालागढ़ के तत्कालीन प्रभागीय वनाधिकारी (डीएफओ) के पद पर किशन चंद की तैनाती की गयी।

## त्रिपुरा में नदी में डूबने से दो लोगों की मौत

अगरतला। त्रिपुरा में दो अलग-अलग घटनाओं में नदी में डूबने से एक महिला कांस्टेबल और युवक की मौत हो गयी है। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि प्रमुख पर्यटक स्थलों में से एक चाबीमुरा में युवक (19) की रविवार को गोमती नदी में डूबने से मौत हो गयी। मृतक की पहचान गोमती जिले के अमरपुर के स्नेहाशीष रुद्रपाल के रूप में हुई है। वह दस अन्य लोगों के साथ चाबीमुरा में पिकनिक मनाने के लिए गया हुआ था, जहां नहाते समय स्नेहाशीष की गोमती नदी में डूबने से मौत हो गई। घटनास्थल पर मौजदू दोस्तों ने तुरंत उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन उसे बाहर निकालने में असमर्थ रहे। घटना की सूचना मिलने पर, अग्निशमन दल के कर्मचारियों ने बचाव अभियान चलाया और स्नेहाशीष का शव रात में नदी से बाहर निकाला। शव को पोस्टमार्टम के बाद परिवार को सौंप दिया गया। पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि स्नेहाशीष कॉलेज में द्वितीय वर्ष का छात्र था और अमरपुर में एक स्थानीय दवा की दुकान में कार्यरत था। एक अन्य घटना में, उनोकोटी जिले के कैलाशहर के तिलकपुर में अपने पुत्र को तालाब में तैरने का प्रशिक्षण देने के दौरान महिला कांस्टेबल रूपाली सिन्हा (29) डूब गयी। सूचना मिलने पर परिवार के सदस्यों ने उसे बाहर निकाला और अस्पताल ले गए, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

## सांबा के सरोर टोल प्लाजा पर युवा राजपूत सभा का प्रदर्शन

जम्मू। जम्मू के सांबा में दयालाचक में सड़क की खराब स्थिति और क्षतिग्रस्त पुल के सुधार की मांग को लेकर युवा राजपूत सभा के सदस्यों ने सोमवार को सरोर टोल प्लाजा पर विरोध प्रदर्शन किया।

'भारत माता की जय' का नारा लगाते हुए युवा राजपूत सभा के सैकड़ों कार्यकर्ता विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के झंडे और तिरंगे लेकर सरोर टोल प्लाजा पहुंचे। उझ नदी के उफान के कारण दयालाचक के पास तरना नाले पर बने पुल के क्षतिग्रस्त होने के बाद 19 जुलाई से जम्मू-पठानकोट राष्ट्रीय मार्ग पर यातायात प्रभावित है हालांकि यातायात को चड़वाल के पास राजमार्ग से जोड़ने के लिए सीमावर्ती गांव की ओर मोड़ दिया गया है।

क्षतिग्रस्त पुल और सड़क की खराब हालत को लेकर प्रशासन की आलोचना करते हुए युवा राजपूत सभा के सदस्यों ने रैली की शक्ल में टोल की ओर मार्च किया। उन्होंने ठेकेदारों को चेतावनी देते हुए टोल वसूली तुरंत निलंबित कर दी और कहा कि वे इसे जारी न रखें अन्यथा वे कठोर कदम उठाने के लिए मजबूर होंगे। रैली में शामिल कुछ अज्ञात लोगों ने टोल प्लाजा पर केबिनों पर पथराव भी किया, जिससे शीशे क्षतिग्रस्त हो गए।

## बागेश्वर विधानसभा उपचुनाव में पांच प्रत्याशी मैदान में

बागेश्वर/नैनीताल। उत्तराखंड के बागेश्वर विधानसभा के लिये होने वाले उपचुनाव में पांच प्रत्याशी मैदान में रह गये हैं। सोमवार को नामांकन वापसी के आखिरी दिन निर्दलीय प्रत्याशी जगदीश चंद्र ने अपना नाम वापस ले लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आज नामांकन वापसी का आखिरी दिन था। एकमात्र निर्दलीय प्रत्याशी जगदीश चंद्र ने अपना नाम वापस ले लिया। अब चुनाव मैदान में श्रीमती पार्वती दास (भाजपा), बसंत कुमार (कांग्रेस), भगवती प्रसाद त्रिकोटी (सपा), अर्जुन देव (उक्रांद) के अलावा भगवत कोहली रह गये हैं।

## नेपाल से तस्करी कर लायी जा रही 57 लाख रुपये मूल्य की ई-सिगरेट के साथ दो गिरफ्तार

**रूद्रपुर/नैनीताल।** उत्तराखंड की ऊधमसिंह नगर पुलिस ने 57 लाख रुपये मूल्य की ई-सिगरेट के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपी बरामद सिगरेट को नेपाल से दिल्ली ले जा रहे थे।

ऊधमसिंह नगर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना सितारगंज पुलिस की ओर से रविवार रात को ऑपरेशन प्रहार के तहत उप निरीक्षक इंदर सिंह के नेतृत्व में चीकाघाट पुल के पास तस्करों के खिलाफ जांच अभियान चलाया जा रहा था।

इस दौरान स्विफ्ट कार को रोका और उसकी जांच की तो उसमें से 11 पेटी ई



सिगरेट बरामद हुई। बरामद सिगरेट की कीमत अंतर्राष्ट्रीय बाजार में 57 लाख रुपये आंकी गयी है। वाहन सवार दो तस्करों नाजिम खां और अफरोज निवासी वार्ड नंबर-2, इस्लाम नगर, नूरी मस्जिद के पास, खटीमा को गिरफ्तार कर लिया गया।

आरोपियों ने बताया कि दोनों बरामद माल को नेपाल के रिंकू रोकाया नामक व्यक्ति से लेकर आये हैं और दिल्ली उसे दिल्ली ले जा रहे थे।

आरोपियों के खिलाफ सितारगंज थाना में अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है।

ऊधमसिंह नगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) टीएस मंजूनाथ के अनुसार इस आपरेशन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सभी पुलिस कर्मियों को मैन आफ द मंथ से सम्मानित किया जायेगा। एसएसपी की ओर से टीम को 2500 रुपये का ईनाम भी दिया गया है।

## धामी का केन्द्र से संयंत्रों से 400 मेगावाट ऊर्जा स्थायी आवंटन का अनुरोध

नयी दिल्ली/देहरादून। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नयी दिल्ली में सोमवार को केंद्रीय ऊर्जा मंत्री आर के सिंह से भेंट कर राज्य को कोयला आधारित संयंत्रों से 400-450 मे0वा0 स्थायी आवंटन किए जाने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि राज्य की ऊर्जा सुरक्षा के दृष्टिगत बेस लोड सुरक्षित किये जाने और राज्य को व्यापक विद्युत कटौती से मुक्त रखे जाने के लिए उत्तराखण्ड राज्य को कोयला आधारित संयंत्रों से 40 0मेगागावाट स्थायी आवंटन किया जाना अत्यन्त आवश्यक है।

धामी ने आपदा के कारण क्षतिग्रस्त हुई विद्युत लाइनों एवं टावरों को पुनर्स्थापित करने के लिए केंद्र सरकार से सहायता उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि



क्षतिग्रस्त लाइनों की क्षतिपूर्ति केंद्र सरकार द्वारा की जाएगी। उन्होंने कहा कि क्षतिग्रस्त विद्युत टावरों का सर्वे कराकर इसकी रिपोर्ट भारत सरकार को भेजी जाय, इसका परीक्षण कराकर प्रतिपूर्ति पर विचार किया जायेगा।

मुख्यमंत्री ने बॉर्डर एरिया में विद्युत लाइनें एवं विद्युत संयंत्र शीघ्र स्थापित करने का अनुरोध किया। जिसके लिए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पहाड़ी राज्यों के लिए मानक अलग से निर्धारित कर शीघ्र बॉर्डर एरिया में विद्युत लाइनें एवं विद्युत संयंत्र स्थापित किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार को केंद्रीय पूल से अतिरिक्त विद्युत उपलब्ध कराने का अनुरोध किया।केंद्रीय मंत्री ने इस पर सहमति प्रदान की। उन्होंने कहा कि राज्य में सोलर ऊर्जा, हाइड्रो पावर एवं कोयला से विद्युत उत्पादन के लिए दीर्घकालिक योजना पर कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने माह अप्रैल से सितम्बर 2023 तक औसतन 300 मे0वा विद्युत प्रतिमाह अनएलोकेटेड कोटा से उपलब्ध कराए जाने के लिए केंद्रीय मंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य में ऊर्जा की कुल उपलब्धता में 60 प्रतिशत से अधिक जल ऊर्जा संयंत्रों से है जिसमें मौसमी परिवर्तन के साथ उपलब्धता में व्यापक उतार-चढ़ाव होता है एवं शीत ऋतु में उत्पादन लगभग एक तिहाई रह जाता है।

## ओडिशा विजिलेंस ने फरार पूर्व बीडीओ को पकड़ा

भुवनेश्वर। ओडिशा में भ्रष्टाचार के सात मामलों में वांछित और पिछले आठ वर्षों से फरार के कोरापुट जिले के नारायणपटना ब्लॉक के पूर्व प्रखंड विकास अधिकारी (बीडीओ) को आखिरकार राज्य सतर्कता विभाग के अधिकारियों ने सोमवार को नयी दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया। सतर्कता सूत्रों ने बताया कि नारायणपटना के पूर्व बीडीओ रमेश चंद्र साहू दिल्ली और आसपास के इलाकों में किराये के मकान बदलते रहे हैं। गिरफ्तारी से बचने के लिए वह असम के जोरहाट से भी फरार हो गए थे। पूर्व बीडीओ हाल ही में दिल्ली लौटे और एक इनपुट के आधार पर उनके स्थान का पता लगाने के लिए तैनात एक निगरानी टीम आखिरकार उन्हें गिरफ्तार करने में सफल रही।

## हमारी झारखंड सरकार कई चुनौतियों के बीच मजबूत कदमों के साथ आगे बढ़ रही है : सोरेन



रांची। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि राज्य में वर्तमान सरकार के गठन होते ही वैश्विक महामारी कोरोना ने देश और दुनिया में दस्तक दी और हमारी सरकार ने बिना कोई अफरा-तफरी के कोरोना संक्रमण से राज्यवासियों को बचाने का काम किया। सोरेन ने आज रेडिसन ब्लू रांची में जी बिहार-झारखंड द्वारा आयोजित बदलते झारखंड की बात विजन 2024 कार्यक्रम में संवाद करते हुए कहा कि कोरोना संक्रमण के समय अन्य राज्यों की स्थिति भी हम सभी ने देखी थी। पिछले साढ़े तीन वर्ष में हमारी सरकार कई चुनौतियों के बीच मजबूत कदमों के साथ आगे बढ़ रही है। हमारी सोच है कि हम झारखंड की जड़ को मजबूत करें। हालात जैसे भी हों राज्य में विकास के कार्य अवरुद्ध नहीं होनी चाहिए। झारखंड हर दिन विकास की नई ऊंचाइयों को छुए इस निमित्त एक बेहतर कार्य योजना बनाते हुए राज्यवासियों की भावना के अनुरूप हमारी सरकार चल रही है मुख्यमंत्री श्री सोरेन ने कहा कि राज्य में दो चरणों में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम चलाया गया। यह कार्यक्रम काफी सफल भी रहा। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का उद्देश्य राज्य की भौगोलिक संरचना के अनुसार सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाना था। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में बहुत ऐसे दुर्गम गांव है जहां के लोग बीडीओ, सीओ, डीसी, एसपी को देखे तक नहीं हैं। हमने ऐसी चीजों को समझने का प्रयत्न किया।

## शार्ट न्यूज

### केजरीवाल ने गरीब परिवारों को मुफ्त चीनी देने के प्रस्ताव को दी मंजूरी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गरीब परिवारों को मुफ्त चीनी देने के प्रस्ताव को सोमववार को मंजूरी दे दी। दिल्ली सरकार के एक अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री ने गरीब परिवारों को मुफ्त चीनी देने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। पिछले महीने मुख्यमंत्री के नेतृत्व में दिल्ली कैबिनेट की हुई बैठक में मुफ्त चीनी देने का निर्णय लिया गया था। सरकार के इस निर्णय से दिल्ली के 68 हज़ार 747 एनएफएस कार्ड धारकों समेत दो लाख 80 हज़ार 290 लाभार्थियों को मुफ्त चीनी मिल सकेगी। मुख्यमंत्री से मंजूरी मिलने के बाद अब यह फाइल एलजी के पास भेजी गई है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के तहत सभी एनएफएसए लाभार्थियों को मिलने वाले गेहूं, चावल के अलावा दिल्ली सरकार ने मुफ्त चीनी देने का निर्णय लिया है। दिल्ली सरकार अंत्योदय अन्न योजना (एएवाई) के लाभार्थियों को चीनी सब्सिडी योजना के तहत मुफ्त चीनी उपलब्ध कराएगी।

### शत्रु संपत्ति के विरोध में 12वें दिन भी धरना-जारी

मोदीनगर। मोदीनगर में सरकारी दस्तावेजों में दर्ज शत्रु संपत्ति के विरोध में सोमवार को 12वें दिन भी धरना जारी रहा। धरनाकारी महिलाओं ने एसडीएम कार्यालय के बाहर लोकगीत गाकर विरोध जताया। डीएम ने धरना समाप्त कराने के लिए मोर्चा के पदाधिकारियों से वार्ता की, लेकिन बात नहीं बन सकी। दूसरी ओर समर्थन देने का सिलसिला जारी रहा। भीम आर्मी के पदाधिकारियों ने जुलूस निकालकर धरने को समर्थन दिया। मोदीनगर तहसील के गांव सीकरी खुर्द की 1800 बीघा जमीन शत्रु संपत्ति में दर्ज की गई है। इस जमीन में लगभग 25 हजार मकान बने हुए हैं। बेघर होने की चिंता लोगों को सता रही है। इसके चलते विगत 10 अगस्त से तहसील परिसर में प्रभावित लोगों का धरना चल रहा है। पिछले तीन दिन से धरने पर क्रमिक अनशन के रूप में प्रतिदिन लोग बैठ रहे हैं। पालिका सभासद प्रदीप शर्मा, दुष्यंत यादव, गुलाब सिंह, राहुल राणा और आलोक भारती क्रमिक अनशन पर रहे। डीएम राकेश सिंह ने एसडीएम कार्यालय में मोर्चा के 11 पदाधिकारियों को बुलाकर वार्ता की। लगभग एक घंटे तक वार्ता चली। डीएम ने मामला कोर्ट से जुड़ा बताते हुए जल्द सुनवाई शुरू करने का आश्वासन दिया।

### सिंचाई विभाग ने जलभराव की स्थिति का लिया जायजा

मोदीनगर। मोदीनगर में कस्बा निवाड़ी में जलभराव के कारण सूख रहे आम के पेड़ों का मामला प्रधानमंत्री कार्यालय तक पहुंच गया है। सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने सोमवार को कस्बा निवाड़ी के जंगल में पहुंचकर निरीक्षण किया। किसानों ने जलभराव से होने वाले नुकसान के बारे में अवगत कराया। कस्बा निवाड़ी में निकासी का प्रबंध ना होने के कारण जंगल में जलभराव हो गया है। जलभराव होने के कारण खेतों में दो से तीन फीट तक पानी भरा हुआ है। भाजपा नेता प्रदीप त्यागी ठेकेदार व समाजसेवी संजय त्यागी द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, कृषि मंत्री, नगर विकास मंत्री को पत्र लिखकर जलभराव से होने वाले नुकसान के बारे में अवगत करा दिया है। उन्होंने पत्र में लिखा कि जलभराव के चलते कस्बा निवाड़ी में सैकड़ों आम के फलदार पेड़ सूख गए हैं। उन्होंने पत्र में लिखा कि जिला गाजियाबाद में कस्बा निवाड़ी व आसपास के इलाका ही ग्रीन एरिया है। जल्द इस समस्या का समाधान नहीं हुआ तो ग्रीन एरिया समाप्त हो जाएगा। प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा मामले को संज्ञान लेने के बाद सिंचाई विभाग की टीम हरकत में आ गई। सिंचाई विभाग के अवर अभियंता ब्रजेश कुमार अपनी टीम के साथ कस्बा निवाड़ी पहुंचे और जलभराव की स्थिति देखी। उन्होंने बताया कि जल्द निवाड़ी सारा मार्ग स्थित नाले की सफाई कराई जाएगी।

### मोदीनगर में ज्योतिषाचार्य से सात लाख की ठगी

मोदीनगर। मोदीनगर के संतपुरा कॉलोनी निवासी ज्योतिषचार्य से ऑनलाइन कोचिंग सेंटर में निवेश कराने के नाम पर सात लाख रुपये ठगने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने जिला देवरिया निवासी छह लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। नगर के संतपुरा कॉलोनी निवासी ज्योतिषचार्य विपिन शर्मा परिवार सहित रहते हैं। उन्होंने बताया कि जिला देवरिया के धनिया कोथलिया भाट पर रानी निवासी अंशु पांडेय विपिन शर्मा के मकान में किराए पर रहते थे। उन्होंने बताया कि वह तीन साल से हमारे मकान के पास ही किराए पर रह रहे थे, इसलिए पारिवारिक संबंध बन गए थे। उन्होंने बताया कि पिछले दिनों उन्होंने मेरे पत्नी नीलम शर्मा से 50 हजार रुपए उधार लिए। इसके बाद उन्होंने कहा कि एक नामी ऑनलाइन कंपनी की फ्रेंचाइची मिल रही है, जिसमें सात लाख रुपए निवेश करने होंगे। इसके बाद विपिन शर्मा ने उनके बैंक खाते में सात लाख रुपए डाल दिए। कई माह बीत जाने के बाद भी जब कोचिंग सेंटर शुरू नहीं हुआ तो पूछा गया, लेकिन वह संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। विपिन शर्मा ने बताया कि पिछले दिनों वह रात के समय परिवार के साथ चले गए। अब उनका मोबाइल नम्बर बंद आ रहा है। इस संबंध में पीड़ित ने पुलिस कमिशनर को शिकायत दी। पुलिस कमिशनर ने मोदीनगर पुलिस को रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिए हैं।

### बीए की छात्रा से चलते ई-रिक्शा में लूटा फोन, गिरने से हुई घायल, आईसीयू में भर्ती

साहिबाबाद। टीला मोड़ में कोयल एंक्लेव के पास 16 अगस्त की सुबह 9:30 बजे बदमाशों ने ई-रिक्शा में सवार छात्रा ईशा सक्सेना से फोन लूट लिया। हाथ में झटका लगने से छात्रा सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन घायल छात्रा को निजी अस्पताल गए। वहां से नरेंद्र मोहन अस्पताल में आईसीयू में उपचार में भर्ती कराया। छात्रा के सिर व हाथ-पैर में चोटें लगी हैं। शनिवार को छात्रा के भाई ने टीला मोड़ थाने में शिकायत दी। टीला मोड़ के पूर्व डिफेंस कालोनी मयंक सक्सेना ने बताया कि बहन ईशा बीए की छात्रा है। 16 अगस्त की सुबह वह सहेली अंसिता रानी के साथ कोचिंग जा रही थी। दोनों ई-रिक्शा से कोयल एंक्लेव पहुंची तो गेट से पहले ही बदमाशों ने पीछे से हाथ पर झपट्टा मारकर फोन छीनना चाहा लेकिन ईशा ने फोन नहीं छोड़ा। इसके बाद बदमाश बल का प्रयोग करते हुए जबरन उसके साथ से मोबाइल छीनने लगे। इस बीच वह ई-रिक्शे से नीचे गिर गई। बदमाश उसके हाथ से मोबाइल फोन छीनकर भाग गए। सड़क पर गिरने से सिर व हाथ-पैर में चोटें लग गई।



सोमवार को दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कांग्रेस कार्य समिति के सदस्य एवं राज्य सभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा इस अवसर पर उनके साथ उपस्थित भारतीय युवा कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष राहुल राव।

# तेरह साल बाद निगम कर्मचारियों को मिलने लगी पहली तारीख को तनख्वाह : केजरीवाल

## जब ईमानदार सरकार आती है, तब माहौल बदल जाता है

नयी दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि ने 13 साल बाद दिल्ली नगर निगम के कर्मचारियों को महीने की पहली तारीख को तनख्वाह मिलने लगी है क्योंकि यहां अब ईमानदार सरकार है।

केजरीवाल ने यहाँ त्यागराज स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि हम लोगों ने दिल्ली नगर निगम को लेकर जितने सपने देखे थे, जितनी गारंटी दी थी वह सारी पूरी होगी। उन्होंने 317 कर्मचारियों को नियमित होने नियुक्ति पत्र देते हुए कहा चुनाव से पहले हमने कच्चे कर्मचारियों को नियमित करने की गारंटी दी थी। नियमितिकरण करना बहुत बड़ा काम है। सभी कर्मचारियों को नियमित करने में थोड़ा समय लग सकता है, लेकिन सभी का नियमितिकरण करेंगे, यह गारंटी है।

उन्होंने कहा कि उन्हें बेहद खुशी है कि



पिछले दो महीने से निगम के सभी कर्मचारियो को महीने की एक तारीख को पूरी तनख्वाह मिल जा रही है। इससे पहले 2010 में ऐसा हुआ, जब निगम के सारे कर्मचारियों को महीने की पहली तारीख को तनख्वाह मिली हो। अब 13 साल के बाद ऐसा हुआ है कि सबको एक साथ तनख्वाह मिली है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारियों से बात बातचीत में पता चला है कि पिछले कुछ महीनों में नगर निगम का हाउस टैक्स भी खूब बढ़ गया है। नगर निगम का हाउस टैक्स अपने आप बढ़ने लग गया, क्योंकि अब एक ईमानदार सरकार आ गई है। अब टैक्स की चोरी कम हो गई है और लोगों को भी यह लगने लगा है कि टैक्स देना चाहिए। जब लोगों को लगता है कि अब ईमानदार सरकार है तो लोग अपने आप से टैक्स देने लगते हैं। लोगों को लगता है कि हमारे लिए स्कूल-अस्पताल बन रहे हैं और सफाई हो रही है।

केजरीवाल ने कहा कि जब दिल्ली में हमारी सरकार बनी थी, उस वक्त भी सरकार घाटे में हुआ करती थी। हमें इसे ठीक करने में साल-दो साल लगे, लेकिन अब दिल्ली सरकार घाटे में नहीं है, बल्कि फायदे में है। दिल्ली में बिजली-पानी और महिलाओं का सरकारी बसों में यात्रा फ्री है। स्कूल-अस्पताल बनवा दिए और तीर्थ यात्रा करवा दी, फिर भी दिल्ली सरकार का बजट घाटे में नहीं है। साल-दो साल के अंदर दिल्ली नगर निगम को अपने पैरों पर खड़ा करके दिखा देंगे।

उन्होंने कहा कि जब ईमानदार सरकार आती है, तब माहौल बदल जाता है। लोगों को काम करने में मन करता है। पूरी दिल्ली के अंदर शानदार सफाई अभियान चला रखा है।

# केजरीवाल ने सरकारी अधिकारी को निलंबित करने का दिया आदेश

नयी दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को राज्य सरकार के अधिकारी को निलंबित करने का आदेश दिया, जिस पर अपने दोस्त की बेटी से बलात्कार करने का आरोप है।

दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने सोमवार को संवाददाताओं से कहा कि मुख्यमंत्री ने दिल्ली सरकार में महिला एवं बाल विकास विभाग के एक अधिकारी को निलंबित करने का आदेश दिया है, जिस पर एक नाबालिग लड़की से बलात्कार करने का आरोप है। मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव से इस संबंध में रिपोर्ट देने के लिए भी कहा है।

दिल्ली पुलिस ने कहा कि पीड़िता की शिकायत के आधार पर हाल ही में बुराड़ी पुलिस थाने में संबंधित धाराओं के अंतर्गत उक्त अधिकारी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

दिल्ली पुलिस के अनुसार, लड़की ने आरोप लगाया है कि जिस अधिकारी की देखरेख और संरक्षण



में वह उसके घर में रह रही थी, उसने उसके साथ बार-बार बलात्कार किया।

दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने ट्वीट किया, महिला एवं बाल विकास विभाग के एक उप निदेशक पर उस बच्ची का यौन शोषण करने का आरोप है। पुलिस ने उसे अबतक गिरफ्तार नहीं किया है, इसलिए दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया गया है।

बेटियों की रक्षा करने वाला ही अगर उनका भक्षक बन जाए तो लड़कियां कहां जाएंगी! उसे जल्द से जल्द गिरफ्तार करना चाहिए।

# किरायेदार ने 15 साल की किशोरी से किया दुष्कर्म, गिरफ्तार

खोड़ा। थाना क्षेत्र की कॉलोनी में किरायेदार ने 15 साल की किशोरी को मदद के बहाने कमरे में बुलाकर उससे दुष्कर्म किया।

किशोरी की मां ड्यूटी पर जबकि पिता गांव गए थे। पुलिस ने शनिवार रात दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कर किरायेदार को गिरफ्तार कर लिया। महिला नगर निगम के एक ठेकेदार के पास काम करती है।

उनका कहना है कि पति कुछ दिन पहले गांव चले गए थे। घर पर 15 साल की बेटी और वह थीं। 17 अगस्त की सुबह ड्यूटी चली गई थी। दोपहर 12 बजे कमरा नंबर-11 में रहने वाले 19 साल के युवक ने बेटी को काम में मदद के बहाने कमरे में बुलाया और उससे दुष्कर्म किया।

किशोरी के पेट में दर्द होने पर वह काफी देर तक रोती रही। शाम को मां घर पहुंची तो किशोरी उनसे लिपटकर रोने लगी।

कई बार पूछने पर किशोरी ने कुछ नहीं बताया लेकिन रात में दर्द बढ़ने पर किशोरी ने मां को सारी घटना बता दी। वह आरोपी के कमरे पर पहुंची तो वह घटना से इन्कार करने लगा। इसके बाद आरोपी कमरे का ताला लगाकर भाग गया।

उसने फोन भी बंद कर दिया था। वह शनिवार को खोड़ा थाने पहुंची और शिकायत देकर दुष्कर्म का मुकदमा कराया।

इंदिरापुरम एसीपी स्वतंत्र कुमार का कहना है कि युवक घटना के बाद भागने की फिराक में था। टीम ने उसे मुकदमा दर्ज करने के बाद गिरफ्तार कर लिया।

# रेरा ने छह साल बाद कब्जा दिलाया

ग्रेटर नोएडा। उत्तर प्रदेश रेरा कंसिलिएशन फोरम ने बीसीसी इंफ्रास्ट्रक्चर की गाजियाबाद स्थित भारत सिटी-2 परियोजना के एक आवंटी को छह साल बाद कब्जा दिलाया। साथ ही, कब्जा मिलने में हुई देरी के लिए ब्याज दिलाया।बीसीसी इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड की गाजियाबाद स्थित भारत सिटी-2 परियोजना में अजय कोहली ने अप्रैल 2014 में फ्लैट बुक कराया था। 27.54 लाख की लागत वाले फ्लैट के लिए आवंटी ने करीब 26.14 लाख का भुगतान कर दिया था। उन्हें अप्रैल 2017 में कब्जा मिलना था। तय समय पर कब्जा नहीं मिला। आवंटी ने 2021 में रेरा में शिकायत दर्ज कराई। रेरा ने आवंटी के पक्ष में फैसला दिया, लेकिन बिल्डर ने पालन नहीं किया। इसके बाद आवंटी फिर रेरा गया।

# सेंट स्टीफंस कॉलेज दाखिला : 15 फीसदी अल्पसंख्यक आरक्षण को सुप्रीम कोर्ट की हरी झंडी

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली विश्वविद्यालय के सेंट स्टीफंस कॉलेज में शैक्षणिक सत्र 2023- 24 दाखिले में ईसाई अल्पसंख्यक आरक्षण के तहत साक्षात्कार में 15 प्रतिशत अंक देने की दिल्ली उच्च न्यायालय के अंतरिम अनुमति को उचित ठहराते हुए उसे बरकरार रखने का सोमवार को आदेश पारित किया। न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना और न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा की पीठ ने दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार करने के साथ ही यह भी कहा कि वह इस मामले का जल्द निपटारा करे।

शीर्ष अदालत ने अपने आदेश में कहा कि उच्च न्यायालय का यह आदेश अंतरिम था। इसमें कोई भी संशोधन करने से दाखिला लेने चुके विद्यार्थियों



का भविष्य प्रभावित करेगा। इसलिए वह उच्च न्यायालय के इस आदेश में फिलहाल हस्तक्षेप करने को उत्सुक नहीं है। उच्च न्यायालय ने सेंट स्टीफंस कॉलेज को ईसाई अल्पसंख्यक आरक्षण के तहत प्रवेश के लिए साक्षात्कार में 15 प्रतिशत वरीयता देने की अनुमति दी थी। दिल्ली विश्वविद्यालय ने उच्च न्यायालय की अनुमति देने के इस आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटा आया था। सेंट स्टीफंस कॉलेज ने दिल्ली विश्वविद्यालय की कार्यकारी परिषद के फैसले और उसकी 30 दिसंबर 2022 की एक अधिसूचना को चुनौती दी थी, जिसमें अल्पसंख्यक आरक्षण के जरिए प्रवेश के लिए कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी) नंबर पर 100 प्रतिशत पर जोर दिया गया था। साक्षात्कार में अल्पसंख्यक को 15 प्रतिशत वरीयता देने की व्यवस्था समाप्त कर दी गई थी।

उच्च न्यायालय ने अपने जुलाई के आदेश में इस तथ्य पर जोड़ दिया था कि कॉलेज द्वारा चुनौती दी गई यूजीसी (इस कॉलेज के मद्देनजर) प्रथम दृष्टया भारत के संविधान के अनुच्छेद 30(1) के तहत सेंट स्टीफंस कॉलेज के अधिकार और उच्च न्यायालय के आदेश के उलट थी।

# नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में उपनिदेशक और पत्नी गिरफ्तार

## पुलिस ने उपनिदेशक के फ्लैट में सहायिका व बाकी लोगों के भी बयान लिए

**नई दिल्ली।** बुराड़ी में नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में दिल्ली सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग में कार्यरत उपनिदेशक प्रेमोदय खाका और पत्नी सीमा रानी को सोमवार गिरफ्तार कर लिया गया। आरोप है कि प्रेमोदय खाका ने दोस्त की बेटी को घर में डरा-धमकाकर कई माह तक दुष्कर्म किया। जब पीड़िता गर्भवती हो गई तो उसने प्रेमोदय की पत्नी सीमा रानी को सारी बात बताई। आरोप है कि उसने पीड़िता की पिटाई कर जबरन उसे गर्भपात की गोलियां खिला दीं। ढाई साल बाद मामले का खुलासा होने पर पुलिस ने 13 अगस्त को विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर दोनों को गिरफ्तार किया है। उधर, मामले का खुलासा होने पर मुख्यमंत्री ने इसे गंभीरता से लेते हुए मुख्य सचिव को



आदेश जारी कर तुरंत उपनिदेशक प्रेमोदय खाका को निलंबित कर जांच के आदेश दे दिए हैं। पांच दिन के भीतर रिपोर्ट देने के लिए कहा गया है। वहीं मामले पर दिल्ली महिला आयोग ने भी पुलिस को नोटिस जारी कर जांच में देरी पर जवाब मांगा है। महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल सोमवार को सेंट स्टीफन अस्पताल में पीड़िता से मिलने पहुंचीं तो अस्पताल प्रशासन ने उनको मिलने से रोक दिया। बाद में पुलिस भी पहुंच गई। मिलने न देने पर स्वाति मालीवाल अस्पताल में ही धरने पर बैठकर पुलिस पर गंभीर आरोप लगाने लगीं। दूसरी तरफ अस्पताल में भर्ती 16 वर्षीय पीड़िता की हालत में सुधार हुआ है। सोमवार को पुलिस ने मजिस्ट्रेट के समक्ष पीड़िता के 164 के बयान दर्ज कराए। सूत्रों का कहना है कि बयान में पीड़िता ने एफआईआर के आरोपों को दोहराया है। पुलिस ने उसके आधार पर छानबीन शुरू कर दी है। सोमवार सुबह एक टीम छानबीन के लिए उपनिदेशक के बुराड़ी के शक्ति एंक्लेव स्थित फ्लैट पर पहुंची। यहां पहुंचकर पुलिस ने छानबीन की। पुलिस ने उपनिदेशक की सहायिका व बाकी लोगों के बयान भी लिए। उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त सागर सिंह कलसी ने बताया कि दोनों को गिरफ्तार कर जांच शुरू कर दी गई है। इससे पहले सोमवार को मामला मीडिया में आने पर पुलिस की खूब फजीहत हुई। पुलिस पर सवाल खड़ा किया जाने लगा कि इतना गंभीर मामला होने के बाद भी आठ दिन तक गिरफ्तारी नहीं की। इसके बाद पुलिस एकदम सक्रिय हुई और प्रेमोदय और पत्नी सीमा को गिरफ्तार कर लिया।

# घर की घरेलू सहायिका ने की लाखों की चोरी

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा की थाना बीटा-2 पुलिस ने एक घर में चोरी करने वाली घरेलू सहायिका को उसके पति के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी किए 15,40,000 र रुपए, दो पासबुक, दो मोबाइल, एक बैग व एक लेडीज पर्स बरामद किया है। यह करीब 3 वर्षों से उसी घर में कार्य कर रही थी।

बीटा 2 थाना क्षेत्र के पूर्वांचल रॉयल सिटी में रहने वाले मनीष ने पुलिस को तहरीर दी। जिसमें उन्होंने दिया कि उसकी घरेलू सहायिका ममता उनके यहां पर करीब तीन वर्षो से कार्य करती थी। उसके द्वारा अलग-अलग तिथियों में कुल 47 गड्डी 500 के नोट (कुल 23 लाख 50 हजार रुपए) की चोरी कर ली गई है।

### कुल 23 लाख 50 रुपए अलमारी से गायब

पीड़ित ने बताया कि जून के अंत में 13 लाख रुपए मैने सूटकेस में रखकर अलमारी में रख दिए। उसके बाद एक रिश्तेदार से लेकर 3 अगस्त को 17 लाख 50 हजार रुपए एक बैग में रखकर अलमारी में रख दिए। अब 16 अगस्त को पैसों की जरूरत पड़ी तो पाया कि पैसे कम थे। सूटकेस में रखे 13 लाख रुपए में से 12 लाख रुपए कम थे। वहीं बैग में रखे 17 लाख 50 हजार में से 11 लाख 50 हजार रुपए कम थे। यानी कुल मिलाकर 23 लाख 50 रुपए अलमारी से गायब थे।

# मेवाड़ में तीज महोत्सव आयोजित, शशि बनीं तीज क्वीन



**गाजियाबाद।** मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में तीज महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम व अनोखी मनोरंजक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। ऑडिटोरियम में आयोजित तीज महोत्सव में शशि प्रजापति ने अपनी आकर्षक वेशभूषा और फैशन शो में उम्दा रैम्प वॉक के बूते मिस तीज क्वीन का खिताब जीता। मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन डॉ. अशोक कुमार गदिया व निदेशिका डॉ. अलका अग्रवाल ने विजेताओं को पुरस्कार दिये। मेवाड़ इंस्टीट्यूशंस की निदेशिका डॉ. अलका अग्रवाल ने शशि को तीज क्वीन का ताज पहनाया। तीज महोत्सव में एकल व सामूहिक नृत्यों ने खूब समां बांधा। लॉ, मैनेजमेंट, एचएसएस, बीकॉम, बायोटेक, बीएड, बीटीसी आदि विभाग के शिक्षक-शिक्षिकाओं के समूह नृत्यों ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिये। संचालक श्रेया अग्रवाल, अनुराधा एवं अमित पाराशर ने मनमोहक अंदाज से जहां सबमें नई ऊर्जा का संचार किया तो उनके सुनाये चुटकुलों का दर्शकों ने जमकर लुत्फ उठाया।

निदेशिका डॉ. अलका अग्रवाल ने सबका आभार व्यक्त किया और तीज के त्योहार की महत्ता पर प्रकाश डाला। मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन डॉ. अशोक कुमार गदिया ने सभी को तीज पर्व की शुभकामनाएं दीं और कहा कि सभी आनंदपूर्वक पूर्णता से जिएं। हर परिस्थिति में खुश रहना सीखें। खुश रहना कई बीमारियों का इलाज है।

# नेफ़ोवा अध्यक्ष को केंद्रीय परामर्शी परिषद का बनाया गया सदस्य

गौतम बुद्ध नगर। नेफोवा अध्यक्ष अभिषेक कुमार को भारत सरकार के आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा गठित केंद्रीय परामर्शी परिषद का सदस्य बनाया गया है। इसको लेकर घर खरीदारों में जबरदस्त उत्साह है। सैंकड़ों की संख्या में घर खरीदार एक मूर्ति पर जमा हुए। घर ख़रीदारों ने इस मौके पर मिठाई बांटी और एकजुट रहने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर अभिषेक कुमार ने कहा कि वो घर ख़रीदार हैं और लगातार घर ख़रीदारों की आवाज़ उठा रहे हैं और परामर्शी परिषद में भी वो लगातार इस मुद्दे को उठाते रहेंगे। उन्होंने कहा कि जब तक आखिरी घर ख़रीदार की समस्या का समाधान नहीं हो जाता संघर्ष जारी रहेगा। नेफ़ोवा अध्यक्ष और बड़ी संख्या में घर ख़रीदारों से नोएडा के विधायक पंकज सिंह मिले। उन्होंने कहा कि अभिषेक कुमार के भारत सरकार के आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय की केंद्रीय परामर्शी परिषद का सदस्य बनने से घर ख़रीदारों की आवाज़ को और मजबूती मिलेगी।

# किसानों ने घेरा विधायक पंकज सिंह का घर

## हम जनप्रतिनिधि हर रोज किसानों का धरना-प्रदर्शन झेल रहे हैं और इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कमिश्नर लखनऊ में बैठकर तमाशा देखते हैं : विधायक

नोएडा। नोएडा में किसान आंदोलन उग्र होता जा रहा है। सोमवार को बड़ी संख्या में किसान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के विधायक बेटे पंकज सिंह के घर पहुंचे। इस बीच प्रदर्शनकारी किसान और पुलिस में जोरदार भिड़ंत हो गई। किसान सड़क पर बैठकर धरना देने लगे।

किसानों के धरना-प्रदर्शन की जानकारी मिलते ही पंकज सिंह उनके बीच पहुंचे। भड़कते हुए कहा, हम जनप्रतिनिधि हर रोज किसानों का धरना-प्रदर्शन झेल रहे हैं और इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कमिश्नर लखनऊ में बैठकर तमाशा देखते हैं। नोएडा प्राधिकरण के अधिकारी को फटकारते हुए कहा, विधायक ने कहा कि उनसे कहिए, लखनऊ में बैठकर तमाशा नहीं देखें। मैं 15 दिन का समय दे रहा हूं। ये समय उद्योग मंत्री को भी दे रहा हूं। जल्दी से समस्या का समाधान करें।



किसान पिछले एक महीने नोएडा प्राधिकरण पर प्रदर्शन कर रहे हैं। सोमवार को भी पहले किसान सेक्टर-6 स्थित प्राधिकरण के कार्यालय पर जुटे।

इसके बाद वहां से पैदल मार्च करते हुए दोपहर बाद सेक्टर-26 विधायक के घर पहुंचे। पुलिस ने यहां बैरिकेड कर रखी थी। जिसके बाद किसानों ने पहले मांग की उन्हें विधायक से मिलना है। इसके बाद विरोधी नारेबाजी की। किसानों को आगे जाने से रोकने पर वो उग्र हो गए।

### बैरिकेड तोड़कर आगे बढ़े किसान

किसानों ने बैरिकेड को तोड़ दिया और आगे बढ़ गए। पुलिस और किसानों के बीच जमकर नोकझोंक हुई। नौबत खींचातानी तक की आ गई। इसके बाद प्राधिकरण अधिकारियों की एक टीम वहां पहुंची। किसान विधायक से मिलने की बात पर अड़ गए और वहीं धरने पर बैठ गए।

### विधायक पंकज सिंह ने दिया आश्वासन

हंगामा की सूचना मिलते ही पंकज किसानों के बीच पहुंचे। सख्त रुख दिखाते हुए प्राधिकरण अधिकारियों को फटकार लगाई।

इसके बाद आईडीसी पर जमकर भड़के। किसानों को आश्वस्त किया उनकी सभी मांगों को पूरा किया जाएगा। इसके बाद वे धारना स्थल पर वापस लौट आए। इस दौरान सेक्टर-20, सेक्टर-27 और एमपी-1 सड़क पर जाम लगा रहा।

# संपादकीय



## कानून-व्यवस्था की बड़ी नाकामी

कानून के मुताबिक अगर किसी गवाह को डरा-धमका कर बयान बदलने पर मजबूर किया जाता है, तो उसकी सुरक्षा के इंतजाम करना पुलिस का काम है। मगर वहां पुलिस तो शायद इस इंतजार में थी कि कोई बड़ी घटना हो जाए!

मामूली रंजिश के चलते भी जब किसी की हत्या कर देने में अपराधियों के हाथ नहीं कांपते, तो इसे कानून-व्यवस्था की बड़ी नाकामी ही माना जाना चाहिए। बिहार में वैसे तो नीतीश कुमार सुशासन का दम भरते नहीं थकते, मगर हकीकत यह है कि वहां हिंसा का सिलसिला अब भी थमा नहीं है। जैसे अपराधियों पर लगाम कसना सरकार के वश की बात नहीं रह गई है।

इसका ताजा उदाहरण अररिया में एक पत्रकार की हत्या है। चार लोगों ने तड़के पत्रकार का दरवाजा खटखटाया और दरवाजा खोलते ही गोली मार कर उसकी हत्या कर दी। अगर अपराधियों में थोड़ा भी कानून-व्यवस्था का भय होता, तो वे निश्चित रूप से ऐसा करने से हिचकते। पुलिस ने उन चारों आरोपियों को पकड़ लिया है।

बताया जा रहा है कि इस हत्या के पीछे दो और लोगों का भी हाथ था, जो पहले से जेल में बंद हैं। जिस पत्रकार की हत्या की गई, उसके पिता ने प्राथमिकी में लिखवाया है कि चार साल पहले उनके बड़े बेटे को भी इन्हीं लोगों ने गोली मार कर हत्या कर दी थी। रंजिश पुरानी है। उस हत्या का एकमात्र चश्मदीद उसका छोटा भाई यानी पत्रकार ही था और उस पर अपना बयान बदलने का लगातार दबाव बन रहा था। वह अपने बयान से नहीं मुकरा, तो उसे रास्ते से ही हटा दिया गया।

इस घटना से आपराधिक वृत्ति के लोगों की दबंगई का अंदाजा लगाया जा सकता है। ऐसा नहीं माना जा सकता कि जब चश्मदीद पर बयान से मुकरने का दबाव बनाया जा रहा था, तो उसकी जानकारी पुलिस को नहीं रही होगी। मगर पुलिस ने उसकी सुरक्षा का कोई इंतजाम क्यों नहीं किया, हैरानी की बात है।

कानून के मुताबिक अगर किसी गवाह को डरा-धमका कर बयान बदलने पर मजबूर किया जाता है, तो उसकी सुरक्षा के इंतजाम करना पुलिस का काम है। मगर वहां पुलिस तो शायद इस इंतजार में थी कि कोई बड़ी घटना हो जाए! ऐसी खबरें आती रही हैं कि बिहार में किस तरह अपराधी जेलों में रहते हुए भी संगठित अपराधों को अंजाम देते हैं!

फिर जो बाहर घूम रहे हैं, उनसे भला किस प्रकार के भय या फिर कानून के पालन की उम्मीद की जा सकती है। यह ठीक है कि कुछ साल पहले जिस तरह बदमाश दिन-दहाड़े रंगदारी वसूलते, अपहरण कर फिरौती मांगते और मामूली बातों पर गोली दाग दिया करते थे, उसमें कुछ कमी आई है, मगर कानून-व्यवस्था का जैसा भय होना चाहिए, वह बिहार में कहीं नहीं है।

जिस पत्रकार की हत्या कर दी गई, वह निश्चित रूप से जागरूक रहा होगा और पुलिस से भी उसके संपर्क रहे होंगे। जरूर उसे अपने ऊपर हमले की आशंका रही होगी। उसने इस संबंध में पुलिस को बताया भी होगा, मगर आखिरकार उसकी सुरक्षा नहीं हो सकी। देश में पुलिस और अपराधियों का गठजोड़ किसी से छिपा नहीं है।

बिहार में यह कुछ अधिक ही है। इसलिए इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि बदमाशों ने इस भरोसे के साथ पत्रकार की हत्या कर दी कि बाद में मामले को अपने पक्ष में किया जा सकता है। इस घटना के बाद स्वाभाविक ही बिहार में रोष है।

विपक्षी दलों को सरकार को घेरने का मौका मिल गया है। ऐसे में राज्य सरकार से अपेक्षा की जाती है कि वह इसे गंभीरता से लेगी और कानून-व्यवस्था के मोर्चे पर और चौकसी बरतेगी।

## मणिपुर : क्या बढ़ रहा हिंसा का दायरा?

**मैतेई समुदाय को जनजाति के दर्जे की बात से शुरू हुआ टकराव अब भी जिस रूप में जारी है, वह राज्य के साथ-साथ समूचे देश के लिए चिंता का कारण होता जा रहा है।**

मणिपुर में हिंसा की ताजा घटनाओं ने चिंता का दायरा इस रूप में बढ़ा दिया है कि क्या अब नगा समुदाय भी इसमें एक पक्ष के रूप में शामिल हो रहा है! इससे पहले हिंसा और टकराव मुख्य रूप से कुकी और मैतेई समुदायों के बीच था। लंबे समय तक चले प्रयासों की वजह से प्रशासनिक उपायों के बाद पिछले कुछ दिनों तक हिंसक घटनाओं में कुछ कमी देखी जा रही थी। इससे शांति की उम्मीद बंध रही थी। मगर हिंसा का नया दौर चिंता बढ़ाने वाला है। दरअसल, राज्य के उखरूल जिले के थोवई गांव में शुक्रवार को भारी गोलीबारी के बाद तीन युवकों के क्षत-विक्षत शव पाए गए। उखरूल जिला तांगखुल नगा बहुल है और अब तक अपेक्षया शांत था। इस इलाके में हिंसा की यह पहली घटना है।

खबरों के मुताबिक तीन युवकों पर उस समय हमला हुआ, जब वे अपने गांव थोवई की रखवाली कर रहे थे। थोवई कुकी समुदाय का गांव है। हालांकि सीमा सुरक्षा बल और पुलिस ने आरोपियों की तलाश की बात कही है, लेकिन अब नए सिरे से ये सवाल उठने लगे हैं कि क्या हिंसा की आग में अब नगा भी कूद पड़े हैं!

अगर वास्तव में ऐसा होता है तो पहले से ही जातीय संघर्ष से जूझ रहे मणिपुर में हालात और मुश्किल होंगे, इसका दायरा कुछ पड़ोसी राज्यों को भी प्रभावित कर सकता है।

सवाल है कि करीब तीन महीने पहले शुरू हुई हिंसा और अराजकता अगर अब भी नहीं थम सकी है, तो इसकी जिम्मेदारी किस पर है। सही है कि इस बीच सरकार की ओर से हर स्तर पर सख्ती बरतने, शांति कायम करने के लिए सेना तक उतारने की कवायदें की गईं। हिंसा रोकने के लिए केंद्र सरकार ने शांति समिति भी गठित की, लेकिन ऐसा लगता है कि इस सबका कोई खास असर नहीं पड़ा। एक छोटे से राज्य में हिंसा पर काबू पाना अब भी मुश्किल बना हुआ है। मई की शुरुआत से जारी जातीय हिंसा ने राज्य को एक तरह से अलग-अलग हिस्सों में विभाजित कर दिया है।

अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि लगातार हिंसक घटनाओं के बाद अब कुकी इलाकों में अलग प्रशासन तक की मांग तेज हो रही है। ऐसी स्थिति में नगा संगठनों की ओर से भी यह मांग उठ रही है कि 'किसी अन्य समुदाय' की मांगों पर गौर करते हुए नगा हित प्रभावित न हों।

मणिपुर में जो हालात हैं, उसमें यह चिंता स्वाभाविक हो सकती है, लेकिन अगर आगे नगा समुदाय के भी उग्र या हिंसक होने की स्थितियां बनती हैं तो इससे समस्या का कोई हल नहीं निकलेगा, बल्कि हालात और जटिल ही होंगे। हालांकि यह आशंका भी जताई जा रही है कि ताजा हिंसा किसी अन्य पक्ष की ओर से समस्या को उलझाने की कोशिश भी हो सकती है!

मुश्किल यह है कि हिंसा के इतना लंबा वक्त खिंचने के बावजूद सरकार अलग-अलग पक्षों को वार्ता के मंच पर लाकर कोई हल निकालने में नाकाम रही है। जब तक जमीनी स्तर पर कोई ठोस पहल नहीं होगी, हिंसा और टकराव में शामिल पक्षों को बातचीत के जरिए समस्या के हल के लिए तैयार नहीं किया जाएगा, तब तक सामान्य स्थिति और शांति बहाल करने में स्थायी कामयाबी नहीं मिलेगी।

## महंगाई की आरी - टमाटर के बाद अब प्याज़ की तैयारी



**प्याज़ की मार - एक्शन में सरकार - 40 प्रतिशत निर्यात शुल्क का भार**

**टमाटर जैसा हाल प्याज़ का भी ना हो जाए इसलिए प्याज़ निर्यात पर 40 परसेंट निर्यात शुल्क लगाना उचित कदम - एडवोकेट किशन भावनानी गोंदिया**

गोंदिया - भारत में टमाटर और प्याज को स्वाद याने टेस्ट की चाबी माना जाता है जो भोजन रूपी दरवाजे और उसके स्वाद को प्याज टमाटर रूपी चाबी से खोला जाता है। यानें यह दोनों नहीं रहे तो मेरा मानना है कि अमीर से गरीब व्यक्ति तक को भोजन के स्वाद में कुछ ना कुछ कमींमहसूस करने को मिल जाएगी, इसका अनुभव घर के होम मिनिस्टर यानें महिलाओं को अधिक अनुभव होना लाजमी है, क्योंकि बिना प्याज टमाटर के सब्जी बनाना कितना मुश्किल होता है इनसे अधिक कोई नहीं जान सकता। क्योंकि यदि सब्जी में प्याज किसी को वर्जित है तो उसका अल्टरनेट टमाटर है और टमाटर का अल्टरनेट प्याज है, यदि दोनों ही नहीं हो तो स्वाद की चाबी गुम समझो ! जी हां यह बात हम सबको अनुभव अभी हुई है, जब टमाटर का रेट हमने 400 रुपए प्रति किलोग्राम तक भी दिए हैं, फिर सरकार ने नाफेड के माध्यम से टमाटर सस्ते में बेचना चालू किया,जिससे राहत मिली अब टमाटर नाफेड में 40 रुपए प्रति किलोग्राम से आपूर्ति हो रहें है। परंतु फिर चली है महंगाई की आरी, टमाटर के बाद अब प्याज की तैयारी! ज़िस तरह से प्याज के भाव बढ़ते जा रहे हैं, हमें टमाटर के भाव के कुछ दिनों पहले जो अतीत बनें याद आ रहे हैं और अखिल भारतीय औसत खुदरा कीमत शनिवार 19 अगस्त 2023 को 30.72 रुपए प्रति किलोग्राम और अधिकतम कीमत 63 रुपए प्रति किलोग्राम और न्यूनतम कीमत 10 रुपए प्रति किलोग्राम हुआ, जिसका आभास होते ही सरकार ने दिनांक 19 अगस्त 2023 को वित्त मंत्रालय राजस्व विभाग द्वारा अधिसूचना क्रमांक 47/2023 सीमाशुल्क जारी कर प्याज के निर्यात पर 40 प्रतिशत शुल्क लगा दिया है जो तत्काल प्रभाव से 31 दिसंबर 2023 तक जारी रहेगा, क्योंकि एक जानकारी के अनुसार जनवरी-मार्च 2023 में प्याज का निर्यात 8.2 लाख टन रहा जबकि यही पिछली अवधि यानें जनवरी-मार्च 2022 में 3.8 लाख टन था। चूंकि प्याज की कीमतें तेजी से बढ़ रही है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, प्याज की मार, एक्शन में सरकार 40 प्रतिशत निर्यात शुल्क का भार।

साथियों बात अगर हम टमाटर के बाद अब प्याज की कीमतों में वृद्धि और सरकार द्वारा निर्यात शुल्क लगाने की करें तो, टमाटर की आसमान छूती कीमतों से बड़ी मुश्किल से निजात मिली है। धीरे-धीरे टमाटर के दाम कम होने शुरू हुए है। टमाटर की कीमतों के बीच प्याज ने सरकार की चिंता बढ़ाना शुरू कर दिया। प्याज की बढ़ती कीमतों का हाल भी टमाटर जैसा न हो जाए इसलिए सरकार ने बड़ा



कदम उठाया है, प्याज की मूल्य वृद्धि पर अंकुश लगाने और घरेलू बाजार में आपूर्ति में सुधार के लिए प्याज के निर्यात पर 40 प्रतिशत नियार्त शुल्क लगाया है। दरअसल प्याज की कीमतों में लगातार तेजी आ रही है। कई रिपोर्ट में यह भी दावा किया जा रहा है कि सितंबर के महीने में प्याज की कीमतों में और उठाल देखने को मिल सकता है।सरकार ने प्याज के अलावा टमाटर की बढ़ती कीमतों से राहत देने के लिए भी बड़ा कदम उठाया था. । सरकार 20 अगस्त 2023 से 40 रुपए प्रति किलो के भाव से टमाटर बेच रही है। उपभोक्ता मामलोंके विभाग ने नाफेड और एनसीसीएफ को 20 अगस्त को 40 रुपये भाव पर टमाटर बेचने का निर्देश दिया था।

अब प्याज की कीमत 50 रुपये से 60 रुपये तक होने जाने की संभावना जताई जा रही है। सरकार ने इन कीमतों को नियंत्रित करने के लिए यह कमद उठाया है। इससे पहले सरकार ने प्याज की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए नई फसल के आने तक कुछ खास क्षेत्रों में अपने बफर स्टॉक से प्याज बाजार में उतारने की घोषणा की थी। खराब गुणवत्ता वाले प्याज की बड़ी हिस्सेदारी, टमाटर के साथ-साथ अन्य सब्जियों की बढ़ी कीमत, बाढ़ और भारी बरसात के कारण प्याज की कीमतों को महंगा करने के लिए जिम्मेदार है ।गौरतलब है कि सब्जियों और अनाज की कीमतों में तेज उछाल के कारण खुदरा मुद्रास्फीति के दर में बढ़त देखने को मिली है। जुलाई में खुदरा मुद्रास्फीति 7.44 फीसदी पर पहुंच गया। खाने-पीने की चीजों की बढ़ती कीमतों ने सरकार की चिंता बढ़ा दी है।

साथियों बात अगर हम प्याज पर निर्यात शुल्क 40 प्रतिशत लगाने के कारणों की करें तो, इस साल जनवरी से मार्च 2023 की अवधि में प्याज का निर्यात असाधारण रूप से उच्च स्तरपर लगभग 8.2 लाख टन रहा है, जबकि पिछले साल इस अवधि में यह 3.8 लाख टन था।सरकारी आंकड़ों से पता चलता है कि महाराष्ट्र और कर्नाटक जैसे प्रमुख प्याज उत्पादक राज्यों में मानसून के देरी से आने के कारण खरीफ की बुआई में देरी हुई।यही कारण रहा है कि प्याज समेत अन्य जरूरी सब्जियों की औसत खुदरा कीमत एक महीने पहले के 25 रुपये की तुलना में बढ़कर 30 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। इससे पहले, भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ (एनसीसीएफ) और भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन महासंघ (नेफेड) ने भी महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश से 1.50 लाख टन प्याज की खरीद की थी। इसके अलावा, प्याज की शेल्फ लाइफ बढ़ाने के लिए सरकार ने पायलट आधार पर भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (बीएआरसी) की मदद से इसका विकिरण शुरू किया। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, 2020-21 से 2023-24 के बीच उच्च खपत वाले क्षेत्रों में रबी सीजन की खरीद के कारण प्याज का वार्षिक बफर एक लाख टन से तीन लाख टन तक होगा। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के एक बयान में कहा गया है, प्याज बफर ने उपभोक्ताओं को सस्ती कीमतों पर प्याज की उपलब्धता सुनिश्चित करने और मूल्य स्थिरता बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।भारत को प्याज की लगभग 65 प्रतिशत आपूर्ति रबी सीजन से प्राप्त होती है, जिसकी कटाई अप्रैल-जून के दौरान होती है और अक्टूबर-नवंबर में खरीफ फसल की कटाई होने तक उपभोक्ताओं की मांग को पूरा किया जाता है।

साथियों बात अगर हम जुलाई में मुद्रा स्फीति दर टमाटर सब्जियों के कीमतों में वृद्धि के कारण अधिक बढ़कर 7.44 प्रतिशत की करें तो, जुलाई में खुदरा मुद्रास्फीति बढ़कर 7.44 प्रतिशत हो गई, जो जून में 4.87 प्रतिशत थी पिघले हफ्ते सरकार की ओर से इसके आंकड़े जारी किए गए। जुलाई में खुदरा महंगाई दर आरबीआई की ओर से तय महंगाई के बैंड दो से छह प्रतिशत के दायरे से बाहर निकल गई है। सब्जियों खासकर टमाटर समेत खाने-पीने की चीजों की कीमतों में तेज वृद्धि के कारण जुलाई 2023 में खुदरा महंगाई दर बढ़कर 7 फीसदी के पार पहुंच गई है। बता दें कि जुलाई में कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स आधारित मुद्रास्फीति जुलाई में 7.44 फीसदी दर्ज की गई थी। पिछले साल जुलाई, 2022 में ये 6.71 फीसदी थी। इसके पहले जून, 2023 में ये 4.87 फीसदी थी. जुलाई में फूड बास्केट में महंगाई दर 11.51 फीसदी थी।

साथियों बात अगर हम प्याज महंगे होने के इतिहास की करें तो, प्याज के महंगे होने की कहानी कोई पहली बार की नहीं है. अगर 10 साल पीछे के प्याज कारोबार को देखें तो महंगी प्याज ने कई रिकॉर्ड बनाए हैं। देश की सरकारों को हिलाने के साथ ही यह भी पहला ही मौका था जब किसी सामान के महंगा होने की वजह जानने के लिए जांचआयोग बनाया गया था। हालांकि जमाखोरों और दलालों के चलते आयोग को अपना काम बीच में ही बंद करना पड़ा था। लेकिन बंद होने से पहले आयोग ने यह रिपोर्ट दे दी थी कि प्याज महंगी होने के पीछे कोई एक नहीं कई बड़ी वजह हैं. आपको बता दें कि दिल्ली समेत देशभर में रफ्तार पकड़ रही प्याज के भाव को कंट्रोल करने की कवायद का असर शायद दिखने लगा है, सरकार ने प्याज की आसमान छूती कीमतों के मद्देनजर इसके भंडारण की अधिकतम सीमा तय कर दी है। इसके अलावा निर्यात पर40 प्रतिशत के उपाय किए गए हैं।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि महंगाई की आरी - टमाटर के बाद अब प्याज़ की तैयारी।प्याज़ की मार - एक्शन में सरकार - 40 प्रतिशत निर्यात शुल्क का भार।टमाटर जैसा हाल प्याज़ का भी ना हो जाए इसलिए प्याज़ निर्यात पर 40 परसेंट निर्यात शुल्क लगाना उचित कदम है।

## सकारात्मक सोच और नवीन संकल्प जीवन की सफलता के सार्थक आयाम

निराशा और चिंता मनुष्य के जीवन की प्रगति के बड़े बाधक हैं। निराशा को तत्काल विचारों से अलग करें और चिंता को अपने मस्तिष्क में ना आने दे अन्यथा अत्यधिक चिंता व्यक्ति को चिता तक ले जाने में देर नहीं करती है अतः सकारात्मक सोच के साथ नवीन संकल्प और दृढ़ निश्चय रखकर जीवन के पथ में अग्रसर हो हों। मन ही मन यदि आपने किसी कठिन कार्य को करने का संकल्प ले लिया तो निरंतर जिजीविषा और संयम के साथ संघर्ष हर बड़ी जीत और सफलता के उत्तम मार्ग हैं। वैसे जीवन में दुष्कर, कठिन कार्य को पहले चुनना चाहिए जिससे पूरी शक्ति एवं उर्जा लगाकर हम उसे प्राप्त कर सकेद्य कठिन कार्य से घबराकर उससे पलायन करना निराशा को जन्म देता है। निराशा से बढ़कर कोई अवरोध नहीं अतः निराशा, हताशा को त्यागें और ऊर्जा उत्साह के साथ आगे बढ़े, सफलता आपके कदमों पर होगी। हर बड़ा व्यक्ति जो हमें समाज से अलग हटकर खड़ा दिखाई देता हैद्य जिसे हम विलक्षण मानते और प्रतिभा संपन्न मानते हैं और आज के संदर्भ में हम उसे सेलिब्रिटी कहते हैं तो निसंदेह उसकी इस सफलता के पीछे अनवरत श्रम, अदम्य मानसिक शक्ति और संयम छुपा होता है। बड़ी सफलता प्राप्त करने का कोई सरल उपाय या शॉर्टकट नहीं होता है। विपरीत परिस्थितियों में मनुष्य की मानसिक दृढ़ता एवं संकल्पित कठिन श्रम ही सफलता के रास्ते खोलते हैं। यूं तो हर इंसान के जीवन में विशेषताएं, मान्यताएं, प्रतिबद्धताओं और आकांक्षाएं होती हैं। सभी लोग मूलभूत आवश्यकताओं के साथ साथ सामाजिकता , प्रसिद्धि और प्रतिष्ठा जैसी उच्च स्तरीय आवश्यकताओं की पूर्ति करना चाहते हैंद्य मानव की स्वाभाविक और अदम्य इच्छा की पूर्ति के संपूर्ण जीवन और उसके अस्तित्व के लिए अत्यंत आवश्यक है किंतु व्यक्ति की इच्छा,आकांक्षा सफलता उस उसके मूल्यों,सिद्धांतों और आदर्शों की कीमत पर कतई नहीं होनी चाहिए द्य यदि व्यक्ति की आकांक्षा,सफलता और इच्छा उसकी अदम्य इच्छा, भूख और मूल्यों को समाविष्ट ना करते हुए दूसरी दिशा में जाती हो तो ऐसे में उसकी सफलता पूरे मानव समाज और मानवता के लिए संकट का कारण भी बन सकती है। जिस तरह एक वैज्ञानिक मेहनत, लगन, प्रयोगशाला में मानवी संविधान मूल्यों से ओतप्रोत मानव कल्याण के उपकरण न बनाकर जैविक व रासायनिक हथियार बनाकर व्यापक नरसंहार जैसे अमानवीय अविष्कार को मूर्त रूप दे, तो यह समाज के लिए खतरनाक हो सकता है। यही वजह है की सफलता का नक्शा और इच्छा के पीछे माननीय मूल्यों का होना अत्यंत आवश्यक भी है।

मूल्य, सिद्धांत और नैतिकता जीवन के लक्ष्य और उसके क्रियान्वयन में सर्वाधिक संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सफलता की धारणा केवल स्थापित मापदंड न होकर मानवीय मूल्यों से जुड़ा होकर मानव कल्याण के लिए भी होना चाहिए। इसमें कोई संदेह नहीं की विश्व भर की सभी सभ्यताओं, संस्कृतियों और धर्मों में अहिंसा, सत्य ,करुणा, सेवा, दया और विश्व बंधुत्व की भावना की निर्विवाद उपस्थिति दिखाई देती है। और वैश्विक विकास की अवधारणा भी इन्हीं बिंदुओं पर रखकर तय की जाती है।

## मुफलिसी मेरी रिश्तेदार हो गई है

मुफलिसी मेरी रिश्तेदार हो गई है
तंगहाली जिंदगी में शुमार हो गई है।।
कौन किसी की यहां कोई कद्र करता।
फकीरी ही अब मेरा संसार हो गई है।।
जाइए, देखे है हमने कितने कद्रदान।
गर्दीशी अब गले का हार हो गई है।।
राहों में चलते हैं तो कांटे तो चुभेगे ही।
राहेँ भी अब यहां बड़ी रंगदार हो गई है।।
जिसके हाथ लगी दौलत और हुकूमत।
वे सब हस्तियां जागीरदार हो गई है।।
आप हमें करें प्यार या बेइंतहा नफरत।
हमारी जिंदगी आप पर जानिसार हो गई है।।
हमें मालूम है आपकी असली फितरत।
आप सचमुच मंजी कलाकार हो गई हैं।।
कौन कुछ लेकर आया है क्या लेकर जाएगा।
जिंदगी रंगमंच का किरदार हो गई है।।



संजीव ठाकुर
रायपुर

## सांसदों के अमर्यादित आचरण से खराब होती राजनीतिक दलों की छवि

### भाजपा सांसद रामशंकर कठेरिया को आगरा की एमपी एमएलए कोर्ट से दो साल की सजा



(सीए) मनीष कुमार गुप्ता

हाल ही मे देश में कई सांसदों को उनके आपराधिक मामलों के चलते दो वर्ष से ज्यादा की सजा न्यायालय की ओर से सुनाई गई है। दरअसल इस दौरान दो साल की सजा पाए ज्यादातर सांसदों को अपनी लोकसभा सदस्यता से भी हाथ धोना पड़ा है। क्योंकि संविधान के मुताबिक किसी भी सांसद और विधायक को दो साल की सजा होती है तो उसकी सदस्यता स्वतः ही समाप्त हो जाएगी। ऐसे में हाल ही में उत्तर प्रदेश आगरा के भाजपा सांसद और पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री व एससीएसटी आयोग के पूर्व अध्यक्ष रामशंकर कठेरिया को हाल ही में आगरा की एमपीएमएलए कोर्ट ने मारपीट के एक मामले में दो साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही एमपीएलए कोर्ट के सांसद व पूर्व मंत्री रामशंकर कठेरिया पर पचास हजार का जुर्माना भी लगाया है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल उठता है कि क्या इतने बड़े पदों पर बैठे ये माननीय जो जनता द्वारा चुनकर आते हैं आखिर ऐसे कृत्य क्यों करतें हैं। आज के इस लेख में हम माननीयों के ऐसे ही कृत्यों पर विशेष रूप से चर्चा करेंगें जिसका समाज और आने वाली युवा पीढ़ी पर नकारात्मक असर पड़ता है।

### भाजपा सांसद रामशंकर कठेरिया पर दर्ज है दर्जनों आपराधिक मामले

दरअसल राजनीति में आज बड़े से बड़े राजनेताओं पर आपराधिक मामले दर्ज होना कोई शर्म की बात नहीं है। लेकिन इन नेताओं के उपर इस तरह के मामले दर्ज होने उसके बाद इन पर कार्रवाई होने से समाज में गलत संदेश जाता है। दरअसल 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा सांसद रामशंकर कठेरिया की ओर से दिए गए हलफनामे के मुताबिक डां रामशंकर कठेरिया के उपर कुल 12 आपराधिक मामले दर्ज थें। गौरतलब हूँ कि इनमें से नौ मामलों में दंगा कराने का आरोप था। जबकि एक मामले में रामशंकर कठेरिया के उपर पुलिसकर्मी के उपर हमला करने का आरोप था। हालांकि इसके अलावा सांसद रामशंकर कठेरिया पर आगरा के यमुना एक्सप्रेसवे के टोल प्लाजा पर काम करने वाले कर्मचारियों के उपर हमला करने का भी आरोप दर्ज है। हालांकि इस आरोप पर सांसद रामशंकर कठेरिया कहते है कि टोल प्लाजा पर काम करने वाले कर्मचारियों ने उनके सुरक्षा गार्डो पर हमला किया जिसके बाद उनको गोली चलाने के लिए मजबूर होना पड़ा था। लेकिन सबसे बड़ा सवाल है क्या ऐसी परिस्थितियों में सांसद रामशंकर कठेरिया खुद सूझ बूझ से काम नहीं ले सकतें थें ? क्या सांसद रामशंकर कठेरिया मॉल कर्मचारी से विवाद होने के बाद वहा पर अपनी समझदारी से काम नहीं ले सकतें थें ? क्योंकि एक सांसद और एक पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री होने के नाते जिस तरह से उनके साथ मारपीट के कई मामले जुड़ते है उससे उनकी छवि काफी ज्यादा धुमिल हुई है।

### सांसदों व विधायकों के कृत्यों की वजह से पूरी पार्टी होती है बदनाम

दरअसल देश की कोई भी सत्ताधारी राजनीतिक पार्टी भले ही अपनी बेहतरीन विकास नीतियों से बहुत ही अच्छा काम कर रही होती है। लेकिन यदि उसी पार्टी से जुड़ा कोई एक सांसद या विधायक अपने किसी गलत कृत्य से सजा पाता है तो उसका पूरा परिणाम समूची पार्टी को भुगतना पड़ता है। हाल ही में ऐसी घटनाएं देखने को मिली जब गांडा के भाजपा सांसद का नाम योन शोषण में उछला तो उससे कहीं ना कहीं पूरी बीजेपी को परेशानियों का सामना करना पड़ा। क्योंकि सांसद ब्रजभूषण शरण सिंह मौजूदा समय में बीजेपी से ही सांसद हैं। ऐसे में कहीं ना कहीं बीजेपी सांसद रामशंकर कठेरिया को कोर्ट से मिली दो साल की सजा भी बीजेपी के लिए मुश्किलों का सबब बन सकती हैं।

आपराधिक छवि और अमार्यादित आचरण करने वाले नेताओं से दूरी बनाए राजनीतिक दल

दरसअल आज देश राजनीति में तेजी से राजनीति का आपराधिकरण होता जा रहा है। ऐसे में कहीं ना कहीं आज देश की राजनीति में अपराध से जुड़े हुए भी ज्यादातर लोग अपनी भागीदारी कर रहें हैं। इतना ही नहीं अक्सर कई अपराधी अपने पैसे व अन्य ताकत की दम पर चुनाव जीतकर लोकसभा और विधानसभाओं के सदस्य भी बन जातें हैं। लेकिन ये नेता इन पदों पर पहुचनें के बाद भी अपने पद की मर्यादा को भूल जातें हैं और कई बार ऐसे कृत्य कर बैठतें हैं जिससे इनकी पूरी पार्टी को शर्मसार होना पड़ता है। हाल ही में एमपी एमएलए कोर्ट से दो साल की सजा पाए राम शंकर कठेरिया आगरा विश्वविद्यालय में हिंदी के प्रोफेसर भी रह चुकें हैं। ऐसे में उनके द्वारा टोल प्लाजा कर्मचारियों और दुकानदारों के साथ मारपीट करने की घटना के शिक्षक के व्यक्तित्व पर सवालिया निशान उठाती है। इस लिहाज से आज सभी राजनीतिक दलों को इस बात पर गंभीरता से विचार करना होगा कि ऐसे आपराधिक छवि वाले नेताओं को ना तो पार्टी में जगह दी जाएं और ना हीं चुनावों का टिकट दिए जाए जिससे पूरी पार्टी की बेदाग छवि पर दाग लगे।

### रामशंकर कठरिया की छवि से भाजपा की छवि हुइ धूमिल

दरअसल उत्तर प्रदेश के इटावा से भाजपा सांसद रामशंकर कठेरिया भले ही अपने व्यक्तिगत स्वभाव के चलते मारपीट की घटना में दोषी पाए गए है। लेकिन रामशंकर कठेरिया के भाजपा से सांसद होने के नाते उनके इस कृत्य से समूची भाजपा की छवि धूमिल हुई है। इसके साथ ही रामशंकर कठेरिया को यदि भविष्य में जेल होती है तो इसका अगले साल होने वाले लोकसभा चुनावों पर विपरित असर पड़ेगा। ऐसे में सभी राजनीति दलों को आपराधिक छवि वाले नेताओं से खुद ही दूरी बनाकर चलना चाहिए।

### सांसद अधीर रंजन ने देश की जनता द्वारा निर्वाचित प्रधानमंत्री को बोला अंधा

पश्चिम बंगाल की बहरामपुर लोकसभा सीट से कांग्रेस पार्टी के सांसद अधीर रंजन चौधरी ने शुक्रवार को संसद सत्र के अंतिम दिन संसदीय मर्यादा की सीमा की पराकाष्ठा को पार कर दिया। दरअसल कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने अपने भाषण के दौरान संसद में मौजूद देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धृतराष्ट्र की तरह अंधा राजा बता दिया। कांग्रेसी सांसद अधीर रंजन ने आगे कहा कि जिस तरह से महाभारत में दुशासन ने द्रौपदी का चिर हरण किया और अंधे राजा धृतराष्ट्र चुप बैठे रहें थें। आज भी बिल्कुल उसी तरह से मणिपुर में महिलाओं का चीर हरण हो रहा है और अंधे राजा नरेन्द्र मोदी चुप बैठें हुए हैं। हालांकि अधीर रंजन के इस बयान पर गृहमंत्री अमित शाह सहित तमाम बीजेपी के सांसदों में कड़ा विरोध जताया। लेकिन सबसे बड़ा सवाल है कि क्या अधीर रंजन को देश की जनता द्वारा चुने गए प्रधानमंत्री के बारे में इस तरह का घृणित बयान देना चाहिए ? क्योंकि नरेन्द्र मोदी केवल भाजपा के प्रधानमंत्री नहीं बल्कि पूरे देश के प्रधानमंत्री हैं। ऐसे में अधीर रंजन चौधरी का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबंध में इस तरह का बयान देना काफी ज्यादा निंदनीय है। हालांकि अधीर रंजन चौधरी ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री की तुलना नीरव मोदी से करते हुए कहां कि नीरव मोदी देश से भागा नहीं है, बल्कि मणिपुर की घटना के बाद वह नीरव मोदी, नरेन्द्र मोदी बनके यही पर बैठा हुआ है। इस लिहाज से अधीर रंजन चौधरी पर जनता द्वारा चुने गए प्रधानमंत्री का अपमान करने के लिए कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

# शार्ट न्यूज

## निठारी कांड के आरोपियों की सजा के खिलाफ सुनवाई 12 सितंबर को

प्रयागराज। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने निठारी कांड के मुख्य आरोपी सुरेंद्र कोली व मनिंदर सिंह पंढेर की सजा के खिलाफ अपीलों की अगली सुनवाई की तिथि 12 सितंबर नियत की है। कोली को एक दर्जन से अधिक मामलों में सी बीआई कोर्ट गाजियाबाद ने फांसी की सजा सुनाई है।कुछ मामलों में पंढेर को भी फांसी की सजा मिली है। अपीलों की सुनवाई कर रही न्यायमूर्ति अश्वनी कुमार मिश्र तथा न्यायमूर्ति एस ए एच रिजवी की खंडपीठ ने सी बी आई के वरिष्ठ अधिवक्ता से पूछा कि क्या कोली की चिकित्सा जांच रिपोर्ट केस पत्रावली के साथ संलग्नक के रूप में दाखिल की गई है और कोर्ट ने प्रदर्श संख्या डाली है। सीबीआई की तरफ से सकारात्मक जवाब दिया गया। इसके बाद कोर्ट ने अपीलों को सुनवाई के लिए 12 सितंबर को पेश करने का आदेश दिया।

## चार कांवड़िए गंगा में डूबे, एक का शव बरामद

फर्रुखाबाद। उत्तर प्रदेश में फर्रुखाबाद जिले के कादरी गेट क्षेत्र में पांचाल घाट पर गंगा स्नान करते समय सोमवार को चार कावड़िए डूब गये जिनमें एक का शव बरामद हो गया है जबकि अन्य की तलाश की जा रही है। पुलिस ने बताया कि कन्नौज जिले की तहसील छिबरामऊ के थाना अचानकपुर के ग्राम दिवरामपुर निवासी अमर मिश्रा उर्फ अंटू मिश्रा (18) अपने कांवड़िए साथी नवनीत,अमन व सूरज के साथ गोला गोकरण नाथ में कांवड चढ़ाने के लिए गंगा जल लेने फर्रुखाबाद जिले में कादरी गेट थाना क्षेत्र के पांचाल घाट आया था। इस दौरान स्नान करते समय गहरे जल में पैर फिसलने से चारों कावड़िए डूब गए। सूचना मिलने पर पांचाल घाट पुलिस चौकी इंचार्ज अमित कुमार शर्मा ,अपने दल बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से गंगा के गहरे जल में डूबे कावडिये अमर मिश्रा उर्फ अन्टू मिश्रा का शव बरामद कर लिया तथा उनके साथी कांवडियों के शवों की खोजबीन में गोताखोर लगे हुए हैं।

## बरेली में बंदरों के हमले से घबराये सर्राफा कारीगर की गिरने से मौत

बरेली 21 अगस्त (वार्ता) उत्तर प्रदेश में बरेली जिले के शहर कोतवाली क्षेत्र में तीसरे मंजिल में खड़े सर्राफा कारीगर को बंदरों ने दौड़ा लिया जिनसे बचने के लिये कारीगर भागा और नीचे गिरने से उसकी मौत हो गई। पुलिस अधीक्षक नगर राहुल भाटी ने बताया कि सोमवार सुबह सर्राफा कारीगर घर की छत पर खड़ा था, तभी कई बंदर वहां आ गये और सर्राफा कारीगर को दौड़ा लिया। सर्राफा कारीगर रूपचंद डर गया। उसने बंदरों से बचने के लिए कोशिश की तो वह अचानक तीसरी मंजिल से जमीन पर आ गिरा, जिसके कारण कारीगर की मौके पर मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक मृतक रूपचंद (32) कोलकाता जिला हुबली थाना शिगरर क्षेत्र गांव राजा रामबली सोने-चांदी का सामान बनाने का काम करता था। वह कोतवाली के बिहारीपुर सौदाग्रान में कारीगर तुषार दलोइ आलोक के मकान में किराए पर रहता था।

## रामगंगा में डूबे तीन बच्चों में से दो के शव मिले

मुरादाबाद। उत्तर प्रदेश में मुरादाबाद के गलशहीद क्षेत्र में रविवार को रामगंगा नदी में डूबे दो सगे भाइयों समेत तीन बच्चों में से दो के शव सोमवार को मिल गये है जबकि एक अन्य की तलाश की जा रही है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि भूडे का चौराहा निवासी गंगाराम पाल के दो बेटे दुर्गेश (12) तथा मनोज (14) रविवार को रामगंगा नदी में डूब गए थे। पड़ोसी चंद्रपाल का बड़ा बेटा रितिक (14) भंडारे में प्रसाद लेने के बाद अन्य बच्चों के साथ गहरे पानी में जाने से डूब गया था। डूबे तीनों बच्चों की तलाश में रविवार देर शाम तक रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया, लेकिन बच्चों का कहीं पता नहीं चल सका था। सोमवार को दिन निकलते ही फिर से स्थानीय गोताखोरों की मदद से सर्च अभियान चलाया गया जिसके चलते घटनास्थल से लगभग दो किलोमीटर की दूरी पर देवपुर घाट के समीप मनोज और रितिक के शव मिलने पर नदी से बाहर निकाला गया। अभी लापता दुर्गेश की तलाश जारी है।

## प्रयागराज में सड़क हादसे में 2 छात्रों की मौत

**प्रयागराज।** प्रयागराज में सोमवार को सुबह 10 बजे कार सवार ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दो छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें आनन-फानन में एसआरएन अस्पताल ले जाया गया। जहां इलाज दौरान दोनों की मौत हो गई। दोनों छात्र अरैल के सच्चा बाबा आश्रम संस्कृत विद्यालय में 11वीं कक्षा के छात्र थे। घटना नैनी कोतवाली क्षेत्र के अरैल बांध मार्ग पर शूल टंकेश्वर मंदिर के सामने की है। कौशांबी के जमुनापुर निवासी अनूप पांडेय उर्फ शुभम (18) पुत्र राघव राम पांडेय उर्फ किशनाकांत और सराय अकिल थाना क्षेत्र के भिदुरा, नेवादा गांव निवासी अश्वनी शुक्ला (19) पुत्र संजय शुक्ला दोनों अरैल के फलाहारी आश्रम में रहते थे। अश्वनी शुक्ला का ननिहाल प्रयागराज के लालपुर थाना अंतर्गत महिला गांव में है। वह ज्यादातर ननिहाल में रहता था। दोनों श्री सच्चा बाबा संस्कृत विद्यालय में 11वीं के छात्र थे। दोनों नागपंचमी के अवसर पर सोमवार को शूलटांकेश्वर मंदिर में रुद्राभिषेक करवाने जा रहे थे। मंदिर से थोड़ी दूर पहले काले रंग की कार वाले ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

## गंगा में स्नान करने के दौरान डूबा युवक

**भदोही (संत रविदास नगर)।** भदोही में जिले के डेरवा गंगा घाट पर उस समय हड़कम्प मच गया जब स्नान करने के दौरान एक युवक गहरे पानी में चले जाने की वजह से डूब गया। 18 वर्षीय युवक के गंगा में डूबने की खबर स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस स्थानीय गोताखोरों की मदद से गंगा में डूबे युवक की तलाश में जुटी हुई है। गोपीगंज कोतवाली क्षेत्र के जगन्नाथपुर गांव का रहने वाला 18 वर्षीय विकास नाम का युवक अपने एक साथी के साथ गंगा में स्नान करने के लिए डेरवा गंगा घाट पर गया हुआ था। स्नान करने के दौरान गहरे पानी में चला गया और गंगा में डूबने लगा इस दौरान उसके साथी ने उसको बचाने का प्रयास किया लेकिन वह असफल रहा। स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर तत्काल पुलिस और राजस्व विभाग की टीम पहुंची पुलिस के द्वारा स्थानीय गोताखोरों की मदद से गंगा में डूबे युवक की तलाश की जा रही हौ। गांव के रहने वाले संजय सरोज ने बताया कि डूबा युवक चार भाइयों में सबसे छोटा था । अपर पुलिस अधीक्षक राजेश भारती ने कहा कि प्रशासन के द्वारा गंगा में डूबे युवक की तलाश के लिए जरूरी कदम उठाए गए हैं। मौके पर पुलिस मौजूद है और स्थानीय गोताखोरों की मदद से युवक को तलाश किया जा रहा है। वही घटना की सूचना पर मौके पर पहुंचे परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

## पुलिस ने पकड़ा 13 लाख का गांजा

**चित्रकूट।** चित्रकूट की रैपुरा थाना पुलिस ने 3 अन्तर्राज्यीय गांजा तस्कर को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता प्राप्त की है। अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट चक्रपाणि त्रिपाठी ने प्रेस वार्ता कर बताया की 50 किलो गांजे की अनुमानित कीमत 13 लाख रुपए है। आपको बता दें कि 20 अगस्त की रात्रि में थानाध्यक्ष रैपुरा शैलेन्द्र चन्द्र पाण्डेय तथा उनकी टीम द्वारा मुखबिर की सूचना द्वारा सूचना दी गई की की गुंता बांध पक्की सड़क वहद ग्राम के पास कुछ व्यक्ति गांजा तस्करी के लिए खड़े हुए हैं। वहीं मुखबिर की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने वहीं से सफेद रंग की स्कोर्पियो गाड़ी से 25 किलो गांजा तथा 1 अदद तमंचा व 2 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर तथा 1 अदद तमंचा व 2 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर तथा 3 अदद मोबाइल फोन के साथ तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार तीनों अभियुक्त परमेश्वर साहु पुत्र पंचाराम साहू उर्फ बबलू, ताम्रध्वज पटेल पुत्र झडीराम पटेल, सुशील पटेल पुत्र राजाराम पटेल निवासी पिसीद थाना कसडोल जिला बलौदा बाजार छत्तीसगढ़ के रहने वाले हैं। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ के आधार पर एक और कार्रवाई करते हुए ग्राम बाधी थाना रैपुरा चित्रकूट निवासी लल्ला सिंह उर्फ श्रवण कुमार सिंह पुत्र हरीशचन्द्र के घर से भी 25 किलो गांजा बरामद किया है। पुलिस के द्वारा घर पहुंचने पर अभियुक्त लल्ला सिंह मौके से फरार हो गया है।

# जौनपुर में तालाब में डूबकर 3 बच्चों की मौत

### तालाब में गुड़िया पीटते समय हादसा, एक को बचाने में दो और डूबे

**जौनपुर।** जौनपुर में नाग पंचमी पर बड़ा हादसा हो गया। यहां तीन बच्चे तालाब में डूब गए। जिससे तीनों की मौत हो गई। बताया जात है कि नाग पंचमी पर गांव में मछली पालन के लिए खोदे गए तालब में गांव की महिलाएं और युवतियां कपड़े की बनी गुड़िया डुबाने गई थीं।

उनके जाते ही 2 बच्चे गुड़िया पीटने लगे, इनमें से अचानक एक बच्चा डूबने लगा। उसे दूसरा बच्चा बचाने लगा तो दोनों डूबने लगे। दोनों को डूबता देख तीसरा बच्चा उन्हें बचाने कूदा। लेकिन वो भी डूब गया। हादसा पवारा थाना क्षेत्र के सरायबीका गांव का है। जानकारी के मुताबिक, आज गांव में नाग पंचमी मनाई जा रही थी। तभी गांव की महिलाएं कपड़े की गुड़िया बनाकर गांव के बाहर मछली पालन के लिए बने तालाब में डुबाने गईं। इसके बाद सभी अपने घर लौट आईं। उनके साथ गए आयुष सरोज (8), सत्यम (10) तालाब में डंडे से उन्हीं गुड़िया को पीटने लगे। तभी अचानक आयुष का पैर फिसल गया



और वो गहरे पानी में चला गया। उसने शोर मचाया तो बचाने के लिए सत्यम भी गहरे पानी में कूद गया लेकिन दोनों डूबने लगे।

दोनों डूबने लगे और शोर मचाने लगे। दोनों का शोर सुनकर तालाब के दूसरे छोर पर खड़ा अभिषेक सरोज उन्हें बचाने के लिए तालाब में कूद गया। लेकिन उसे भी तैरना नहीं आता था। लिहाजा दोनों को बचाने के चक्कर में अभिषेक भी डूब गया। तीनों को डूबने के बाद पास में खेल रहे बच्चों ने गांव में जाकर शोर मचाया। खबर गांव में पता चलते ही आनन फानन में पूरा गांव तालाब किनारे पहुंच गया।

#### ग्रामीणों ने निकाले शव

ग्रामीण तीनों को तालाब से बाहर निकालकर मछलीशहर स्थित एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सक ने तीनों की मौत की पुष्टि कर दी।

इसके बाद तीनों के परिजनों समेत पूरे गांव में चीख पुकार मच गई। तीनों के शव लेकर परिजन घर पहुंचे तो पूरे गांव में मातम छा गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। त्योहार की खुशियां मातम में बदल गईं। सूचना पाकर एसडीएम और सीओ मौके पर पहुंचे।

## दारा सिंह चौहान पर स्याही फेंकने वाले ने किया सरेंडर

मऊ। उत्तर प्रदेश में मऊ जिले के घोसी विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव के दौरान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रत्याशी एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री दारा सिंह चौहान पर स्याही फेंकने वाले युवक ने सोमवार सुबह पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। क्षेत्राधिकारी धनंजय मिश्रा ने बताया कि भाजपा प्रत्याशी पर स्याही फेंकने वाले युवक अभिमन्यु यादव उर्फ डायमंड ने सुबह कोपागंज थाना में पहुंचकर आत्मसमर्पण किया। पुलिस से उसने बताया कि वह समाजवादी पार्टी (सपा) का कार्यकर्ता है और उसने 2022 के विधानसभा चुनाव में दारा सिंह चौहान के लिए काफी प्रचार किया था। वह दारा चौहान के भाजपा में दोबारा शामिल होने से नाराज था और इसी के चलते उन पर स्याही फेंकी। उधर, सरेंडर करने जा रहे अभिमन्यु ने कहा कि उसने भाजपा नेता प्रिंस यादव के कहने पर श्री चौहान पर स्याही फेंकी। प्रिंस ने उससे कहा था कि चुनाव फंस रहा है,इसलिये उनकी मदद करे। गौरतलब है कि प्रिंस यादव ने भी पिछले दिनो सपा छोड़कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की थी। प्रिंस यादव के अनुसार आरोपी युवक उनका मित्र भी रहा है। उसने चेतावनी भी दिया था कि यदि दारा चौहान मेरे गांव में आएंगे तो वह उनके ऊपर स्याही फेकेगा, और अपमानित करेगा।

# नागपंचमी में महोबा का पान उद्योग पूरी तरह ठप

**महोबा।** पान के कारोबार के लिये देश दुनिया में विख्यात उत्तर प्रदेश में बुंदेलखंड के महोबा जिले में नागपंचमी के अवसर पर पान उत्पादकों ने सोमवार को अपने कार्य को विराम देकर पान बरेजों 'खेतों' में परिवार समेत पहुंच कर पूजा अर्चना की। आज के दिन पान फसल की तुड़ाई पर भी विराम लगा रहा।

दरअसल, धार्मिक ग्रंथों में पान को 'नाग बेल' कहा गया है। मान्यता है कि पाताल लोक के राजा वासुकि ने पृथ्वी को नाग बेल उपहार में दी थी। पान कृषक नाग पंचमी पर अपने काम.काज को स्थागित रखते है। नाग पंचमी के पर्व पर महोबा का विख्यात पान कारोबार पूरी तरह ठप रहा। कृषकों ने पान बरेजों 'खेतों' में परिवार समेत पहुंच कर पूजा अर्चना की। पान फसल की तुड़ाई पर भी विराम लगा रहा।

जिले में नाग पंचमी का पर्व श्रद्धा,भक्ति व उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर यहां विशाल शोभायात्रा निकाली गई। ग्रामीण अंचलों में मेले भी आयोजित किये गए। श्रावण माह के सोमवार एवं नाग पंचमी के पर्व के चलते शिव मंदिरों में भक्तों की सुबह से भारी भीड़ रही। श्रद्धालुओं ने महादेव का अभिषेक कर विधिवत पूजा अनुष्ठान किया।



चरखारी में कावड़ियों ने जुलुस के रूप में गुमान बिहारी सरोवर से जल लेकर बटुकनाथ मन्दिर में स्थापित प्राचीन शिवलिंग का जलाभिषेक किया। जुलुस में महिलाएं व बच्चे भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। महोबकंठ क्षेत्र के काशीपुरा में धसान नदी के तट पर स्थित अति प्राचीन बाबा विश्वनाथ मंदिर में भक्तों का भारी सैलाब उमड़ा। महोबा में नवयुवक चोरसिया समाज द्वारा परंपरागत तरीके से नागदेव की शोभायात्रा निकाली गई। बैंड बाजों, आकर्षक झांकियों के साथ पान मंडी से आरम्भ होकर नगर भ्रमण के उपरांत सिद्ध गोरखगिरी धाम स्थित प्राचीन नाग मन्दिर में शोभायात्रा का समापन हुआ।

नाग मन्दिर में इस अवसर पर विशेष पूजन अनुष्ठान किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में लोगो की भीड़ ने हिस्सा लिया। इसी प्रकार नाग पंचमी पर यहां रामकुंड व श्रीनगर कस्बे के हनुमान मंदिर में पारंपरिक रूप से मेले आयोजित हुए।

## नींद में तीसरी मंजिल से गिरकर मौत

पानीपत। हरियाणा के पानीपत जिले में नींद में तीसरी मंजिल से गिरकर एक व्यक्ति की मौत हो गई है। तहसील कैंप स्थित विकास नगर में हादसा हुआ। 45 वर्षीय व्यक्ति देर रात करीब 1 बजे लघु शंका करने के लिए उठा। नींद में होने से वह सीढ़ियों की बजाय छज्जे पर चढ़ गया। आंख खुली तो घबरा नीचे गिरा और मौके पर ही उसने दम तोड़ दिया। नीचे से गुजर रहे लोगों ने यह देखकर शोर मचाया। शोर मचने से मकान मालिक उठे तो अपने परिजन को नीचे सड़क पर पड़ा पाया। जब तक बाकी सभी परिचित उतर कर नीचे आए, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगामी कार्रवाई की। जानकारी देते हुए रविंद्र नाथ ने बताया कि वह तहसील कैंप के विकास नगर का रहने वाला है। वह मूल रूप से क्कके गोरखपुर जिला के गांव अही रौली टोला, कूडिया बसियाखोर का रहने वाला है। विकास नगर स्थित उसके मकान में उसका चचेरा भाई मक्कूर निषाद(45) समेत करीब 15 अन्य जानकार किराए पर रहते हैं। यह पिछले कई महीनों से यही पर रह रहे हैं। सभी दिहाड़ी-मजदूरी करते हैं। मक्कूर निषाद मार्बल पत्थर रगड़ाई का काम करता था। बीती रात सभी रोजाना की तरह खाना खाकर घर की तीसरी मंजिल स्थित छत पर सोने गए थे।

# ओबीसी महासम्मेलन में स्वामी प्रसाद मौर्य पर जूता फेंका

### वकील की ड्रेस में आया युवक, कार्यकर्ताओं ने जमकर पीटा

लखनऊ। मऊ में स्याही कांड के बाद अब लखनऊ में जूता कांड हुआ है। सोमवार को सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्या को वकील की ड्रेस पहनकर आए युवक ने जूता फेंककर मारा। स्वामी प्रसाद सपा के पिछड़ा वर्ग के महासम्मेलन में शामिल होने के लिए इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान पहुंचे थे। कार से उतरकर वह अंदर जा रहे थे, तभी युवक ने जूते से उन पर हमला कर दिया। जूता स्वामी प्रसाद को छूता हुआ दूर गिरा।



सपा कार्यकर्ताओं ने हमलावर युवक को पकड़ लिया। उसको पीट-पीटकर अधमरा कर दिया। पुलिस उसे बचाने का प्रयास करती रही। लेकिन सपा कार्यकर्ता बार-बार पुलिस से छुड़ाकर उसको पीटते रहे। बमुश्किल युवक को पुलिस ने सपा कार्यकर्ताओं से छुड़ाया। दरअसल, ओबीसी महासम्मेलन में अखिलेश यादव को भी आना था। अखिलेश के पहुंचने से पहले 11.30 बजे स्वामी प्रसाद मौर्या पहुंचे। तभी यह घटना हुई। इस सम्मेलन में मौर्या, कुशवाहा, शाक्य, सैनी और बिंद समाज के पूर्व मंत्रियों, विधायक, पूर्व विधायकों, पूर्व सांसदों और पूर्व राज्यसभा सांसदों को बुलाया गया था।

# मेरठ में गंगा खतरे के निशान पार, 15 गांवों में बाढ़

### घरों-सड़कों पर कमर तक पानी; लोगों को सुरक्षित जगह भेज रहा प्रशासन

मेरठ। मेरठ में गंगा का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया है। इसके कारण हस्तिनापुर में नदी किनारे बसे 15 गांवों में बाढ़ आ गई। घरों में पानी पहुंच गया। मुख्य सड़कें धंस गईं। कैंप लगाकर ग्रामीणों को राहत सामग्री दी जा रही है। प्रशासन ने लोगों से सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील की हैं। स्वयं सेवी संगठन और जिला प्रशासन की टीमें गांवों में अनाज, सब्जी, दवाएं पहुंचा रही हैं।

#### रास्तों में घुटनों, कमर तक पानी

बाढ़ का पानी गांव में घुसने से सड़कों पर घुटनों तक पानी भर गया हैं। मुख्य सड़कें तबाह हो गई हैं। कई गांवों में तो आने-जाने का रास्ता ही खत्म हो गया। कई जगहों पर पानी कमर से ऊपर आ चुका है। भारी संख्या में लोग अपने



रिश्तेदारों के यहां जा चुके हैं। वहीं, फसलें पूरी तरह से बर्बाद हो चुकी हैं।

#### तेजी से बढ़ रहा है कटान

गंगा में पानी बढ़ने के कारण तेजी से कटान भी बढ़ रहा है। कटान की वजह से गांवों में खतरा और बढ़ गया है। बता दें कि अभी 5 दिन पहले ही एक दो मंजिला भवन और 200 साल पुराना बरगद का पेड़ भी कटान में बह गया था। कटान शुरू होने से खतरा और भी बढ़ गया है। बच्चों को घर के बाहर खेलने से मना कर दिया गया है।

#### कश्तियों, ट्रैक्टरों से पहुंचा रहे राहत सामग्री

बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जिला प्रशासन के अलावा स्वयं सेवी संगठन भी राहत सामग्री पहुंचा रहे हैं। राहत सामग्री, सब्जियां, अनाज, दवाएं और जरूरत का दूसरा सामान कश्तियों और ट्रैक्टरों के जरिए बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचाई जा रही है। लोगों को घर से बाहर निकलने के लिए साफ मना किया है।

#### प्रशासन लोगों को सुरक्षित जगहों पर शिफ्ट कर रहा

वहीं, महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों सभी को एक साथ एक जगह रहने की हिदायत दी जा रही है। ताकि सभी को एक साथ मदद पहुंचाई जा सके। लोगों को ऊंचे स्थानों पर शिफ्ट किया जा रहा है। घरों में भी छतों और ऊंचे स्थानों पर रहने को कहा जा रहा है। मेडिकल टीम ने गांवों में जाकर दवा का छिड़काव कराने के साथ ग्रामीणों को दवा दे रही है।

# शाहजहांपुर में नाले में डूबकर कांवड़िए की मौत

**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर में एक नाले में कांवड़िए की डूबकर मौत हो गई। जलाभिषेक करके वापस लौट रहा कांवड़ियां ट्रैक्टर ट्राली रुकवाकर नाले के पास शौच करने गया था। पैर फिसलने से नाले में डूब गया। अन्य कांवड़ियों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने कांवड़िए का शव नाले से बरामद कर लिया है। बता दें कि नाले की पिछले कई साल से सफाई नहीं कराई गई। जबकि नाले से चंद कदम की दूसरी पर भाजपा सांसद का आवास भी है। वहीं इस मामले पर जब नगर आयुक्त से बात की तो उन्होंने कहा कि जल्द ही उस नाले की सफाई कराई गई थी। फर्रुखाबाद जिले थाना नवाबगंज क्षेत्र के सिकंदरपुर नगरा गांव निवासी 30 साल का जीतू गोला में जलाभिषेक



करने के बाद अन्य साथियों के साथ ट्रैक्टर ट्राली से वापस घर जा रहा था। चौक कोतवाली क्षेत्र के बरेली मोड़ के पास स्थित साउथ सिटी कॉलोनी के बाहर एक नाले के पास जीतू शौच करने के लिए चला गया। नाला इतना गंदा था कि उसको साफ जगह नहीं दिखी और कांवड़िए का पैर फिसलने से नाले में डूब गया। इसी बीच दूसरा कांवड़ियां उसको बचाने पहुंचा तो वो भी डूबते-डूबते बचा। उसके बाद पुलिस प्रशासन को सूचना दी गई।

# सुल्तानपुर में युवक ने प्रेमिका को मारी गोली

सुलतानपुर। सुल्तानपुर में सिरफिरे आशिक ने प्रेमिका के फोन पर बात नहीं करने पर उसके प्रेमी पर दो गोलियां दाग दी। फायर मिस होने पर वो प्रेमिका को छोड़कर फरार हो गया। कोतवाली नगर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पूरे मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। घटना शहर के कोतवाली नगर अंतर्गत तिकोनिया पार्क चौराहे के पास का है।

कथित प्रेमी गोसाईगंज थानाक्षेत्र के चांदपुर निवासी नावेद कंप्यूटर सेंटर में प्रशिक्षण ले रहा है। ट्रिपल सी कंप्यूटर प्रशिक्षण के दौरान उसकी मुलाकात कोतवाली देहात वजूपुर निवासी कथित प्रेमिका शीबा से हुई। बताया जा रहा है कि दोनों के बीच फोन पर अक्सर बात होती रहती थी। ट्रिपल सी कंप्यूटर प्रशिक्षण के दौरान भी वे आपस में बातचीत करते रहते थे। सोमवार को अचानक नावेद असलहा लेकर आया और प्रेमिका पर दो गोलियां दागी। तमंचे से गोली मिस होने की सूचना पर नगर कोतवाल राम आशीष उपाध्याय मौके पर पहुंचे। पुलिस बल की मौजूदगी में प्रेमिका को नगर कोतवाली ले जाया गया। जहां पर लड़की के परिजन भी पहुंच गए। करीब आधे घंटे तक चली पूछताछ के बाद लड़की शीबा को उसके परिजनों को सौंप दिया गया। वह उसे लेकर घर की तरफ रवाना हो गए।

#### तफ्तीश कर पंजीकृत किया जाएगा मुकदमा: कोतवाल

नगर कोतवाल राम आशीष उपाध्याय ने बताया कि कंप्यूटर सेंटर में ट्रिपल सी प्रशिक्षण के दौरान शीबा नावेद से बात करने से इंकार कर रही थी। इसी बात को लेकर सिरफिरे प्रेमी को गुस्सा आ गया। उसने असलहे से फायरिंग कर दी। फायर मिस होने की जानकारी पर हम लोग पहुंच कर जांच पड़ताल कर रहे हैं। लड़की को उसके परिजनों को सौंप दिया गया है। पूरे मामले की तफ्तीश कर मुकदमा पंजीकृत किया जाएगा।

# मुठभेड़ के बाद गैंगस्टर समेत 3 बदमाश गिरफ्तार

### जानवर चोरी कर मंडी में बेचते थे, हरियाणा-यूपी में 47 मुकदमे दर्ज

सहारनपुर। सहारनपुर पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गैंगस्टर समेत तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। बदमाश यूपी और हरियाणा में जानवरों की चोरी की घटना को अंजाम देता था। उसके बाद चोरी के जानवरों को दूसरे राज्यों से बेचता था। एक बदमाश फरार है। पुलिस तलाश कर रही है। मामला थाना सरसावा का है।

पुलिस लाइन सभागार में एसपी देहात सागर जैन ने बताया, थाना सरसावा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर नकुड़ फ्लाई ओवर के पास चेकिंग अभियान



चलाया। जैसे पुलिस ने पिकअप गाड़ी को रोकना चाहा। तभी बाइक सवार युवकों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। बदमाशों ने दो राउंड फायरिंग पुलिस पर की।

पुलिस ने फायरिंग से बचते हुए तीन बदमाशों अकबर, जहूर और बुरहान को गिरफ्तार किया है। जबकि चौथा बदमाश सत्तार भागने में कामयाब हो गया। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। पुलिस ने बदमाशों के पास से दो तमंचे बरामद किए है।

#### जहूर पर 47 मुकदमे

पुलिस के अनुसार, जहूर थाना मंडी का टॉप टेन अपराधी है। वह गैंगस्टर भी है। जहूर पर जान से मारने की कोशिश के मुकदमा समेत 47 मुकदमे दर्ज है। बदमाश हरियाणा में चोरी किए गए पशुओं को यूपी के जिलों में लगने वाली मंडी में बेचते थे। जबकि यूपी से पशुओं की चोरी कर हरियाणा में लगने वाली पैठ में बेचते थे। आरोपियों के पास से एक चोरी की पिकअप गाड़ी भी बरामद हुई है।

## बंदरों की संदेहास्पद परिस्थितियों में मौत

बुलन्दशहर। उत्तर प्रदेश में बुलंदशहर जिले के आहार क्षेत्र में सोमवार सुबह 12 से अधिक बंदरों के शव मिलने से सनसनी फैल गयी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि क्षेत्र के ग्राम हसनपुर बांगर के खेतों में अलग अलग स्थानों पर आज प्रात- एक दर्जन से अधिक बंदरों के शव पड़े मिले।

# देवरिया में नदी में स्नान कर रहे दो किशोर डूबे

देवरिया। उत्तर प्रदेश में देवरिया जिले के रूद्रपुर क्षेत्र में सोमवार को नदी में स्नान कर रहे दो किशोरों के डूबने से सनसनी फैल गई। पुलिस क्षेत्राधिकारी जिलाजीत ने बताया कि रूद्रपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भभौली गांव निवासी शिवा(10), नंदेश्वर(12), विपिन(10), भोला(9) और विशाल(10) नाग पंचमी के अवसर पर कबड्डी खेलने के बाद कुर्ना नदी में स्नान करने गये थे। स्नान के दौरान पांचों गहरे पानी में जाने के कारण डूबने लगे। इस घटना में तीन किशोर बच गये हैं जबकि नंदेश्वर और शिवा का अब तक पता नहीं चल सका है। उन्होंने बताया कि पुलिस स्थानीय



गोताखोरों की मदद से लापता किशोरों की तलाश कर रही है।

## शार्ट न्यूज

### ऑल-न्यू अप्रिलिया एसआर स्टॉर्म 125 लॉन्च

नयी दिल्ली। पियाजियो व्हीकल्स प्राइवेट लिमिटेड ने अपने परफॉर्मेंस लक्जरी पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुये अप्रिलिया एसआर स्टॉर्म 125 लॉँच करने की आज घोषणा की जिसकी पुणे में एक्स शोरूम कीमत 107999 रुपये है। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि आई-गेट इंजन से लैस न्यू अप्रिलिया एसआर स्टॉर्म 125 सीसी, 3-वाल्व 4-स्ट्रोक इंजन के साथ आता है। यह स्कूटर 60 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार मात्र 9.6 सेकंड में तय कर लेता है, जिससे सवारों को उनकी दैनिक सिग्नल-टू-सिग्नल रेस जीतने में मदद मिलती है। उन लोगों के लिए एक स्कूटर जो हर मोड़ पर मनोरंजन की तलाश में हैं, अप्रिलिया एसआर स्टॉर्म में बोल्ड ग्राफिक्स के साथ एक ट्यूबलर स्टील फ्रेम, डिस्क ब्रेक के साथ 12-इंच ट्यूबलेस टायर, एक सेमी-डिजिटल क्लस्टर और आरामदायक सस्पेंशन है।

### विष्णु प्रकाश आर पुगलिया का आईपीओ 24 को

नयी दिल्ली। विशेषकर जलापूर्ति क्षेत्र के लिए एकीकृत इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण सेवायें देने वाली कंपनी विष्णु प्रकाश आर पुगलिया लिमिटेड का प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 24 अगस्त को खुलेगा। कंपनी के प्रबंध निदेशक मनोहर लाल पुगलिया ने आज एक वर्चुअल संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी देते हुये कहा कि 10 रुपये अंकित मूल्य के शेयर का मूल्य दायरा 94 रुपये से 99 रुपये तय किया किया गया है। उन्होंने कहा कि आईपीओ 28 अगस्त को बंद होगा और इसके लिए कम से कम 150 शेयरों के लिए बोली लगानी होगी तथा उसके बाद भी उसी गुणांक में शेयर जारी होगा। उन्होंने कहा कि इस आईपीओ के तहत 3.12 करोड़ शेयर जारी किया जायेगा। इस आईपीओ के लिए च्वाइस कैपिटल एडवाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड और पी कैपिटल एडवाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड बुक रनिंग लीड मैनेजरों हैं और लिंक इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड रजिस्ट्रार हैं। कंपनी को बीएसई और एनएसई में सूचीबद्ध कराने का प्रस्ताव है।

### वित्त मंत्रालय का चिंतन शिविर केवडिया में

केवडिया, गुजरात। केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण की अगुवाई में यहां वित्त मंत्रालय के चिंतन शिविर का आयोजन किया गया। वित्त मंत्री ने चिंतन शिविर के दौरान कहा कि सरकार में उपलब्ध संसाधनों और अनुभव के विशाल पूल का इष्टतम उपयोग किया जाना चाहिए ताकि अमृतकाल में 2047 तक विकसित भारत की ओर बढ़ने के प्रयासों में युवा पीढ़ियों का मार्गदर्शन हो सके। इसमें वित्त मंत्री के साथ ही वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी और भगवत किशनराव कराड मौजूद थे। इसमें वित्त मंत्रालयख् कंपनी मामलों के मंत्रालय के साथ ही आयकर विभाग और केन्द्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड के अधिकारी भ मौजूद थे। सत्र के दौरान चर्चा मानव संसाधन और संस्थानों के क्षेत्रों में क्षमता निर्माण के विभिन्न पहलुओं, प्रौद्योगिकी और सॉफ्टवेयर-सक्षम प्रणालियों की भूमिका, अंतर-मंत्रालयी परामर्श, विभिन्न स्तरों पर प्रशिक्षण के महत्व और युवा पीढ़ी को सलाह देने पर केंद्रित थी।

### एनसीसीएफ के पूर्व अध्यक्ष और अदाणी एंटरप्राइजेज के खिलाफ क्लोजर रिपोर्ट दायर

नई दिल्ली। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने आयातित कोयले की आंध्र प्रदेश विद्युत उत्पादन निगम को आपूर्ति करने के लिए ठेका देने में कथित अनियमितता को लेकर अदाणी एंटरप्राइजेज और राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता महासंघ (एनसीसीएफ) के पूर्व अध्यक्ष के खिलाफ अपना मामला बंद कर दिया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। केंद्रीय एजेंसी ने विशेष सीबीआई अदालत में क्लोज़र रिपोर्ट दायर की है। यह मामला 2020 में दर्ज किया गया था। इसमें एनसीसीएफ के तत्कालीन प्रबंध निदेशक जी.पी गुप्ता और वरिष्ठ सलाहकार एस.सी सिंघल को भी आरोपी बनाया गया था। अधिकारियों ने बताया कि विशेष अदालत इस बात पर फैसला करेगी कि क्लोज़र रिपोर्ट को स्वीकार किया जाए या मामले को आगे की जांच के लिए सीबीआई को वापस भेजा जाए या उपलब्ध सामग्री के आधार पर मामले की सुनवाई की जाए। सीबीआई ने केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य और जन वितरण मंत्रालय की तत्कालीन उप सचिव प्रेमराज कौर की शिकायत पर तीन साल तक शुरुआती जांच करने के बाद 2020 में अदाणी एंटरप्राइजेज, एनसीसीएफ के पूर्व अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया था।

### जियो फाइनेंशियल के शेयर, बाजार में हुए लिस्ट

**नई दिल्ली ।** रिलायंस इंडस्ट्रीज से अलग हुए जियो फाइनेंशियल सर्विसेज के शेयर सोमवार को बीएसई पर 265 रुपये प्रति शेयर के भाव पर लिस्ट हुए। एनएसई पर इसकी लिस्टिंग प्राइस 262 रुपये प्रति शेयर पर हुई। आज का लिस्टिंग प्राइस 20 जुलाई के एक्सचेंज डेरिवेटिव प्राइस 261.85 रुपये प्रति शेयर के करीब रहा। शेयर बाजार में कंपनी के शेयरों की लिस्टिंग तारीख सितंबर में होने का अनुमान था पर यह उम्मीद से पहले हो गई। करीब 1.68 लाख करोड़ रुपये के बाजार पूंजीकरण के साथ जेएफएसएल पहले से ही भारत की 33वीं सबसे बड़ी सूचीबद्ध कंपनी है और एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस, एसबीआई लाइफ और इंडसइंड बैंक से भी बड़ी है। एनबीएफसी बास्केट में केवल बजाज फाइनेंस और बजाज फिनसर्व ही जेएफएसएल से बड़ी इकाइयां हैं। जेएफएसएल के गैर-कार्यकारी चेयरमैन केवी कामत ने बीएसई में आयोजित सूचीबद्धता समारोह में कहा, जेएफएसएल भारत की कहानी है और यह डिजिटल-फर्स्ट संस्थान होने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ेगी।

### अधिकतर कंपनियां जुलाई-दिसंबर में कर सकती हैं हायरिंग

अधिकतर कंपनियां 2023 की दूसरी छमाही में हायरिंग करने की योजना बना रही हैं। इसमें नये पदों के अलावा छोड़कर जाने वाले लोगों के स्थान पर होने वाली हायरिंग शामिल हैं। सोमवार को जारी एक सर्वेक्षण में यह कहा गया। नौकरी हायरिंग आउटलुक सर्वेक्षण के अनुसार, अधिकतर कंपिनयों को जुलाई-दिसंबर की अवधि के दौरान बिजनेस डेवलपमेंट, मार्केटिंग और ऑपरेशन पदों पर हायरिंग की उम्मीद है। सर्वेक्षण में 1,200 से अधिक भर्ती करने वाली इकाइयां और सलाहकारों ने हिस्सा लिया। यह सर्वेक्षण देशभर में कंपनियों तथा उद्योगों में भर्ती के रुझान को मापने के लिए साल में दो बार किया जाता है। नौकरी हायरिंग आउटलुक सर्वेक्षण के अनुसार, नियुक्ति करने वाले करीब 92 प्रतिशत को उम्मीद है कि कंपनियां पेशेवरों की हायरिंग करेंगी। करीब 47 प्रतिशत भर्तीकर्ताओं ने नये पदों के अलावा कंपनियां छोड़कर जाने वाले लोगों के स्थान पर होने वाली हायरिंग का अनुमान लगाया है, जबकि 26 प्रतिशत ने नई नौकरियों के सृजन की उम्मीद जतायी है। निष्कर्षों के अनुसार, हायरिंग करने वाली करीब 20 प्रतिशत इकाइयों ने कहा कि वे वर्ष के आखिरी छह महीने में अपने कर्मचारियों की संख्या यथावत बनाए रखेंगे और केवल चार प्रतिशत ने इस अवधि के दौरान छंटनी या संख्या में कमी की आशंका जतायी है।

### भारत, आसियान व्यापार समझौते की होगी समीक्षा, 2025 तक पूरा करने पर दोनों देशों का जोर

दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के संगठन आसियान और भारत के बीच लागू मुक्त व्यापार समझौते की समीक्षा का काम वर्ष 2025 तक पूरा करने के लिए दोनों पक्षों ने प्रयास तेज करने की बात कही है। दोनों पक्षों के बीच सोमवार को इंडोनेशिया के सेमारांग में हुई एक बैठक में यह फैसला किया गया। इसके लिए दोनों पक्षों ने अपने अधिकरियों को प्रयास तेज करने का निर्देश भी दिया है। आसियान आर्थिक मंत्रियों और भारत की सलाहकार बैठक के बाद जारी एक संयुक्त बयान में यह जानकारी दी गई। इस दौरान आसियान-भारत वस्तु व्यापार समझौते की समीक्षा की दिशा में हुई प्रगति पर संतोष व्यक्त किया गया। बयान के मुताबिक, बैठक में वर्ष 2025 में समझौते की समीक्षा का काम पूरा करने के लिए अधिकारियों को प्रयास तेज करने के लिए कहा गया। दोनों पक्षों ने इस समझौते को उपयोगकर्ताओं के लिए अधिक सहज एवं दोस्ताना बनाने के साथ टिकाऊ एवं समावेशी वृद्धि को समर्थन देने वाला बनाने पर सहमति जताई।

# यूपी बैंकों से उद्योगों को सबसे अधिक धनराशि देने वाला प्रदेश बना

## मुख्यमंत्री ने विश्व उद्यमिता दिवस पर किया सूक्ष्म उद्यमी दुर्घटना बीमा योजना का शुभारंभ

लखनऊ। उत्तर प्रदेश देश की आबादी का सबसे बड़ा प्रदेश है। छह वर्ष पहले तक यह बीमारू प्रदेश माना जाता था। कोई यूपी आना नहीं चाहता था। यूपी का नाम सुनकर लोगों में भय पैदा होता था, लेकिन अब परिदृश्य बदल गया है। आरबीआई व नीति आयोग की हालिया रिपोर्ट बताती है कि यूपी देश के अंदर सर्वाधिक निवेश करने वाले प्रदेश के साथ ही सबसे अधिक घरेलू पर्यटकों को आकर्षित करने व बैंकों से सबसे अधिक उद्योगों को धनराशि देने वाला प्रदेश बन गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को यह बातें कहीं। विश्व उद्यमिता दिवस पर सूक्ष्म, उद्यम इकाइयों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए लोकभवन में मुख्यमंत्री सूक्ष्म उद्यमी दुर्घटना बीमा योजना का बटन दबाकर शुभारंभ किया। इसके तहत पांच लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता दी जाएगी। साथ ही, सीएम ने प्लेज पार्क योजनान्तर्गत झांसी, हापुड़ व संभल में निजी औद्योगिक पार्कों के विकास के लिए विकासकर्ताओं को प्रथम किस्त के तहत 1137 लाख रुपये का चेक वितरित किया। सीएम ने विश्व उद्यमिता दिवस व नागपंचमी की बधाई भी दी।

### छह वर्ष में यूपी का एक्सपोर्ट तीन गुना हुआ

सीएम ने कहा कि यह यह बदलाव अचानक नहीं आया है। इसके पीछे पीएम मोदी की प्रेरणा व मार्गदर्शन के साथ प्रदेश सरकार ने बिना भेदभाव के समाज के प्रत्येक तबके को शासन की योजना से जोड़कर प्रत्येक इन्वेस्टर्स पार्टनर्स को सुरक्षा का विश्वास दिलाया। इसीका परिणाम है कि यूपी देश-दुनिया में सबसे अच्छे गंतव्य के रूप में जाना जा रहा है। इसकी पृष्ठभूमि 2018 में तैयार हुई, जब पीएम मोदी ने यूपी के पहले जीआईएस का उद्घाटन किया था। यूपी ने उससे पहले अपने पहले स्थापना दिवस पर ओडीओपी की नई योजना प्रारंभ की थी। उपेक्षित व दम तोड़ रहे इस सेक्टर को कहीं प्रदूषण, कहीं बिजली व अन्य विभागों की उपेक्षा का दंश झेलना पड़ रहा था। तब हमारी सरकार ने तय किया था कि औद्योगिक निवेश के सबसे बड़े गंतव्य के रूप में स्थापित होना है तो हमें अपनी ताकत को पहचानना होगा और हमारी ताकत हैं यूपी के क्लस्टर। एमएसएमई का



क्लस्टर अलग-अलग क्षेत्रों में लगभग बंदी के कगार पर था। मगर छह वर्षों में हुए प्रयासों का परिणाम है कि यूपी के एक्सपोर्ट्स तीन गुना बढ़े हैं। कोरोना का मुकाबला करते हुए भी यह उपलब्धि यदि तीन गुना होती है तो यह निश्चित है कि आने वाले पांच वर्ष में यूपी वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी होगी।

### रिपोर्ट दे रही बदलाव गाथा का प्रमाण

सीएम ने आरबीआई व नीति आयोग की हालिया रिपोर्ट का उल्लेख करते हुए कहा कि पिछले एक सप्ताह के भीतर आई रिपोर्ट्स पढ़कर उन लोगों की आंखों खुलनी चाहिए, जो कहते हैं कि यूपी में क्या बदला है। उन्हें बताइए कि सुरक्षा की गारंटी देने वाला यूपी देश का पहला राज्य है। यूपी निवेश के सबसे बड़े गंतव्य के रूप में उभरता हुआ राज्य है। बैंकों की सेवाओं को बेहतर तरीके से उद्यमियों तक पहुंचाने वाला अग्रणी व सर्वाधिक पर्यटकों को आकर्षित करने वाला राज्य यूपी है। हमने बीमारू राज्य से उभारकर यूपी को विकसित राज्य की ओर अग्रसर कर दिया। अलग-अलग सेक्टरों में यूपी सरकार ने व्यवस्थित रूप से कार्य प्रारंभ किया तो परिणाम सामने है।

### सीएम ने गिनाई पार्क से जुड़ी उपलब्धि

सीएम ने कहा कि पहली बार एमएसएमई विभाग द्वारा निजी औद्योगिक पार्कों को विकसित करने का कार्य हो रहा है। यहां से तीन पार्कों को सरकार के इंसेंटिव उपलब्ध कराए। तीन नए निजी औद्योगिक पार्क विकसित करने के लिए आज इंसेंटिव पार्क के चेक दिलाए गए। आज 10 से 50 एकड़ के पार्क तैयार होने के साथ औद्योगिक भूखंड क्रय करने पर शत-प्रतिशत स्टैंड ड्यूटी की छूट सरकार उपलब्ध करा रही है। पार्क विकसित करने पर 50 लाख रुपये प्रति एकड़ का विकास करने पर एक प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से ऋृण की व्यवस्था है। विकसित होने वाले पार्क में 75 फीसदी भूखंड एमएसएमई इकाइयों के लिए आरक्षित होंगे। तय किया गया है कि निजी पार्क में भूमि क्रय करने वाले उद्यमियों को 50 फीसदी स्टांप ड्यूटी छूट व एमएसएमई नीति 2022 में अनुमन्य कैपिटल व अन्य सब्सिडी का लाभ भी उपलब्ध कराया जाएगा। प्रदेश सरकार की प्लेज पार्क की स्कीम देश की पहली स्कीम है। इसका लाभ हमारे उद्यमी लेंगे।

### मुंबई तक सुनाई देने लगी यूपी के फिल्म सिटी की हलचल

सीएम ने कहा कि आज प्रदेश के अंदर मुख्यमंत्री सूक्ष्म उद्यमी दुर्घटना बीमा योजना आज प्रारंभ हो रही है। सदी की सबसे बड़ी महामारी कोरोना का सामना यूपी, देश व दुनिया ने भी किया। लोग यूपी के पोटेंशियल पर विश्वास नहीं करते थे। मैं कहता था कि आप अपने को संभाल लो, यूपी में कोई समस्या नहीं आएगी। यूपी की टीम ने पीएम मोदी के मार्गदर्शन में बेहतरीन तरीके से कोविड प्रबंधन करके दिखाया। सबसे कम मृत्यु दर, सबसे कम संक्रमण, सबसे अधिक वैक्सीनेशन, एक-एक घर में दस्तक देने के लिए हेल्थ वर्करों ने कोविड से बचाने का कार्य किया। यूपी सबसे अधिक सहायता देने वाला राज्य बना। आज यूपी रेवेन्यू सरप्लस स्टेट बन चुका है।

हमारे पास इंफ्रास्ट्रक्चर के बड़े कार्य कर रहे हैं। वाटर वे, एक्सप्रेस, एयरपोर्ट, ग्रामीण क्षेत्र की बेहतर कनेक्टिविटी, प्रदेश में निवेश के लिए कहीं मेडिकल डिवाइस पार्क, कहीं फॉर्मा, प्लास्टिक पार्क समेत अलग-अलग क्षेत्र में कार्यक्रम हो रहे हैं। लोगों को विश्वास नहीं हो रहा कि क्या यह वही यूपी है, जहां छह वर्ष पहले लोग अपना व्यवसाय समेट रहे थे। आज यूपी में उत्तर भारत का पहला डेटा सेंटर लोगों के आश्चर्य का केंद्र बना हुआ है। इतना ही नहीं, यूपी की फिल्म सिटी की हलचल मुंबई तक सुनाई देने लगी है।

# गिरावट से उबरा शेयर बाजार

## नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ़्टी 83.45 अंक चढ़कर 19,393.60 अंक पर पहुंचा

मुंबई। चीन के ब्याज दर में निवेशकों की उम्मीद से थोड़ा कम कटौती करने से विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार पिछले लगातार दो दिन की गिरावट से उबर गया।

बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 267.43 अंक की तेजी लेकर 65,216.09 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ़्टी 83.45 अंक चढ़कर 19,393.60 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह बीएसई का मिड कैप 0.87 प्रतिशत की छलांग लगाकर 30,528.40 अंक और स्मॉल कैप 0.71 प्रतिशत उछलकर 35,535.38 अंक पर रहा।

इस दौरान बीएसई में कुल 3907 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2097 में लिवाली जबकि 1623 में बिकवाली हुई वहीं 187 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ़्टी की 38 कंपनियां हरे जबकि शेष



13 लाल निशान पर रही। बीएसई के सभी 19 समूहों में तेजी का रुख रहा। इस दौरान यूटिलिटीज 2.56, कमोडिटीज़ 0.95, सीडी 0.50, ऊर्जा 0.04, एफ एम सी जी 0.61, वित्तीय सेवाएं 0.42, हेल्थ केयर 0.79, इंडस्ट्रीयल्स 0.92, आईटी 0.88, दूरसंचार 0.61, ऑटो 0.13, बैंकिंग 0.36, कैपिटल गुड्स 1.09, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.67, धातु 1.19, तेल एवं गैस 0.27, पावर 2.31, रियल्टी 1.03 और टेक समूह के शेयर 1.00 प्रतिशत चढ़ गए।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफ टी एस ई 0.69, जर्मनी का डैक्स 0.79 और जापान का निक्केई 0.37 प्रतिशत मजबूत रहा जबकि हांकांग का हैंगसेंग 1.82 और चीन का शंघाई कंपोजिट 1.24 प्रतिशत गिर गया।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 96 अंक की गिरावट लेकर 64,852.70 अंक पर खुला और यही इसका दिवस का निचला स्तर भी रहा।

हुई लिवाली की बदौलत कारोबार के अंतिम चरण में यह 65,335.82 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 64,948.66 अंक के मुकाबले 0.41 प्रतिशत की तेजी लेकर 65,216.09 अंक पर रहा।

वहीं, निफ़्टी 11 अंक की बढ़त लेकर 19,320.65 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,296.30 अंक के निचले जबकि 19,425.95 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,310.15 अंक की तुलना में 0.43 प्रतिशत उछलकर 19,393.60 अंक पर पहुंच गया।

सेंसेक्स की तेजी पर रही 24 कंपनियों में से पावरग्रिड ने सबसे अधिक 2.74 प्रतिशत का मुनाफा कमाया। साथ ही बजाज फाइनेंस 2.70, इंडसइंड बैंक 2.06, भारती एयरटेल 1.85, एनटीपीसी 1.63, आईटीसी 1.31, बजाज फिनसर्व 1.30, इंफोसिस 1.16, नेस्ले इंडिया 1.04, ऐक्सिस बैंक 1.01, टीसी एस 1.01, टाइटन 0.95, टाटा स्टील 0.95, एलटी 0.91, टाटा मोटोर्स 0.80, विप्रो 0.63, आई सी आई सी आई बैंक 0.39 और सन फ़ार्मा के शेयर 0.21 प्रतिशत तक मजबूत रहे। वहीं, जीयो फाइनेंस ने सबसे अधिक 5.00 प्रतिशत का नुकसान उठाया। साथ ही रिलायंस 1.50, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.87, मारुति 0.30, एस बी आइ 0.28, अल्ट्रासिम्को 0.17 और एचडीएफसी बैंक के शेयर 0.13 प्रतिशत की गिरावट पर रहे।

# वैश्विक प्रत्यक्ष बिक्री रैंकिंग में सुधार कर भारत 11वें पायदान पर पहुंचा

**नयी दिल्ली।** वैश्विक खुदरा बिक्री में गिरावट के बावजूद, भारतीय प्रत्यक्ष बिक्री उद्योग 3.23 अरब डॉलर से ज्यादा के खुदरा कारोबार के साथ वैश्विक प्रत्यक्ष बिक्री रैंकिंग में एक पायदान का सुधार के साथ 11वें स्थान पर पहुंच गया है। वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ डायरेक्ट सेलिंग एसोसिएशन की वर्ष 2022 की जारी की गई ताजा रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार वैश्विक रैंकिंग में 11वां स्थान हासिल करने के बाद भारतीय प्रत्यक्ष बिक्री बाजार ने एशिया-प्रशांत क्षेत्र रैंकिंग में भी छठा स्थान बरकरार रखा है। पहले पांच शीर्ष देशों में कोरिया पहले स्थान पर तथा इसके बाद के क्रम में चीन, जापान, मलेशिया और ताइवान देश हैं। भारतीय प्रत्यक्ष बिक्री बाजार ने गत तीन वर्षों के दौरान स्थिर डॉलर आधार पर 13.3 प्रतिशत से अधिक की उच्चतम चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर हासिल की है। ऐसे में जब वैश्विक शीर्ष 10 प्रत्यक्ष बिक्री कम्पनियों में से केवल तीन ही भारतीय बाजार में हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि वैश्विक खुदरा बिक्री में वर्ष 2022 में लगभग 15 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई और कुल कारोबार लगभग 172.8 अरब डालर रहा जबकि 2021 में यह 175.5 अरब डॉलर था। हालांकि वर्ष 2022 की पहली तिमाही कोरोना से प्रभावित रही, लेकिन इसके बावजूद इस वर्ष वैश्वक प्रत्यक्ष बिक्री 2019 से 2022 तक 0.9 प्रतिशत सीएजीआर दर्ज करने में कामयाब रही। भले ही वर्ष 2022 में कुल प्रत्यक्ष बिक्री में गिरावट आई लेकिन यह वर्ष 2019 के कोरोना पूर्व के 168.17 अरब डॉलर और 2020 के कोरोनाकाल के 172.14 अरब डॉलर की बिक्री से अधिक रही। रिपोर्ट में दर्शाये गये आंकड़ों और वैश्वविक स्तर पर प्रदर्शन पर अगर गौर करें तो कारोना महामारी के कारण उत्पन्न चुनौतियों को मात देते हुए, भारतीय प्रत्यक्ष बिक्री बाजार ने जबरदस्त लचीलापन और स्थिरता दिखाया है और 2022 में 5.4 प्रतिशत से अधिक की वार्षिक वृद्धि दर हासिल की जो परिस्थितियों के लिहाज से बेहतर है।

# करीना कपूर खान बनी माई ट्राइडेंट की ब्रांड एंबेसडर

नयी दिल्ली। देश की बड़ी औद्योगिक इकाई ट्राइडेंट ग्रुप के प्रमुख होम फर्निशिंग ब्रांड माईट्राइडेंट ने आज अपने फॉल-विंटर 23 कलेक्शन को लॉन्च करते हुए अभिनेत्री करीना कपूर खान को अपना ब्रांड एंबेसडर बनाने की घोषणा की। इस अवसर पर पत्रकारों को संबोधित करते हुए, करीना कपूर खान ने कहा, मुझे माईट्राइडेंट के साथ जुड़कर बेहद खुशी हो रही है। माईट्राइडेंट की होम फर्निशिंग कलेक्शन की विस्तृत श्रृंखला, इनोवेटिव डिजाइन और प्रीमियम फ़िनिश के लिए जानी जाती है जोकि व्यक्ति के सच्चे स्वभाव को प्रदर्शित करती हैं और किसी भी घर के लिए एकदम सही मूड सेट करती हैं। माईट्राइडेंट की होम फर्निशिंग कलेक्शन में हर शैली और हर घर के लिए कुछ न कुछ उपयुक्त है। इस मौके पर ट्राइडेंट ग्रुप के अध्यक्ष डॉ. राजिंदर गुप्ता ने कहा कि हम माईट्राइडेंट परिवार में करीना कपूर खान का स्वागत करने के लिए बेहद उत्साहित और रोमांचित हैं। उनमें शालीनता, प्रतिभा और सापेक्षता का असाधारण मिश्रण है जो उन्हें हमारे ब्रांड के लिए एक आदर्श चेहरा बनाता है। उनकी सोच व उनके मूल्य हमारे ब्रांड की लिविंग स्पेस में नए सिरे से संवारने की न स्रिर्फ प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता हैं बल्कि वे स्वागतयोग्य व आरामदायक भी हैं। उन्होंने कहा अपने उत्पादों में उत्कृष्टता और नवाचार लाने के लिए हम हमेशा से प्रयासरत रहें हैं और हमें विश्वास है कि करीना का प्रभाव हमें वैल्यू प्रदान करने के हमारे ब्रांड के नैरेटिव को और आगे बढ़ाने में मदद करेगा।

# फुजीफिल्म का दिल्ली में एक्सक्लुसिव एक्सपीरियंस सेंटर

नयी दिल्ली। फोटोग्राफिक उपकरणों और इमेजिंग क्षेत्र की प्रमुख कंपनी फुजीफिल्म इंडिया ने आज राजधानी दिल्ली में अपना पहला एक्सक्लुसिव एक्सपीरियंस सेंटर फुजीफिल्म एक्स-स्पेस शुरू करने की घोषणा की। इस मौके पर सेलेब्रिटी फोटोग्राफर और फुजीफिल्म एक्स के ब्रांड एंबेसडर डब्बू रतनानी भी मौजूद थे। इस मौके पर कंपनी के प्रबंध निदेशक कोजी वाडा ने कहा कि फुजीफिल्म एक्स-स्पेस से अनूठेपन और नयेपन का खास मेल सामने आता है। यहां फुजीफिल्म कैमरे, लेंस और इंस्टैक्स इंस्टेंट कैमरों से दूरबीन तक विभिन्न प्रकार के प्रोडक्ट्स की बड़ी श्रृंखला का अनुभव किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि फुजीफिल्म एक्स-स्पेस फोटोग्राफी की संस्कृति को आगे ले जाएगा। यह केवल अनुभव के दृष्टिकोण वाले ब्रांड की अपनी तरह की पहली पहल है, जहां स्टोर बिक्री-



केंद्र की तरह काम नहीं करेगा, बल्कि केवल अनुभव प्रदान करेगा। यह दृष्टिकोण ग्राहकों को प्रोडक्ट्स के साथ न केवल भौतिक रूप से जुड़ाव का मौका देगा, बल्कि उन्हें खरीदने के बारे में फैसला लेने से पहले उनका प्रयोग और अनुभव भी कराएगा। इसके अलावा, उन्हें इन उत्पादों को खरीदने या इस बारे में कोई फैसला लेने के दबाव के बिना उनके बारे में सीखने का अवसर भी मिलेगा। स्टोर कई तरह की अनोखी गतिविधियां भी आयोजित करेगा, जैसे - एक्स-सीरीज के साथ एक दिन, आधुनिक कार्यशालाएं, सेवा शिविर, बेसिक कार्यशालाएं, आपसी सहयोग वाले कार्यक्रम, जीएफएक्स-श्रृंखला के साथ एक दिन, फुजीनॉन के साथ एक दिन आदि।

उन्होंने कहा फुजीफिल्म, के पास एक ब्रांड के रूप में 89 वर्षों से अधिक की विरासत है, जिसमें अलग-अलग तरह के ग्राहकों के लिए निरंतर विकास, नवीनता और विश्वस्तरीय उत्पाद प्रदान करना शामिल है। हमारे कैमरे और फोटोग्राफी के अन्य उपकरणों को भारत में बहुत पसंद किया जाता है, यह उन लोगों के एकदम उचित है, जो फोटोग्राफी की जरूरतें पूरी करने के लिए फुजीफिल्म को पसंद करते हैं। दिल्ली के लाजपत नगर में हमारे पहले फ्लैगशिप एक्सपीरियंस जोन फुजीफिल्म एक्स-स्पेस का उद्घाटन हमारी यात्रा का महत्वपूर्ण पड़ाव है, जो हमारे मूल्यवान ग्राहकों और फोटोग्राफी के शौकीनों को एकसमान रूप से आसान उपलब्धता और चयन के अधिक अवसर उपलब्ध कराएगा। आजकल बाजार का झुकाव इस चलन की ओर है कि ग्राहकों को प्रोडक्ट को केवल अनुभव करने का मौका दिया जाए और उस पर खरीद का कोई दबाव भी नहीं हो। इस चलन के अनुसार, हमने इस अनुभव-केंद्र की स्थापना की है, जो नयेपन के प्रति हमारे समर्पण के अनुकूल है।

# बजाज फाइनेंस के पास सावधि जमाओं का आंकड़ा 50,000 करोड़ रुपये के पार

मुंबई। गैर बैंकिंग वित्तीय करोबार क्षेत्र की अग्रणी कंपनियों में शामिल बजाज फाइनेंस लिमिटेड (बजाज फाइनेंस) ने सोमवार को कहा है कि उसके सावधि जमा खातों में कुल जमा राशि का आंकड़ा 50,000 करोड़ रुपये के स्तर को पार कर लिया है।

बजाज फिनसर्व ग्रुप की इस कंपनी ने एक विज्ञप्ति में कहा कि उसके साथ जुड़े जमाकर्ताओं की संख्या पांच लाख है और हर जमाकर्ता ने औसतन 2.87 सावधि जामाएं कर रखी हैं। इस तरह उसके पास सावधि जमाओं के 14

BAJAJ FINSERV

लाख पोर्टफोलियो हैं। विज्ञप्ति में कहा गया है कि बजाज फाइनेंस को अपने दीर्घावधि उधार कार्यक्रम के लिए क्रिसिल, इकरा, केयर और इंडिया रेटिंग्स से सबसे उच्च स्तर की क्रेडिट रेटिंग-एएए/स्टेबल (स्थिर) तथा अल्पकालिक उधारी कार्यक्रम के लिए ए1 प्लस रेटिंग और सावधि जमा कार्यक्रम के लिए एएएस स्टेबल (स्थिर) श्रेणी की रेटिंग मिली है।

बजाज फाइनेंस के अधिशासी उपाध्यक्ष (सावधि जमा एवं निवेश) सचिन सिक्का ने कहा, "हमने अपने ग्राहकों के लिए आकर्षक ब्याज दरों पर दीर्घकालिक बचत समाधान पेश करने पर ध्यान केंद्रित किया है। हमारा फिक्स्ड डिपॉजिट (सावधि जमा) पोर्टफोलियो पिछले दो वर्ष में दो गुना हो गया है। बजाज फाइनेंस ने कहा है कि वह 44 महीने की अवधि के लिए फिक्स्ड डिपॉजिट पर वरिष्ठ नागरिकों के लिए 8.60 प्रतिशत और अन्य के लिए 8.35 प्रतिशत की वार्षिक दर से ब्याज देने की पेशकश कर रही है।

कंपनी ने कहा है कि 10 सालों में डिपॉजिट बुक (जमा बही) में साल दर साल 60 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और जमाकर्ताओं की संख्या में वृद्धि 49 प्रतिशत वार्षिक की दर से हुई है। विज्ञप्ति के अनुसार कंपनी के ग्राहकों की संख्या 7.3 करोड़ तक पहुंच गयी हैं जिसमें चार करोड़ से अधिक ग्राहक कंपनी के डिजिटल एप पर हैं।

# पेट्रोल और डीजल की कीमत में बदलाव नहीं

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में जारी तेजी के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज भी कोई बदलाव नहीं हुआ, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे।

तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।

वैश्विक स्तर पर साप्ताहांत पर अमेरिकी क्रूड 0.59 प्रतिशत की तेजी लेकर 81.73 डॉलर प्रति बैरल पर और लंदन ब्रेंट क्रूड 0.53 प्रतिशत चढ़कर 85.25 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।

## शार्ट न्यूज

### भारत ने इंग्लैंड को 4-0 से हराया

डसेलडोर्फ। भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने सोमवार को डसेलडोर्फ चतुष्कोणीय टूर्नामेंट 2023 में इंग्लैंड को 4-0 से मात दी। भारत की इस एकतरफा जीत में राजिंदर सिंह (13वां मिनट), अमीर अली (33वां मिनट), अमनदीप लाकड़ा (41वां मिनट), और अरिजीत सिंह हुंदल (58वां मिनट) गोल करने वाले खिलाड़ी रहे। मैच की शुरुआत बेहद धीमी रही और दोनों टीमें शुरुआती गोल की तलाश में थीं। भारत ने इंग्लैंड को रोकने के लिये अपनी रक्षात्मक क्षमता का प्रदर्शन किया। राजिंदर सिंह ने पहले क्वार्टर में देर से मिले पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर भारत का खाता खोला। एक गोल से पिछड़ने के बाद इंग्लैंड ने दूसरे क्वार्टर में आक्रामक कदम उठाने शुरू कर दिये। विष्णुकांत सिंह की अगुवाई वाली टीम ने हालांकि विपक्षी टीम को डिफेंस भेदने का मौका नहीं दिया और हाफ टाइम तक एक गोल की बढ़त बरकरार रखी। तीसरा क्वार्टर शुरू होते ही आमिर ने भारत की बढ़त दोगुनी की, जबकि अमनदीप ने 41वें मिनट में एक और पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर भारत की बढ़त 3-0 कर दी। तीन गोल से पिछड़ने के बाद इंग्लैंड ने मैच के आखिरी मिनटों में आक्रमण पर पूरा ज़ोर दिया, हालांकि गोल करने की उसकी सभी कोशिशें नाकाम रहीं। अरिजीत ने 58वें मिनट में इंग्लैंड के कमज़ोर डिफेंस को मात देकर भारत का चौथा गोल दाग दिया।

### 'खेडां वतन पंजाब दीयां' सीजन-2 की मशाल मार्च बुधवार से



चंडीगढ़। पंजाब को खेलों में देश का अग्रणी राज्य बनाने और खेल सभ्याचार पैदा करने के लिये मुख्यमंत्री भगवंत मान के निर्देशों पर शुरू की गई 'खेडां वतन पंजाब दीयां' के सीजन- 2 की शुरुआत से पहले खेलों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए मशाल मार्च आयोजित करने का फ़ैसला किया गया है। पंजाब के खेल मंत्री गुरमीत सिंह मीत हेयर ने सोमवार को इसकी जानकारी देते हुए बताया कि खेल की रिवायत के मुताबिक इस बार ''खेडां वतन पंजाब दीयां'' के सीजन- 2 के उद्घाटन समारोह के मौके पर जलाई जाने वाली मशाल को एक सप्ताह पूरे पंजाब में हर ज़िला मुख्यालय में ले जाया जायेगा। इस मार्च की शुरुआत मंगलवार को लुधियाना से होगी। हेयर ने कहा कि पिछले साल 'खेडां वतन पंजाब दीयां' के पहले सीजन की लुधियाना में समाप्ति हुई थी इसलिये मशाल मार्च लुधियाना से ही शुरू की जायेगी और यह पूरे पंजाब में मार्च करने के बाद 29 अगस्त को बठिंडा में पहुंचेगी, जहां खेलों के दूसरे सीजन का आगाज़ होगा। हर ज़िला मुख्यालय पर मशाल मार्च में स्थानीय प्रसिद्ध खिलाड़ी, खेल विभाग के कर्मचारी, स्थानीय नुमाइंदे और ज़िला प्रशासन के अधिकारी शामिल होंगे। मशाल मार्च के विवरण जारी करते हुये श्री हेयर ने बताया कि मशाल 22 अगस्त को लुधियाना से मोगा जायेगी।

### तिलक को एशिया कप खिलाना साहसी फैसला

नयी दिल्ली। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर टॉम मूडी ने एशिया कप के लिये भारतीय टीम में युवा वामहस्त बल्लेबाज तिलक वर्मा को शामिल करने के फैसले को साहसी और समझदार क़रार दिया है। मूडी ने सोमवार को स्टार स्पोर्ट्स के साथ बातचीत में कहा, मुझे लगता है कि यह एक अद्भुत चयन है। मैं इसे बहादुर कहूंगा, लेकिन साथ ही मैं इसे समझदारी भी कहूंगा। वह (तिलक) साफ तौर पर एक उभरता हुआ खिलाड़ी है। उसके पास न केवल कौशल है बल्कि जबरदस्त मानसिक मज़बूती भी है और वह लगातार उसे दिखा रहा है। हमने शीर्ष क्रम में बाएं हाथ के बल्लेबाज की अहमियत के बारे में बात की है, इसलिए उसका पांचवें या छठे नंबर पर आना भारत के लिये मूल्यवान होगा, खासकर स्पिन के खिलाफ संतुलन बनाये रखने के लिये। इस बीच, पूर्व भारतीय बल्लेबाज और कमेंटेटर संजय मांजरेकर ने मूडी की बात से सहमति जताते हुए कहा कि भारत को मध्यक्रम में एक ऐसे बल्लेबाज की ज़रूरत है जो प्रभावी पारियां खेल सके। मांजरेकर ने कहा, उनके घरेलू करियर को देखिये, उनके पास भारत के लिये बुलावे के लायक आंकड़े हैं। सीमित ओवर क्रिकेट में उनमें कमजोरी ढूंढ़ना मुश्किल है।

### लंदन में मैच के दौरान चलीं गोलियां, तीन घायल

**लंदन।** इंग्लैंड के ईस्ट मिडलैंड्स क्षेत्र में ब्रिटिश पंजाबी समुदाय से जुड़े एक कबड्डी टूर्नामेंट में बड़े पैमाने पर अव्यवस्था फैलने और भगदड़ मचने के बाद तीन लोग घायल हो गए, जिनमें से एक की हालत गंभीर बनी हुई है। डर्बीशायर पुलिस ने कहा कि डर्बी के अल्वास्टन में एल्वास्टन लेन के इलाके में बड़ी संख्या में पुलिस की मौजूदगी रहेगी, जहां रविवार को झड़प हुई थी। कबड्डी टूर्नामेंट की कई तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। इन वीडियो में देखा जा सकता है कि बड़ी संख्या में लोग इधर-उधर भाग रहे हैं और भीड़ में भगदड़ मची हुई है। वीडियो में गोलियां चलाने की आवाज सुनी जा सकती है। कुल लोग तलवार भांजते हुए भी दिख रहे हैं। माना जा रहा है कि यह घटना दो प्रतिद्वंद्वी गिरोहों के बीच झड़प का नतीजा थी। डर्बीशायर पुलिस ने कहा, हमें रविवार 20 अगस्त को शाम चार बजे के करीब सूचना दी गई कि एल्वास्टन लेन, अल्वास्टन में बड़े पैमाने पर भगदड़ मच गई है और हालात काबू में करने के लिए पुलिस की जरूरत है।

### 10 खिलाड़ियों से खेल रही वेस्ट हैम ने चेल्सी को 3-1 से दी शिकस्त

**लंदन।** प्रीमियर लीग में रविवार को 10 खिलाड़ियों से खेल रही वेस्ट हैम की टीम ने मजबूत चेल्स फुटबॉल क्लब को 3-1 से रौंद दिया। वेस्ट हैम की टीम लगभग 30 मिनट तक 10 खिलाड़ियों से खेली, लेकिन चेल्सी की टीम वापसी करने में नाकाम रही। इस हार ने चेल्सी के नवनियुक्त मैनेजर मॉरिशियो पोचेटिनो के जीत के इंतजार को और बढ़ा दिया है। पोचेटिनो के चेल्सी के मैनेजर बनने के बाद से टीम अभी तक एक भी मैच नहीं जीत पाई है। वेस्ट हैम के लिए सातवें मिनट में गोल करने वाले नाएफ अगुएर्ड को 67वें मिनट में रेड कार्ड मिला। इसके अलावा वेस्ट हैम के लिए मिचेल एंटोनियो ने 53वें और लुकस पकेटा ने इंजरी टाइम (90+5वें) में पेनल्टी पर गोल दागा। वहीं, चेल्सी के लिए कार्नी चुकवुएमेका ने 28वें मिनट में गोल किया। वेस्ट हैम के लिए वार्ड-प्रॉज ने पहले दो गोल का सेटअप तैयार किया। उन्होंने हाल ही में वेस्ट हैम ने साउथैम्पटन से साइन किया था। अगुएर्ड ने वार्ड के परफेक्ट कॉर्नर किक पर हेडर से बेहतरीन गोल दागा। सातवें मिनट में ही वेस्ट हैम ने 1-0 की बढ़त बना ली थी। इसके बाद चेल्सी के चुकवुकेमा ने 28वें मिनट में गोल कर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया था।

### चीन ब्रिक्स विस्तार प्रक्रिया का समर्थन करेगा

बीजिंग। चीन ब्रिक्स विस्तार प्रक्रिया का समर्थन करेगा और संगठन में नए भागीदारों के शीघ्र प्रवेश का स्वागत भी करेगा। चीन के विदेश मंत्रालय की प्रेस सेवा ने सोमवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से पहले कहा, चीन का हमेशा से मानना रहा है कि ब्रिक्स एक खुला और समावेशी तंत्र है, बीजिंग ब्रिक्स विस्तार प्रक्रिया का समर्थन करता है और अधिक समान विचारधारा वाले भागीदारों के ब्रिक्स बड़े परिवार में शीघ्र प्रवेश का स्वागत करता है। सम्मेलन 22 से 24 अगस्त तक जोहान्सबर्ग में आयोजित किया जाएगा। मंत्रालय ने यह भी कहा कि चीन अध्यक्ष देश के रूप में दक्षिण अफ्रीका के काम का समर्थन करने, संयुक्त रूप से विभिन्न ब्रिक्स कार्यक्रम आयोजित करने, ब्रिक्स सहयोग के गुणात्मक विकास को बढ़ावा देने और पूरे विश्व में शांति, स्थिरता और समृद्धि को मजबूत करने में अधिक योगदान देने के लिए ब्रिक्स भागीदारों के साथ काम करने के लिए तैयार है। जोहान्सबर्ग में होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में रूस, चीन, भारत, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका के नेताओं के भाग लेने की उम्मीद है।

# एशिया कप के लिये टीम में राहुल, अय्यर की वापसी

नयी दिल्ली। केएल राहुल और श्रेयस अय्यर ने अपनी-अपनी चोटों से उभरकर भारत की 17-सदस्यीय एशिया कप टीम में जगह बना ली है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोमवार को इसकी घोषणा की।

अय्यर जहां कमर की चोट और सर्जरी के रिहैब से गुज़र रहे थे, वहीं राहुल ने जांघ में चोट लगने के बाद सर्जरी करवाई थी।

राष्ट्रीय राजधानी में चयन समिति के अध्यक्ष अजीत आगरकर द्वारा घोषित 17 सदस्यीय एशिया कप टीम में बाएं हाथ के युवा बल्लेबाज तिलक वर्मा भी शामिल हैं, जिन्होंने अभी तक एकदिवसीय क्रिकेट नहीं खेला है।

आयरलैंड में चल रही टी20 सीरीज के जरिये अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करने वाले तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और प्रसिद्ध कृष्णा भी एशिया कप टीम में जगह बनाने में सफल रहे हैं। वेस्टइंडीज के पूरे दौरे के लिये आराम दिये जाने के बाद मोहम्मद शमी ने वापसी की, जबकि मोहम्मद सिराज, ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या और शार्दुल ठाकुर तेज गेंदबाजी आक्रमण को पूरा करते हैं।

आगरकर ने तिलक के चयन पर कहा, हमने वेस्टइंडीज में न केवल प्रदर्शन बल्कि स्वभाव के मामले में कुछ वास्तविक संभावनाएं देखीं। इससे हमें उसे टीम के साथ ले जाने का मौका मिला है। सौभाग्य से हम यहां 17 खिलाड़ी चुन सकते हैं। विश्व कप में यह संख्या घटकर 15 हो जायेगी। समय आने पर हम यह निर्णय लेंगे, लेकिन फिलहाल कोच और कप्तान के पास उन्हें टीम में शामिल करने का मौका है।




अनुभवी लेगस्पिनर युजवेंद्र चहल को टीम से बाहर कर दिया गया, जबकि कुलदीप यादव को एकमात्र कलाई के स्पिनर के रूप में प्राथमिकता दी गई। रवींद्र जडेजा और अक्षर पटेल स्क्वाड के दो वामहस्त स्पिनर हैं, जबकि टीम में कोई ऑफ स्पिनर शामिल नहीं है। भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, हमने एक ऑफस्पिनर के तौर पर (रविचंद्रन) अश्विन और वॉशी (वाशिंगटन सुंदर) के बारे में भी सोचा था लेकिन अभी आप देख रहे हैं कि चहल को बाहर होना पड़ा क्योंकि हम केवल 17 खिलाड़ियों को ही चुन सकते थे।

उन्होंने कहा, उन्हें तभी चुना जा सकता था जब कोई तेज़ गेंदबाज़ बाहर हो। हम ऐसा नहीं कर सकते क्योंकि अगले दो महीनों में तेज़ गेंदबाज़ बड़ी भूमिका निभाने वाले हैं। उनमें से कुछ लंबे समय के बाद वापस आ रहे हैं, इसलिए हम उन्हें अच्छी तरह से देखना चाहते थे।

टीम के दरवाजे किसी के लिये बंद नहीं हैं। कोई भी किसी भी समय आ सकता है। अगर हमें लगता है कि हमें विश्व कप के लिये चहल की जरूरत है, तो हम देखेंगे कि उन्हें कैसे ला सकते हैं। वॉशी या अश्विन के लिये भी यही बात लागू होती है।

राहुल के बाद दूसरे विकेटकीपर के तौर पर सैमसन की जगह ईशान किशन को चुना गया, हालांकि मुख्य चयनकर्ता अजीत आगरकर ने कहा कि राहुल अभी भी पूरी तरह फिट नहीं हैं इसलिए सैमसन एक अतिरिक्त खिलाड़ी के रूप में श्रीलंका जायेंगे।

अगरकर ने कहा, हमने इन 18 खिलाड़ियों को चुना है। (विश्व कप टीम) इन्हीं खिलाड़ियों के आसपास होगी। कुछ अहम खिलाड़ी चोट से उभरकर वापस आ रहे हैं। उम्मीद है कि उनके साथ सब कुछ अच्छा होगा। उनके पास अब एशिया कप में कुछ मैच हैं और बेंगलुरु में एक छोटा शिविर है, जिसके बाद हम विश्व कप टीम की घोषणा करने से पहले कुछ मैच खेलेंगे, लेकिन यह बिल्कुल स्पष्ट है कि टीम काफी हद तक ऐसी ही होगी।

## विश्व चैंपियनशिप : प्रणय, लक्ष्य दूसरे दौर में पहुंचे

कोपेनहेगन। स्टार भारतीय शटलर एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन ने सोमवार को अपने-अपने पुरुष एकल मुकाबले जीतकर बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप के दूसरे दौर में प्रवेश किया।

विश्व के नंबर नौ शटलर प्रणय ने फिनलैंड के कैले कोलजोनेन को 43 मिनट में 24-22, 21-10 से मात दी। लक्ष्य ने 25 मिनट में मॉरिशस के जूलियन पॉल को 21-7, 21-12 से हराया।

दूसरे चरण में प्रणय का सामना इंडोनेशिया के ड्वि वार्डोयो से होगा, जबकि लक्ष्य जॉर्डन के बहाएदीन अलशानिक या कोरिया के जियोन एच जे में से किसी एक से भिड़ेंगे। कोलजोनेन ने प्रणय के खिलाफ पहले गेम में तेज़ी से 8-4 की बढ़त बनाकर



मैच की शुरुआत की, हालांकि भारतीय खिलाड़ी ने लगातार सात पॉइंट अर्जित करते हुए ब्रेक तक 11-8 की बढ़त बना ली।

ब्रेक के बाद दोनों खिलाड़ियों के बीच दिलचस्प प्रतिस्पर्धा देखने को मिली और लंबी खींचातानी के बाद फिनलैंड के खिलाड़ी ने 20-17 पर गेम पॉइंट हासिल कर लिया। प्रणय ने इस समय धैर्य दिखाया और तीनों गेम पॉइंट बचाकर स्कोर बराबर कर दिया।

## जोकोविच ने जीता करियर का 39वां मास्टर्स 1000

मेसन। सर्बिया के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी और 23 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच ने सिनसिनाटी ओपन के रोमांचकारी फाइनल में स्पेन के कार्लोस अल्काराज़ को हराकर अपने करियर का 39वां एटीपी मास्टर्स 1000 खिताब जीत लिया है।

विश्व नंबर दो जोकोविच ने रविवार को खेले गये फाइनल में पिछड़कर वापसी करते हुए विश्व नंबर एक अल्काराज़ को 5-7, 7-6(7), 7-6(4) से मात दी। सर्बिया के 36 वर्षीय जोकोविच सिनसिनाटी ओपन का खिताब जीतने वाले सबसे वरिष्ठ खिलाड़ी हैं।

जोकोविच पहला सेट गंवाने के बाद दूसरे सेट में भी सिनसिनाटी की गर्मी के कारण संघर्ष कर रहे थे। जोकोविच दूसरे सेट में 5-6 से पिछड़कर फाइनल हारने की कगार पर थे, लेकिन उन्होंने शानदार वापसी



करते हुए तीन घंटे और 49 मिनट में दूसरी बार सिनसिनाटी ओपन का खिताब हासिल किया।

जोकोविच ने जीत के बाद कहा, इस जीत को बयान करना कठिन है। निश्चित रूप से यह मेरे जीवन में अब तक खेले गये सबसे कठिन मैचों में से एक है, चाहे कोई भी टूर्नामेंट हो, कोई भी वर्ग हो, कोई भी स्तर हो, कोई भी खिलाड़ी हो। शुरुआत से अंत तक हम दोनों इतने सारे उतार-चढ़ाव, खराब खेल, हीट स्ट्रोक और वापसी से गुजरे हैं।

उन्होंने कहा, कुल मिलाकर, यह अब तक के सबसे कठिन और सबसे रोमांचक मैचों में से एक है जिनका मैं हिस्सा रहा हूं। ये ऐसे क्षण और मैच हैं जिनके लिए मैं दिन-ब-दिन काम करना जारी रखता हूं।

अलकराज भले ही अब भी एटीपी रैंकिंग में शीर्ष पर बने हुए हैं, लेकिन जोकोविच 28 सितंबर से शुरू होने वाले अमेरिकी ओपन में उनसे केवल 20 अंक पीछे रहकर प्रवेश करेंगे।

अल्काराज़ ने ट्रॉफी समारोह के दौरान जोकोविच से कहा, आपके खिलाफ खेलना, आपके साथ कोर्ट साझा करना, आपसे सीखना अद्भुत है। यह मैच वास्तव में करीबी था, लेकिन मैंने आप जैसे चैंपियन से बहुत कुछ सीखा। इसलिए आपको और आपकी टीम को बधाई।

यह जोकोविच और अल्काराज़ के बीच चौथा मुकाबला था और दोनों ने दो-दो बार जीत हासिल की है। जोकोविच ने इस प्रतिद्वंदिता पर कहा, यह प्रतिद्वंदिता बेहतर ही होती जा रही है। (अल्काराज़) शानदार खिलाड़ी है। इतनी कम उम्र में इस तरह के मौकों पर इतना अच्छा खेलना शानदार है।

# किमजोंग की मौजूदगी में क्रूज मिसाइल का परीक्षण



तानाशाह किम जोंग उन की मौजूदगी में नॉर्थ कोरिया ने क्रूज मिसाइल का परीक्षण किया है। सोमवार को इसकी जानकारी नॉर्थ कोरिया के स्टेट मीडिया ने दी है। रिपोर्ट के मुताबिक नेवी शिप से क्रूज मिसाइल को टेस्ट फायर किया गया। माना जा रहा है कि ये मिसाइल न्यूक्लियर वॉरहेड को ले जाने में सक्षम है।

नॉर्थ कोरिया के क्रूज मिसाइल परीक्षण की जानकारी उस समय आई है, जब अमेरिका और साउथ कोरिया अपना सालाना युद्धाभ्यास कर रहे हैं। इस युद्धाभ्यास को नॉर्थ कोरिया हमले की तैयारी के तौर पर देख रहा है। इसके अलावा किम ने एक पेट्रोल शिप पर सवार होकर नौसेना के हथियारों और लड़ाई की तैयारियों का जायजा भी लिया।

### कैंप डेविड में मिले अमेरिका, जापान और साउथ कोरिया

3 दिन पहले ही अमेरिका, जापान और साउथ कोरिया के नेताओं की कैंप डेविड समिट के दौरान मुलाकात हुई है। इस मुलाकात में तीनों देशों के बीच नॉर्थ कोरिया की ओर से लगातार बढ़ रहे मिसाइल और परमाणु खतरे को लेकर बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस पर आपसी सहयोग को लेकर सहमति बनी है।

KCNA की रिपोर्ट के मुताबिक ने मिसाइल ने अपने टारगेट को हिट किया। जो शिप की तैयारी और हमले की क्षमता को दिखाता है। एजेंसी की तरफ से जारी की गई फोटोज में किम को एक पेट्रोल शिप के ऊपर खड़े होकर मिसाइल टेस्ट को देखते हुए देखा जा सकता है।

## ये परमाणु हमला करने में सक्षम

### नौसैनिकों को मानसिक रूप से मजबूत रहने को कहा

KCNA के मुताबिक किम ने कहा कि वह नेवी के लिए पॉवरफुल वॉरशिप बनाने के साथ ही शिपबोर्ड और अंडरवाटर वेपन सिस्टम को मॉडर्न बनाने के लिए अपने प्रयासों में तेजी लाएंगे। किम ने नौसेनिकों को मानसिक और वैचारिक रूप से मजबूत रहने को कहा है।

नॉर्थ कोरिया की तरफ से मिसाइल टेस्ट को लेकर जारी की गई रिपोर्ट पर साउथ कोरिया के जॉइंट चीफ ऑफ स्टाफ ने कहा कि मिसाइल टेस्ट की रिपोर्ट को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गया है और फैक्ट की कमी है। उन्होंने आगे कहा कि साउथ कोरिया की सेना, नॉर्थ कोरिया की तरफ से किसी भी प्रकार की उकसावे की कार्रवाई से निपटने के लिए तैयारी को बरकरार रखेगी।

सियोल की ईवा यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर लीइफ एरिक एसले के मुताबिक नार्थ कोरिया की क्रूज मिसाइल टेक्नोलॉजी में भले ही पीछे हो पर फिर भी ये एक खतरा साबित हो सकती है। हाल ही में किया गया परीक्षण, किम के शासन को किसी भी प्रकार का खतरा होने पर साउथ कोरिया पर अलग-अलग ओर से हमले के इरादों को दिखाता है।

नार्थ कोरिया के बैलिस्टिक मिसाइल परीक्षण पर ह ने प्रतिबंध लगा रखा है पर इसके क्रूज मिसाइल परीक्षण पर किसी तरह का बैन नहीं है। फिर भी इनसे खतरा बना हुआ है क्योंकि ये मिसाइल रडार से बचने के लिए कम ऊंचाई पर उड़ते है।

## ब्रिटेन में बच्चों को मारने वाली नर्स को उम्र कैद

### 7 बच्चों की जान लेनी वाली लूसी कोर्ट में पेश नहीं हुई, गैरमौजूदगी में सजा का ऐलान

**लंदन।** ब्रिटेन के मैनचेस्टर क्राउन कोर्ट ने 7 बच्चों की जान लेने वाली नर्स को उम्रकैद सुनाई है। इस नर्स का नाम लूसी लेटबी है। सोमवार को कोर्ट की कार्रवाई शुरू होने पर जज जस्टिस गॉस ने कहा- लेटबी ने अदालत आने से इनकार कर दिया है। लिहाजा, दोषी की गैरमौजूदगी में ही सजा का ऐलान किया जाएगा। इसके बाद सजा का ऐलान किया गया।

लेटबी को काउटेंस ऑफ चेस्टर हॉस्पिटल में 7 बच्चों की हत्या का दोषी पाया गया था। इसके अलावा 6 बच्चों को कत्ल करने की कोशिश का आरोप भी साबित हो चुका है। सभी घटनाएं जून 2015 से जून 2016 के बीच अंजाम दी गईं। लेटबी के खिलाफ भारतीय मूल के डॉक्टर रवि जयराम भी गवाह थे।

जस्टिस गॉस ने आदेश दिया है कि लूसी को उन विक्टिम्स के बयानों की



कॉपी सौंपी जाएगी, जिन्होंने अदालत के सामने बयान दर्ज कराए हैं और जिनके आधार पर सजा का ऐलान किया गया है।

'द गार्डियन' की रिपोर्ट के मुताबिक- लूसी को उसके जुर्मों की सजा उम्रकैद के तौर पर ही मिलनी थी। जिस तरह के संगीन जुर्म उसने किए हैं, उनकी मिसाल ब्रिटेन के मॉर्डन हिस्ट्री में नहीं मिलती। लूसी ब्रिटेन की सिर्फ तीसरी ऐसी महिला है जिसे बाकी उम्र सलाखों के पीछे गुजारनी होगी। जस्टिस गॉस ने फैसले में 'होल लाइफ ऑर्डर' शब्द का इस्तेमाल किया है। इसके मायने ये हैं कि 33 साल की लूसी की डेड बॉडी ही अब जेल से बाहर आएगी।

हालांकि, ब्रिटिश के क्रिमिनल लॉ में ऐसी कई व्यवस्थाएं हैं, जिनके आधार पर दोषी को वक्त से पहले भी रिहाई मिल सकती है। कई मामलों में मेंटल हेल्थ और गंभीर बीमारी के आधार पर कुछ कैदियों को रिहा किया गया है। इसका आधार ह्यूमैनिटी यानी मानवता होता है।

अदालत के फैसले में कहा गया- तमाम कत्ल सोची-समझी साजिश के तहत अंजाम दिए गए। लेटबी खुद उस सेक्शन में ड्यूटी करना चाहती थी, जहां जुड़वां या इससे ज्यादा बच्चे रखे जाते थे। इनमें से ज्यादातर गंभीर तौर पर बीमार थे। इसमें कोई शक नहीं कि लूसी ब्रिटेन के इतिहास की सबसे खतरनाक चाइल्ड किलर है। उसके जुर्म बयान करना भी मुश्किल है।

### चीन में भारी बारिश के बाद छह लोग लापता

चेंगदू। दक्षिण पश्चिम चीन के सिचुआन प्रांत के एक गांव में सोमवार तड़के भारी बारिश के बाद छह लोगों की लापता है जिनकी तलाश की जा रही है। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सोमवार सुबह लगभग पांच बजे भारी बारिश के कारण जिनयांग काउंटी के डेंगचांग गांव में एक नदी के किनारे राजमार्ग निर्माण स्थल पर प्राकृतिक आपदा आ गई। जिससे साइट पर काम करने वाले लोग लापता हो गए। स्थानीय सरकार की प्रारंभिक जांच के अनुसार साइट पर 85 लोग थे जिसमें 79 लोगों को बचा लिया गया है, लेकिन बाकी लोगों की तलाश अब भी जारी है। घटना के बाद जिनयांग काउंटी ने एक प्रतिक्रिया टीम का आयोजन किया है जिसमें खोज और बचाव प्रयासों के लिए जिम्मेदार 500 से अधिक लोग शामिल हैं और साइट पर जोखिम जांच और निगरानी बढ़ा दी गई है।

### फिलिस्तीनी हमलावर की गोलीबारी में इजरायली महिला की मौत, अन्य घायल

जेरुसलेम। इजरायल के कब्जे वाले वेस्ट बैंक में फ़िलिस्तीनी हमलावर के हमले से एक इज़रायली महिला की मौत हो गई और एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। इज़रायली सेना ने सोमवार को यह जानकारी दी। सेना ने अपने बयान में कहा कि हेब्रोन के वेस्ट बैंक शहर के दक्षिण में बेत हागई की यहूदी बस्ती के बाहर कार चलाते समय हमलावर ने दंपत्ति को गुजरती गाड़ी से गोली मार दी, जिसमें उनकी मौत हो गई। इज़राइल की मैगन डेविड एडोम बचाव सेवा ने एक बयान में कहा, गोली लगने के बाद महिला (40) की मौके पर ही मौत हो गयी। और एक अन्य व्यक्ति को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया। इज़राइल के सरकारी स्वामित्व वाले कान टीवी समाचार के अनुसार, कार में एक छह वर्षीय बालिका भी थी, लेकिन उसे कोई चोट नहीं आई। सेना ने कहा कि संदिग्ध की तलाश जारी है और क्षेत्र में नाकाबंदी कर दी गई है। गौरतलब है कि यह घटना वेस्ट बैंक में इजरायलियों और फिलिस्तीनियों के बीच बढ़ते तनाव के बीच हुई। शनिवार को फ़िलिस्तीनी शहर हवारा के पास एक कारवॉश में एक इज़रायली पिता और उसके पुत्र की गोली मारकर हत्या कर दी गई। यह हत्या गुरुवार को उत्तरी वेस्ट बैंक के जेनिन शहर में इजरायली सैन्य हमले के बाद हुई, जिसके दौरान इजरायली बलों ने एक फिलिस्तीनी आतंकवादी को मार डाला और एक स्वास्थ्य कार्यकर्ता को गोली मार दी।

### दक्षिण अफ्रीका को ब्रिक्स बैंक से पांच अरब डॉलर से अधिक प्राप्त

ब्लॉमफोन्टेन। दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा ने रविवार को कहा कि उनके देश को सड़क, जल आपूर्ति और ऊर्जा के निर्माण के लिए ब्रिक्स देशों द्वारा बनाए गए न्यू डेवलपमेंट बैंक से 100 अरब रैंड (5.27 अरब डॉलर) प्राप्त हुए। रामफोसा ने ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से पहले राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा, दक्षिण अफ्रीका को 2015 में ब्रिक्स देशों द्वारा स्थापित किए गए न्यू डेवलपमेंट बैंक से लाभ हुआ है। हमारे देश को सड़क, पानी और ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में 100 अरब रैंड के मूल्य की कई बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में बैंक द्वारा वित्त पोषित किया गया है। राष्ट्रपति ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका अन्य ब्रिक्स देशों के साथ व्यापार और निवेश संबंधों को मजबूत कर रहा है। इसके अलावा, प्रौद्योगिकी, सुरक्षा और नवाचार जैसे क्षेत्रों में सहयोग कर रहा है। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन 22-24 अगस्त तक जोहान्सबर्ग में आयोजित किया जाएगा। इसमें रूस, चीन, भारत, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका के नेताओं के भाग लेने की उम्मीद है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के वीडियो लिंक के माध्यम से शिखर सम्मेलन में भाग लेने की उम्मीद है।

### थाईलैंड की फू थाई पार्टी ने नयी सरकार के लिए 14 पार्टियों के गठबंधन घोषणा की

बैंकॉक। थाईलैंड संसद में देश की दूसरी सबसे बड़ी पार्टी फू थाई पार्टी ने नयी सरकार बनाने के लिए 14 पार्टियों का गठबंधन बनाने की घोषणा की है। चौदह थाई राजनीतिक दलों के नेताओं और प्रतिनिधियों की प्रेस कॉन्फ्रेंस का थाई पीबीएस वर्ल्ड समाचार आउटलेट द्वारा सीधा प्रसारण किया गया। आउटलेट की ओर से प्रकाशित 14 पार्टी गठबंधन के एक संयुक्त बयान के अनुसार फू थाई के नेतृत्व वाले नए गठबंधन में वे पार्टियां शामिल हैं जो पिछली संसद में फू थाई के साथ विपक्षी गुट का हिस्सा थीं। साथ ही वे पार्टियां भी शामिल हैं जो पिछले सत्तारूढ़ गठबंधन का हिस्सा थीं। बयान में कहा गया है कि गठबंधन ने मंगलवार को संसद के दोनों सदनों के संयुक्त मतदान में देश के अगले प्रधान मंत्री के रूप में फू थाई द्वारा नामित श्री श्रेथा थाविसिन का समर्थन करने की योजना बनाई है। फू थाई पार्टी के नेता चोलनान श्रीकेव से एक संवाददाता सम्मेलन में जब पत्रकारों ने उनसे पूछा कि पार्टी प्रधानमंत्री के चुनाव में डिप्टी और सीनेटरों के वोटों की संख्या पर भरोसा कर रही है तो उन्होंने कहा,हमारे पास जीतने के लिए पर्याप्त बहुमत है। थाई संसद के निचले, निर्वाचित सदन में 500 सांसद होते हैं जबकि ऊपरी नियुक्त सीनेट में 250 सीनेटर होते हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

## शार्ट न्यूज

### नागपंचमी के त्यौहार पर देर रात्रि तक बिजली गायब

रमेश कुमार शर्मा/गौरवशाली भारत

**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** जनपद बलरामपुर के रेहरा विकास खंड अंतर्गत अचलपुर चौधरी पवार हाउस पर देर रात्रि तक बिजली गायब। जबकि नागपंचमी का त्यौहार होने पर भी जनता को नहीं मिली बिजली। योगी सरकार का फरमान है कि त्योहारों पर बिजली कटौती पूर्ण मिले। लेकिन बिजली विभाग की मनमानी से सब हवा हवाई साबित हो रहा है। इस उमस भरी गर्मी में लोगों का जीना मुहाल हो रहा है। अचलपुर चौधरी पवार हाउस पर रोस्टिंग के नाम पर बार बार कटौती की जा रही है। दिन में बिजली आंख मिचौली का खेल खेल रही थी। पर दोपहर के बाद से बिजली पूर्ण रूप से नदारद रही। इस उमस भरी गर्मी में महिलाएं बच्चे गर्मी से बिलखते नजर आए।

### शिवशक्ति के द्वार शिवद्वार में उमड़ी भीड़ , लगा कांवड़ियों का रेला जलाभिषेक को



**सोनभद्र ।** द्वितीय काशी – दक्षिण काशी के नाम से अभिधानित विंध्याचल मण्डल के प्रमुख शैवसाधना केंद्र सोनभद्र के शिवद्वार धाम में काँवड़ यात्रियों का इस सोमवार को भी लगा रहा रेला जलाभिषेक करने को। प्रशासनिक आंकड़ों पर गौर करें तो बकौल क्षेत्राधिकारी पुलिस अमित कुमार के , उषाकाल भोर 4 बजे आरती के पश्चात दर्शनार्थियों – कांवड़ियों के लिए खुले कपाट और प्रात: 6 बजे तक 4 हजार दर्शनार्थियों – कांवड़ियों ने दर्शन – पूजन एवं जलाभिषेक किये थे । दिन भर तांता लगा रहा धर्मप्राण श्रद्धालुओं का । नागपञ्चमी और सोमवार 21 अगस्त के यह सुखद सम्मिलन रहा और संध्या वेला तक पच्चीस हजार भक्त – साधकों के दर्शन – पूजन की संख्या अनुमानित रही। पुलिस प्रशासन , चिकित्सा, पेयजल आदि की चाक–चौबंद रही व्यवस्था। इसबार अधिमास के चलते आठ सोमवार सावन में हैं और इसके मद्देनजर प्रशासनिक अमला पूरी तरह मुस्तैद है।

### धूमधाम से निकली महाकालेश्वर की सातवी सवारी

**उज्जैन।** मध्यप्रदेश के उज्जैन में प्राचीन परंपरा अनुसार श्रावण एवं भादौ माह में निकलने वाली भगवान महाकालेश्वर की सवारी के क्रम में आज श्रावण माह में सातवी सवारी धूमधाम से निकली। भगवान श्री चन्द्रमौलेश्वर पालकी में सवार होकर निकले। सवारी के निकलने के पूर्व सभामंडप में सर्वप्रथम भगवान श्री चन्द्रमौलेश्वर का षोडशोपचार से पूजन–अर्चन किया गया। इसके पश्चात भगवान की आरती की गई। पूजन–अर्चन मुख्य पुजारी पं. घनश्याम शर्मा द्वारा संपन्न कराया गया। भगवान श्री चन्द्रमोलेश्वर पालकी में सवार होकर अपनी प्रजा का हाल जानने और भक्तों को दर्शन देने के लिए नगर भ्रमण पर निकले। पालकी जैसे ही श्री महाकालेश्वर मंदिर के मुख्य् द्वार पर पहुंची सशस्त्र पुलिस बल के जवानों द्वारा पालकी में सवार श्री चन्द्रमोलेश्वर को सलामी (गार्ड ऑफ ऑनर) दी गयी। सवारी मार्ग में स्थान–स्थान पर खडे श्रद्धालुओं ने जय श्री महाकाल के घोष के साथ उज्जैन नगरी के राजा भगवान श्री महाकालेश्वर का स्वागत कर पुष्पवर्षा की। निर्धारित मार्ग से होकर सवारी रामघाट पर पहुंची।

### एक वर्ष में बहनों के खातों में पहुंचेंगे 15 हजार करोड़ रूपये : शिवराज

शिवपुरी। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि लाड़ली बहना योजना में सवा करोड़ बहनों के खाते में राज्य सरकार हर माह एक हजार रूपए डाल रही है। एक वर्ष में बहनों के खातों में 15 हजार करोड़ रूपए पहुंचेंगे। चौहान ने आज जिले की पिछोर तहसील मुख्यालय पर आयोजित हुए लाड़ली बहना सम्मेलन में संबोधित कर रहे थे। सम्मेलन में उनके साथ केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे।मुख्यमंत्री ने कहा कि माताओं–बहनों के चेहरे पर मुस्कान लाने की योजना है लाड़ली बहना योजना। लाड़ली बहना योजना में एक हजार रूपये की राशि को धीरे–धीरे बढ़ाकर 3000 रूपये प्रतिमाह तक किया जायेगा। उन्होंने कहा कि जन भावनाओं को ध्यान में रखते हुए पिछोर को जिला बनाने की मांग पर गंभीरता से विचार किया जायेगा। मध्यप्रदेश सरकार जनता के कल्याण के लिये कार्य कर रही है। महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में लाड़ली लक्ष्मी योजना और अब लाड़ली बहना योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। किसानों को सिंचाई के लिये पानी उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है।

### थानाध्यक्ष नंदकिशोर यादव हत्याकांड में चार कुख्यात अपराधी गिरफ्तार

समस्तीपुर। बिहार में समस्तीपुर जिले के उजियारपुर थाना क्षेत्र के शहबाजपुर गांव में पिछले दिन मोहनपुर ओपी थानाध्यक्ष नन्दकिशोर यादव की हुई नृशंस हत्या के मामले में विशेष जांच दल (एसआईटी) की टीम ने अंतर जिला पशु तस्कर गिरोह के चार कुख्यात अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक विनय तिवारी ने सोमवार को समस्तीपुर जिले के शहबाजपुर स्थित घटनास्थल पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि इस चर्चित थानाध्यक्ष हत्याकांड में शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए अलग–अलग तीन एसआईटी टीमों का गठन किया गया था। उन्होंने बताया कि टीम ने समस्तीपुर समेत विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर हत्याकांड में शामिल चार मोस्ट वांटेड अपराधियों को गिरफ्तार किया और उसके पास से थानाध्यक्ष नन्दकिशोर यादव हत्या में उपयोग की गई देशी कट्टा समेत दो पिस्टल बरामद किया।

# सफदरजंग अस्पताल की बीएमटी यूनिट में सफल हुआ पहला बोन मैरो ट्रांसप्लांट





नई दिल्ली। वीएमएमसी और सफदरजंग अस्पताल की चिकित्सा अधीक्षक डॉ. वंदना तलवार ने सफदरजंग अस्पताल की बीएमटी यूनिट में पहले सफल बोन मैरो ट्रांसप्लांट की घोषणा की। यूनिट का उद्घाटन इस साल जून के महीने में किया गया था। बीएमटी यूनिट प्रभारी डॉ. कौशल कालरा और डॉ. सुमिता चौधरी ने कहा कि यह चिकित्सा अधीक्षक डॉ. वंदना तलवार, डॉ. पीएस भाटिया, अतिरिक्त एमएस और बीएमटी टीम के सदस्यों डॉ. मुकेश नागर के पूर्ण सहयोग से किया गया था। डॉ अंकुर और डॉ अदिति के साथ डॉ जेएम खुंगर एचओडी हेमेटोलॉजी और डॉ सुनील रंगा, एचओडी ब्लड बैंक और अन्य स्टाफ सदस्य।

डॉ. वंदना तलवार ने कहा कि यह सभी केंद्रीय सरकारी अस्पतालों में पहला है।

यह सुविधा मल्टीपल मायलोमा, लिंफोमा और अन्य हेमेटोलॉजिकल मैलिग्नेंसी वाले रोगियों के लिए एक जीवन रक्षक प्रक्रिया है। डॉ. तलवार ने कहा कि निजी सेटअप में बोन मैरो ट्रांसप्लांट की लागत लगभग 10–15 लाख होती है, लेकिन सफदरजंग अस्पताल में यह नगण्य लागत पर किया जाता है। डॉ. कालरा के अनुसार, बीएम ट्रांसप्लांट का मामला मल्टीपल मायलोमा से पीड़ित 45 वर्षीय महिला का था, जो ऑटोलॉगस बोन मैरो ट्रांसप्लांट की प्रक्रिया से गुजरी थी। साइटोटॉक्सिक दवा डालने से पहले अपने शरीर की स्टेम कोशिकाओं को संरक्षित किया जाता है और संरक्षित स्टेम कोशिकाओं को फिर से तैयार किया जाता है। रोगियों के शरीर में डाला गया। रोगी की अस्थि मज्जा में स्टेम कोशिकाओं के प्रत्यारोपण में लगभग 12 दिन लगते हैं। पिछले दो सप्ताह की अवधि रोगी के लिए महत्वपूर्ण थी क्योंकि उसकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर थी और संक्रमण का खतरा था। मरीज को 1 अगस्त 2023 को भर्ती कराया गया था और 5 अगस्त 2023 को अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण किया गया था। अब मरीज पूरी तरह से ठीक हो गया है और सफदरजंग अस्पताल से छुट्टी के लिए तैयार है।

# 'इंडिया' से घबरायी है भाजपा : अखिलेश

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोमवार को कहा कि विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) घबरायी हुयी है और वह किसी भी हद तक साजिश एवं षडयंत्रों का सहारा ले सकती है। कार्यकर्ताओं को इनसे सावधान रहने की जरूरत है।

इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में पिछड़े समाज के एक दिवसीय महासम्मेलन को सम्बोधित करते हुये उन्होने कहा हम कभी पिछड़े नहीं थे। साजिशों से हमारा समाज पिछड़ा बना दिया गया हैं, लेकिन अब पिछड़ा और दलित समाज जागरूक हुआ है। अपने अधिकारों की मांग कर रहा है। हर क्षेत्र में आगे आ रहा है इसीलिए भाजपा घबराई हुई है और वह किसी भी हद तक साजिश और षडयंत्र कर सकती है। भाजपा से सावधान रहना होगा। सम्मेलन में पूरे प्रदेश से मौर्य, कुशवाहा, शाक्य, सैनी समाज के विधायक, पूर्व विधायक, पदाधिकारी, नेता और प्रतिनिधि मौजूद रहे। उन्होने कहा कि इस समाज का अतीत और इतिहास ऐसा है कि यह कभी पिछड़ा नहीं था। लेकिन हजारों साल पहले हुई साजिश के कारण पिछड़ गया। यह लड़ाई हजारों साल की है खत्म नहीं हुई, अभी जारी है। सामाजिक न्याय की लड़ाई बड़ी है। जातीय जनगणना सामाजिक न्याय की लड़ाई की अगली कड़ी है। समाजवादी लोग लम्बे समय से जातीय जनगणना की मांग कर रहे हैं। लोकसभा में नेताजी मुलायम सिंह यादव, शरद यादव और लालू प्रसाद यादव जी समेत दक्षिण भारत के नेताओं ने मांग की थी और उस समय की सरकार ने जातीय जनगणना कराने के लिए स्वीकार किया था। लेकिन आंकड़े नहीं जारी हुए थे। यादव ने कहा कि समाजवादी लोग चाहते हैं कि जातीय जनगणना हो, और सभी जातीयों को उनकी आबादी के अनुपात में हक और सम्मान मिले। लेकिन जिनकी संख्या आबादी में बहुत कम है वही जातीय जनगणना नहीं होने देना चाहते हैं।

# मुर्मु ने दिया जल के कुशल प्रबंधन की जरूरत पर बल



नयी दिल्ली। राष्ट्रपति दौपदी मुर्मु ने सोमवार को केन्द्रीय जल अभियांत्रिकी सेवा के अधिकारियों से जल संसाधनों के स्वस्थ विकास और जल के कुशल प्रबंधन की आवश्यकता पर बल दिया। राष्ट्रपति ने कहा कि जल सुरक्षा और आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है।

मुर्मु सोमवार को इस सेवा के अधिकारियों के एक दल को राष्ट्रपति भवन में संबोधित कर रही थी। यह दल उनसे मिलने आया था।

राष्ट्रपति सचिवालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार राष्ट्रपति ने इन अधिकारियों से कहा कि जल संसाधन प्रबंधन सभी पीढ़ियों के लिए महत्वपूर्ण एवं चुनौतीपूर्ण कार्य रहा है। उन्होंने कहा, 'जल अभियांत्रिकी सेवा के अधिकारियों का योगदान देश प्राकृति और मानव निर्मित जल संकट से निपटने के लिए अधिक सशक्त बना सकता है।' मुर्मु ने कहा कि जल संसाधनों के टिकाऊ विकास और जल का कुशल प्रबंधन जल सुरक्षा और आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने यह भी कहा कि आर्थिक विकास में वृद्धि और बढ़ते शहरीकरण व विकास के साथ, उपलब्ध संसाधनों के अधिकतम उपयोग की आवश्यकता होगी।

उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन के बदलते रुझान ने पहले ही जल क्षेत्र को प्रभावित करना शुरू कर दिया है ऐसे में जल अभियांत्रिकी सेवा के अधिकारियों से मौजूदा और आगामी चुनौतियों से निपटने के लिए समग्र दृष्टिकोण अपनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की अपेक्षा है।

# सद्भावना दिवस पर 'शिखर' को मिला सावित्री बाई फुले आइडल साहित्यिक अवार्ड

## कैबिनेट मिनिस्टर बबी रानी मौर्या एवं विशिष्ट अतिथियों ने राष्ट्रीय सेमिनार में किया सम्मानित



**सोनभद्र ।** शिक्षा – साहित्य एवं कला में वित्तीय साक्षरता का महत्व एवं चुनौतियां विषयक राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित रहा ऐतिहासिक नगरी आगरा में जहां होटल में बतौर मुख्य अतिथि बेबी रानी मौर्या, कैबिनेट मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार एवं पूर्व राज्यपाल उत्तराखंड के कर कमलों से हुआ उद्घाटित तद्विषयक सेमिनार । कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्या ने वित्तीय साक्षरता के महत्व के क्रम में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने एवं स्वयं अपने बलबूते आय अर्जन करने हेतु प्रोत्साहित किया। सद्भावना दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि एवं सहअतिथियों द्वारा शिक्षा, साहित्य, कला एवं समाज सेवा में विशिष्ट योगदान हेतु विभिन्न विभूतियों को सम्मानित किया गया। सोनभद्र में एनटीपीसी में कार्यरत रहे वरिष्ठ साहित्यकारडॉ0 मिथिलेश कुमार श्रीवास्तव शिखर को साहित्य के क्षेत्र में विशेष योगदान हेतु सावित्री बाई फुले आइडल साहित्यिक अवार्ड से सम्मानित किया गया। सम्मान श्रृंखला में शिक्षा के क्षेत्र में एकलव्य टीचर्स अवार्ड, महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में किरण सुपर आयरन लेडी ग्लोबल अचीवर्स अवार्ड तथा समाज सेवा के क्षेत्र में डॉक्टर बी0 आर0 अंबेडकर नेशनल आगरा रन अवार्ड से विभिन्न विभूतियों को सम्मानित किया गया।

राष्ट्रीय सेमिनार के मुख्य विषय शिक्षा, साहित्य एवं कला में वित्तीय साक्षरता के महत्व एवं चुनौतियां विषय पर अपने–अपने विचार रखे उद्भट विद्वानों ने, जिसमें प्रमुख रूप से बतौर विशिष्ट अतिथि महेश चंद्र, उपसचिव गृह मंत्रालय (भारत सरकार), लक्ष्मी चंद्र गौतम, अवर सचिव, बाल विकास एवं महिला विकास मंत्रालय (भारत सरकार), राजेंद्र सिंह सिद्धू अवर सचिव, गृह मंत्रालय (भारत सरकार), आर0 के0 मेहरा, सचिव, लोक निर्माण विभाग (मध्य प्रदेश शासन) भोपाल, डॉ0 संदीप कुलश्रेष्ठ विभागाध्यक्ष, लॉ , एसआरएम यूनिवर्सिटी सोनीपत, डॉ0 एन0 शांति कोकिला, एबीबीएस महिला महाविद्यालय बेंगलुरु, कपूर चंद पूर्व न्यायाधीश, आगरा एवं डॉक्टर बीपी अशोक (आईपीएस) पुलिस अधीक्षक, एएमएफआई के एडवाइजर सूर्यकांत शर्मा के विचारों से सेमिनार के प्रतिभागी लाभान्वित हुए।

# ब्लॉक लेवल कंपटीशन में विभिन्न स्कूलों की छात्राओं ने लिया भाग

## कक्षा 6 से 8 तथा 9 से 12 की 69 बालिकाओं की सहभागिता

कपिल शर्मा । गौरवशाली भारत



**नाँगल चौधरी।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को ब्लॉक लेवल पर निबंध, पोस्टर मेकिंग व स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन प्राचार्य महावीर सिंह चंदेला की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से एबीआरसी सुमित्रा देवी और बीआरपी सीमा द्वारा कार्यक्रम का मार्गदर्शन किया गया।

इस कार्यक्रम में रा.व.मा. विद्यालय नाँगल चौधरी के दोनों स्कूल समेत शहबाज़पुर, न्यामतपुर, बुड़वाल गांवडी़ जाट, भुंगारका, अकबरपुर, बनियाड़ी गांव की राजकीय विद्यालय के विद्यार्थियों शामिल हुए। विभिन्न स्कूलों के 6 से 8 तथा 9 से 12 के 69 बच्चों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। इस प्रतियोगिता में एनसीसी ऑफिसर बृजेश कुमार, रामस्वरूप, हवा सिंह, दिनेश कुमार, शालिनी मंदीप, अन्जू और अशोक कुमार निर्णायक मण्डल में सम्मिलित रहे।

कक्षा 6 से 8 निबन्ध प्रतियोगिता में प्रथम पूजा नियामतपुर द्वितीय निशान्त राममलिकपुर तृतीय प्रीति कन्या व.मा0 विद्यालय नांगल चौधरी रही। कक्षा 9 से 12 निबन्ध प्रतियोगिता में प्रथम सुमिर नांगल चौधरी, द्वितीय काजल अकबरपुर तृतीय निशा भुंगार से रही। कक्षा 6 से 8 स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम कनिष्का नियामतपुर, द्वितीय नितिन नांगल चौधरी, तृतीय अंशिका शहबाजपुर रही।

कक्षा 9 से 12वीं में स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम वरुण नांगल चौधरी द्वितीय प्रिया बनिहारी तृतीय सानिया भूगारका रहे। कक्षा 6 से 8 में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम योगेश राममलिकपुर द्वितीय तमन्ना शहबाजपुर तृतीय चित्रा नांगल चौधरी रही। कक्षा 12वीं में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम त नांगल चौधरी द्वितीय अस्मान गांवडी जाट, तृतीय योगिता बुढ़वाल रही। इस अवसर पर बच्चों को प्रतियोगिता के लिए प्रेरित करते हुए मुख्तियार सिंह, शीशराम एवं अन्य विद्यालय अध्यापक उपस्थित रहे।

### टाइटलर की ओर से मांगे गये दस्तावेजों पर सीबीआई को जवाब देने का निर्देश

नयी दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने 1984 के सिख विरोधी दंगों से संबंधित मामले में दस्तावेज उपलब्ध कराये जाने की मांग को लेकर आरोपी कांग्रेस नेता जगदीश टाइटलर की याचिका पर सुनवाई के बाद केंद्रीय जांच ब्यूरो(सीबीआई) से जवाब तलब किया है। टाइटलर के वकील ने त्रुटिपूर्ण दस्तावेज उपलब्ध कराने की मांग करते हुए सीआरपीसी की धारा 207 और सीआरपीसी की धारा 91 के तहत एक आवेदन दायर किया। सीबीआई के लोक अभियोजक ने उपरोक्त आवेदन पर जवाब दाखिल करने के लिए कुछ समय मांगा। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) विधि गुप्ता आनंद ने मामले की सुनवाई के बाद अपने आदेश में कहा, सुनवाई की अगली तारीख तक दस्तावेजों की प्रति के साथ जवाब पेश किया जाये। न्यायालय ने कहा कि गत चार अगस्त को टाइटलर की जमानत बांड स्वीकार करने के बाद, मामले को दस्तावेजों की जांच/आगे की कार्यवाही के लिए 11 अगस्त को सूचीबद्ध किया था और अब आज कम प्रतियों की आपूर्ति के लिए स्थगित कर दिया गया है। एसीएमएम ने पहले आरोपपत्र पर संज्ञान लेने के बाद टाइटलर के खिलाफ अदालत में पेश होने के लिए समन जारी किया था। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश विकास ढुल ने पहले 4 अगस्त को टाइटलर की अग्रिम जमानत याचिका को एक लाख रुपये का जमानत बांड भरने और मामले से संबंधित सबूतों के साथ छेड़छाड़ नहीं करने सहित कुछ शर्तों के साथ अनुमति दी थी।

# यूपी रेरा ने आवंटी को विलम्ब ब्याज एवं इकाई का कब्जा सुनिश्चित कराया

लखनऊ । उत्तर प्रदेश रेरा कंसिलिएशन फोरम ने गाज़ियाबाद स्थित 'भारत सिटी 2' परियोजना के एक आवंटी को उनकी इकाई पर कब्जा और विलंब ब्याज देने में मदद की है।

अधिकृत सूत्रों ने सोमवार को बताया कि प्रोमोटर 'मेसर्स बी.सी.सी इंफ्रास्ट्रक्चर प्रा.लि.' की भारत दो परियोजना के आवंटी अजय कोहली को कब्जा और कब्जा मिलने में हुई देरी के लिए ब्याज प्राप्त हुआ। दोनों पक्षों के बीच हुए समझौते के अनुसार आवंटी को छह वर्ष बाद इकाई का कब्जा मिला, कब्जे में विलम्ब के कारण प्राप्त होने वाली ब्याज की राशि का समायोजन एक वर्ष के अग्रिम रख–रखाव शुल्क तथा इकाई का प्रथम हस्तांतरण नि:शुल्क करना और शेष राशि रुपये 75 हजार प्राप्त हुआ। विवाद का समाधान होने से सन्तुष्ट आवंटी ने उप्र रेरा के प्रयासों की सराहना की।

एग्रीमेन्ट फॉर सेल के अनुसार आवंटी ने प्रोमोटर की परियोजना में अप्रैल 2014 में एक इकाई बुक की थी। लगभग 27 लाख 54 हजार की लागत वाले इकाई के लिए आवंटी ने लगभग 26 लाख 14 हजार का भुगतान कर दिया था जिसका कब्जा अप्रैल 2017 में प्राप्त होना था।

लेकिन तय समय तक इकाई का कब्जा न मिलने, अंतिम मांग राशि तथा विलंबित अवधि के ब्याज का समाधान न प्राप्त होने पर आवंटी ने 2021 में उ.प्र. रेरा में शिकायत दर्ज की थी। सुनवाई में पारित आदेश आवंटी के पक्ष में आया था जिसका अनुपलान प्रोमोटर द्वारा किया जाना था ।

आवंटी ने पारित आदेश का कार्यान्विन सुनिश्चित करवाने हेतु पोर्टल पर ऑनलाइन आदेश का अनुपालन कराने का अनुरोध दर्ज किया था।

मामले में अग्रिम सुनवाई करते हुए प्राधिकरण को अवगत हुआ कि प्रोमोटर ने आवंटी को कब्जा देने का प्रस्ताव दिया था लेकिन शुल्कों का समायोजन नहीं किया था जिससे लिए आवंटी ने शुल्कों की गणना कराने तथा समझौते से समाधान कराने का अनुरोध किया था और इस प्रकार मामला कंसिलिएशन फोरम में आपसी सहमति से समझौते के लिये हस्तांतरित किया गया था।

### परियोजनाओं में अनियमितिता मिलने पर सहारनपुर जिला प्रशासन करेगा एफआईआर

सहारनपुर। सहारनपुर के जिलाधिकारी डॉ दिनेश चन्द्र ने कार्यदायी संस्थाओं को चेतावनी देते हुये सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के तहत निर्माणाधीन परियोजनाओं में अनियमितिता मिलने पर एफआइआर दर्ज करायी जायेगी। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में डा चंद्र ने पीएम जनविकास कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्माणाधीन नौ परियोजनाओं की समीक्षा की और कार्यदायी संस्थाओं को कडे निर्देश दिये गये कि निर्माणाधीन परियोजनाओं को जनपयोगी बनाते हुए पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि इन परियोजनाओं की जांच टीम गठित कर करायी जाए। अनियमित्ता पाये जाने पर संबंधित कार्यदायी संस्था पर एफआईआर दर्ज करायी जाएगी।

# 'ब्रिक्स बैठक में मोदी की जिनपिंग से मुलाकात के बारे में कुछ तय नहीं'



नयी दिल्ली। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ चीन के शीर्ष नेता शी जिनपिंग की द्विपक्षीय मुलाकात की संभावना के बारे में यहां विदेश मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि अभी तक इस बारे में कुछ भी तय नहीं है।

ब्रिक्स में नए सदस्य जोड़ने के बारे में भारत का कहना है कि 'वह इसके पक्ष में खुली सोच रखता है' पर इस बारे में कोई भी निर्णय समूह के नियम और सदस्यों की आम सहमति से ही लिया जा सकता है।

विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने प्रधानमंत्री की मंगलवार से शुरू हो रही दक्षिण अफ्रीका और यूनान की चार दिन की यात्रा के विषय में जानकारी देने के लिए आयोजित विशेष मीडिया ब्रीफिंग में श्री मोदी की चीन के राष्ट्रपति से मुलाकात की संभावनाओं के बारे में एक सवाल पर कहा, 'मैं केवल यही कह सकता हूं कि ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के सिलसिले में मेजबान दक्षिण अफ्रीका ने बड़ी संख्या में विभिन्न देशों को आमंत्रित कर रखा है। इस दौरान मोदी की वहां आने वाले नेताओं के साथ द्विपक्षीय मुलाकातों के कार्यक्रम को तैयार किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों के तय हो जाने पर आप को (मीडिया को) इसकी सूचना दे दी जाएगी।'

ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका की सदस्यता वाले ब्रिक्स समूह की 15वीं शिखर बैठक कल से जोहान्सबर्ग में शुरू हो रही है। वहां ब्रिक्स के संपर्क विस्तार कार्यक्रम के तहत 24 अगस्त को 'ब्रिक्स सम्पर्क सम्मेलन' और ब्रिक्स प्लस सम्मेलन के लिए अन्य देशों को भी आमंत्रित किया गया है। मोदी वहां से 25 अगस्त को यूनान की एक दिन की आधिकारक यात्रा पर एथेंस जाएंगे।

विदेश सचिव ने बंगलादेश के मामलों में अमेरिका की कथित 'ताजा विशेष रुचि पर भारत के रुख' के संदर्भ में प्रधानमंत्री शेख हसीना से जोहान्सबर्ग में मुलाकात की संभावना के संबंध में पूछे जाने पर भी कहा कि कार्यक्रम तय हो जाने पर ही इस संबंध में कोई जानकारी दी जा सकती है।

ब्रिक्स की सदस्यता के विस्तार से संबंधित एक सवाल पर विदेश सचिव ने कहा, ''सदस्यता विस्तार के संबंध में भारत की सोच सकारात्मक और खुली है। समूह की सदस्यता के नियम और शर्तें हैं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि इस पर ब्रिक्स सेरपाओं की बैठक में तकनीकी चर्चाएं हो रही है और ब्रिक्स में निर्णय 'सर्वसम्मति ' से लिए जाते हैं।

एक अन्य सवाल के जवाब में श्री क्वात्रा ने कहा कि ब्रिक्स देशों के बीच आंतरिक व्यापार में सदस्य देशों के प्रयोग को बढ़ाने की तो बात है पर साझा मुद्रा लागू करने का विचार नहीं है। उन्होंने कहा 'साझा मुद्रा एक अलग अवधारणा है।' ऐसा समझा जाता है कि 40 से अधिक देश ब्रिक्स की सदस्यता की इच्छा प्रकट कर चुके हैं और 23 देशों ने आवेदन कर रखा है।

उन्होंने यह भी कहा कि संयुक्त अरब अमीरात के साथ द्विपक्षीय व्यापार में लेन देन राष्ट्रीय मुद्राओं (रुपया–दिरहम) में किए जाने की शुरुआत हो चुकी है। इस मॉडल की प्रगति के साथ भारत इसे दूसरे देशों के साथ भी अपनाने पर विचार कर सकता है।